# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


haribhoomi.com भोपाल, गुरुवार 21 अगस्त 2025


## ऐसे पुलिस पहुंची तेजेंदर व सारांश जैन तक

*अर्चना तिवारी की तलाश के लिए रेलवे पुलिस ने अलग-अलग स्टेशनों के करीब दो हजार से अधिक कैमरों के फुटेज खंगाल डाले। तब जाकर पुलिस तेजेंदर और सारांश जैन तक पहुंची। सीडीआर के आधार पर दोनों से पूछताछ की गई। पूछताछ में अर्चना के नेपाल में होने की जानकारी मिली। रेलवे पुलिस ने नेपाल दूतावास की मदद से युवती को नेपाल बॉर्डर लखीमपुर खीरी तक डिपोर्ट कराया। पुलिस ने पूछताछ के लिए सारांश जैन को हिरासत में लिया है। शुजालपुर निवासी सारांश एग्रीकल्चर ड्रोन कंपनी में काम करता है और इंदौर में रह रहा है। अर्चना ने बताया कि सारांश उसका अच्छा दोस्त है।*

## हरदा में रची थी फरार होने की कहानी

अर्चना की इंदौर में सारांश से उसकी दोस्ती हो गई थी। सारांश शुजालपुर का रहने वाला है। हरदा में अर्चना केस के सिलसिले में गई थी,


सारांश जैन

वहां सारांश और उसके साथी तेजेंदर के साथ मिलकर उसने लापता होने की साजिश रची। उसने बताया कि वह पढ़ना चाहती है, लेकिन परिजन उसकी शादी कराना चाहते हैं। तेजेंदर इटारसी का रहने वाला है। अर्चना ने उससे पूछा था कि इटारसी रेलवे स्टेशन पर सीसीटीवी कैमरे कहां पर नहीं हैं। तेजेंदर ने उसे बताया नर्मदापुरम के बाद इटारसी आउटर पर उतरकर सारांश के साथ बायरोड निकल गई थी।

## अर्चना तिवारी लखीमपुर खीरी में मिली, जीआरपी की टीम ने परिजन को सौंपा

# अर्चना ने बताया-मेरा कोई अपहरण नहीं हुआ, परिजनों ने मेरी पटवारी से तय कर दी थी शादी, मैं सिविल जज बनना चाहती हूं

**हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल**

नर्मदा एक्सप्रेस से रहस्यमय तरीके से लापता हुई एडवोकेट अर्चना तिवारी को भोपाल जीआरपी ने 12 दिन की मशक्कत के बाद यूपी के लखीमपुर खीरी से दस्तयाब किया है। नेपाल से उसे लखीमपुर खीरी डिपोर्ट किया गया। जीआरपी बुधवार सुबह फ्लाइट से उसे भोपाल लेकर पहुंची। अर्चना का कहना है कि वह पढ़ना चाहती थी और सिविल जज की तैयारी कर रही थी, लेकिन परिजन ने उसकी शादी तय ▶▶ शेष पेज 4 पर


राहुल लोढ़ा

### इटारसी से दोस्त के साथ बाय रोड नेपाल चली गई इस दौरान मेरे साथ कोई गलत हरकत नहीं हुई

### आगामी सात सितंबर को मेरी जबरन सगाई भी तय कर दी गई थी

**»** ***सीडीआर के आधार पर पूछताछ करने पर अर्चना के नेपाल में होने की मिली थी जानकारी***

जीआरपी स्टेशनों के करीब दो हजार से अधिक कैमरों के फुटेज खंगाले गए



### जीआरपी ने नर्मदा नदी और आसपास से इलाकों में भी की थी सर्चिंग

*अर्चना तिवारी इंदौर के सत्कार हॉस्टल में रहकर सिविल जज की परीक्षा की तैयारी कर रही थी। रक्षाबंधन पर वह अपने घर जाने के लिए इंदौर से नर्मदा एक्सप्रेस के एसी कोच की बी-3 सीट पर सवार हुई। विगत 8 अगस्त की सुबह ट्रेन कटनी पहुंची, लेकिन उसमें से अर्चना नहीं उतरी। परिजन चिंतित हो गए। उमरिया में रहने वाले अर्चना के मामा को सूचना दी गई। ट्रेन के उमरिया पहुंचते ही मामा बी-3 सीट पर पहुंचे। वहां अर्चना का कपड़ों वाला बैग व अन्य सामान रखा मिला। आसपास की सीट पर बैठे यात्रियों ने बताया कि रानी कमलापति स्टेशन के बाद से युवती अपनी सीट पर नहीं दिखी। भोपाल जीआरपी ने परिजनों की शिकायत पर* ▶▶ शेष पेज 4 पर


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### अब्बास अंसारी की 2 साल की सजा रद्द

**मऊ।** उप्र की मऊ सदर सीट से सुभासपा विधायक और मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी को बड़ी राहत मिली है। भड़काऊ भाषण के मामले पर उनकी विधायकी नहीं जाएगी। निचली अदालत के फैसले पर हाई कोर्ट ने रोक लगा दी है। एमपी-एमएलए कोर्ट की तरफ से 2 साल की सजा को हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया है। अब यहां उपचुनाव नहीं होगा।



### नर्मदा नदी में एक को बचाने दो सगे भाई डूबे

**कुक्षी (धार)।** जिले के डही के पास कातरखेड़ा नर्मदा तट पर दादी के अस्थि विसर्जन और मुंडन कार्यक्रम में शामिल होने आए दो भाई नर्मदा नदी में डूब गए। आलीराजपुर के दो सगे भाई बुधवार सुबह 9 बजे अस्थियां लेकर गए थे। कातर खेड़ा डूब क्षेत्र की घटना है। एक को बचाने के चलते दोनों डूब गए।



### विनोद कांबली की हालत खराब, बोलने में दिक्कत

**नई दिल्ली।** विनोद कांबली के छोटे भाई वीरेंद्र कांबली ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर के स्वास्थ्य के बारे में अपडेट दिया है। वीरेंद्र ने कहा कि विनोद को बोलने में दिक्कत हो रही है। उनका इलाज घर पर ही चल रहा है। कांबली कई बीमारियों से जूझ रहे हैं। 21 दिसंबर, 2024 को उन्हें यूरिन इन्फेक्शन और ऐंठन के कारण ठाणे में भर्ती कराया गया था।



### गृहमंत्री ने पेश किए 3 बिल : पीएम, सीएम व मंत्री को 5 साल से अधिक सजा तो उन्हें पद से हटना होगा

# शाह पर विपक्षी सांसदों ने बिल फाड़कर फेंका, सरकार इसे अब 'जेपीसी' में भेजेगी


लोकसभा की वेल में नारेबाजी की शुरुआत टीएमसी सांसदों ने की

*विपक्ष ने अमित शाह पर बिल को जल्दबाजी में लाने का आरोप लगाया लेकिन गृह मंत्री ने कहा कि इस बिल को जल्दबाजी में लाने का आरोप सही नहीं है*

**एजेंसी ⏭नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में तीन महत्वपूर्ण विधेयक पेश किए, जिनमें संविधान संशोधन विधेयक भी शामिल है। ये विधेयक भ्रष्टाचार या गंभीर आपराधिक आरोपों में 30 दिनों से अधिक हिरासत में रहने वाले प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को पद से हटाने का कानूनी ढांचा प्रदान करते हैं।

बिल पेश करते समय विपक्षी सांसदों ने हंगामा किया और कागज़ के टुकड़े फेंके। अमित शाह ने कहा कि सरकार बिल को जेपीसी को भेजने के लिए तैयार है। शाह जब सदन में इस बिल को पेश कर रहे थे तो उस दौरान विपक्षी सांसदों ने जमकर हंगामा किया। इतना ही नहीं विपक्षी नेताओं ने अमित शाह की तरफ बिल की कॉपी फाड़ कर फेंक दी। वहीं, कागज के टुकड़े अमित शाह की ओर उछाले। शाह ने ये भी कहा कि सरकार इस बिल को जेपीसी को भेजने का प्रस्ताव ▶▶ शेष पेज 4 पर

**»** ***सभी विपक्षी दलों के नेताओं ने कहा कि ये बिल लोकतंत्र विरोधी***

**»** ***विपक्ष ने कहा कि यह चुनी हुई सरकारों को गिराने की साजिश***





*केसी वेणुगोपाल और अमित शाह के बीच बहस*

### शाह बोले- ये क्या सिखाएंगे मुझे नैतिकता

हंगामे के दौरान कांग्रेस के लोकसभा सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा कि जब शाह को गिरफ्तार किया गया था तो क्या उन्होंने अपनी नैतिकता दिखाई थी? इस पर शाह ने कहा कि मुझ पर जब आरोप लगे थे तो मैंने गिरफ्तारी से पहले नैतिक रूप से इस्तीफा दिया था। कोर्ट से निर्दोष साबित न होने तक मैंने कोई संवैधानिक पद नहीं लिया था। ये क्या सिखाते हैं नैतिकता मुझे। हम भी चाहते हैं कि नैतिकता के मूल्य और बढ़े और गिरफ्तार होने से पहले मैंने इस्तीफा दिया था, ये याद होगा सबको। ▶▶ पढ़ें पेज 08 भी

### अमित शाह ने क्या कहा?

जब हंगामा बढ़ा तो अमित शाह ने कहा कि बिल को सेलेक्ट कमेटी में भेजेंगे और बाद में बिल को जेपीसी को भेज दिया गया। शाह ने आश्वासन दिया कि सभी पक्ष-विपक्ष के सांसदों की समिति इस पर विचार करेगी और आपके सामने लेकर आएगी।

### *प्रियंका गांधी ने बिल का किया विरोध*

**कहा- यह पूरी तरह से क्रूर**

बिल पर प्रियंका गांधी ने कहा कि मैं इसे पूरी तरह से क्रूर मानती हूं क्योंकि यह हर चीज के खिलाफ है। इसे भ्रष्टाचार विरोधी उपाय कहना लोगों की आंखों पर पर्दा डालने जैसा है। कल आप मुख्यमंत्री के खिलाफ किसी भी ▶▶ शेष पेज 4 पर

### गृह मंत्री का माइक मोड़ने की कोशिश भी की

विपक्षी सांसदों ने जमकर हंगामा किया। विपक्ष ने संविधान के 130वें संशोधन बिल को इंट्रोड्यूस करते वक्त बिल की कॉपी फाड़कर गृह मंत्री अमित शाह की तरफ फेंक दी। वहीं, इसके बाद ट्रेजरी बेंच को विपक्ष ने घेर लिया और गृह मंत्री के माइक को मोड़ने की भी कोशिश की गई। सदन के अंदर माहौल काफी तनावपूर्ण हो गया। लोकसभा की वेल में नारेबाजी की शुरुआत टीएमसी सांसदों ने की। बिल पेश होते ही कल्याण बेनर्जी ने नारेबाजी शुरू कर दी।

### मैंने गिरफ्तारी से पहले ही पद से इस्तीफा दे दिया था

विपक्ष के विरोध के बीच शाह ने अपना उदाहरण देते हुए कहा कि राजनीति में शुचिता बनाए रखने के लिए यह जरूरी है और हम अपनी जिम्मेदारी से न भागे। गुजरात में मैं मंत्री था तो मेरे ऊपर आरोप लगे। मैंने पद से इस्तीफा दिया और कोर्ट के आदेशों का पालन किया। इसके बाद मैंने दोबारा जिम्मेदारी तब संभाली, जब आरोपों से बरी हो गया और संविधान के तहत मुझे पद हासिल करने का अधिकार मिला।

### सीएम आवास पर जन सुनवाई में हमला



# सीएम रेखा गुप्ता को थप्पड़ मारा धक्का दिया, बाल पकड़कर खींचे



**एजेंसी ⏭नई दिल्ली**

- मुश्किल से काबू में आया हमलावर
- हमलावर डॉग लवर, सुप्रीम कोर्ट के आदेश से दुखी



- बीएनएस की धारा 109 में केस दर्ज
- मां ने बताया कि बेटा मानसिक रूप से बीमार

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर बुधवार को हमला हुआ। सीएम आवास पर साप्ताहिक जन सुनवाई के दौरान रेखा गुप्ता को थप्पड़ मारा गया। आरोपी को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ की जा रही है। लेकिन आरोपी ने यह हमला क्यों किया और कैसे किया? इसे लेकर कई जानकारियां सामने आई हैं।

आरोपी शख्स गुजरात के राजकोट का रहने वाला है। उसकी उम्र 41 साल है। वह बहुत बड़ा पशु प्रेमी और डॉग लवर है। उसकी मां का कहना है कि बेघर कुत्तों को लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश से दुखी होकर वह दिल्ली गया था। वह कई साल से पड़ोसियों से रोटियां इकट्ठा करके कुत्तों को खिलाता था। दिल्ली पुलिस ने बीएनएस की धारा 109 में केस दर्ज किया है। जन सुनवाई के दौरान रेखा गुप्ता जब लोगों से मुखातिब हो रही थीं। इसी बीच आरोपी ने पहले रेखा गुप्ता को थप्पड़ मारा। उसके बाद वह उनकी तरफ झपटा और धक्का दे दिया। लेकिन पीछे दीवार होने की वजह से उससे टिक गईं। इस बीच आरोपी ने उनके बाल पकड़ लिए। आरोपी के हाथों पर लोगों ने मारा जिससे वह बाल छोड़ दे। इस दौरान सीएम हाउस में अफरातफरी मच गई।

### जनता की सेवा के संकल्प पर हमला

दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने खुद पर हुए हमले पर कहा कि सुबह जनसुनवाई के दौरान मेरे ऊपर हुआ हमला केवल मेरे ऊपर नहीं, बल्कि दिल्ली की सेवा और जनता की भलाई के हमारे संकल्प पर किया गया एक कायराना प्रयास है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि स्वभाविक है कि इस हमले के बाद मैं सदमे में थी, परंतु अब बेहतर महसूस कर रही हूं। मैं अपने ▶▶ शेष पेज 4 पर

### मां ने कहा- सीएम बेटे को माफ कर दें

पुलिस की पूछताछ में आरोपी की मां ने बताया कि उसका बेटा आवारा कुत्तों पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद दिल्ली पहुंचा था। मां ने बताया कि शख्स मानसिक रूप से बीमार है और उसके पशु प्रेमी होने का दावा किया है। वह इससे पहले भी दिल्ली की यात्रा कर चुका है। आरोपी एक रिक्शा चालक परिवार से आता है। राजकोट पुलिस आरोपी की मां को भी पूछताछ के लिए ले गई है। मां ने बताया कि उन्हें यह नहीं पता था कि वह दिल्ली सीएम के वहां जाएगा। आरोपी राजेश की मां भानु बेन ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से हाथ जोड़कर निवेदन किया है कि उसके बेटे को माफ कर दे। मां का कहना है कि उनका बेटा महादेव का भक्त है। वह उज्जैन जाने की बोलकर घर से निकला था। वह महीने में एक बार उज्जैन जाता था। उज्जैन से दिल्ली कब चला गया पता नहीं।



### *पीएम मोदी समेत कुल चार प्रस्तावक*

# सीपी राधाकृष्णन ने उपराष्ट्रपति पद के लिए दाखिल किया 'नामांकन'

**एजेंसी ⏭नई दिल्ली**

उपराष्ट्रपति पद के लिए एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया है।

इस दौरान उनके साथ पीएम मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी के साथ-साथ भाजपा और एनडीए के तमाम नेता भी मौजूद रहे। पीएम मोदी ने रिटर्निंग ऑफिसर को ▶▶ शेष पेज 4 पर

### महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की

इससे पहले सीपी राधाकृष्णन ने केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी, किरेन रिजिजू, अर्जुन राम मेघवाल, धर्मेंद्र प्रधान, राम मोहन नायडू किंजरापु. एल मुरुगन और भाजपा नेता विनोद तावड़े की मौजूदगी में संसद परिसर में उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने से पहले महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की। विपक्ष की तरफ से उपराष्ट्रपति के उम्मीदवार जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी गुरुवार को अपना नामांकन दाखिल करेंगे।

**»** ***नामांकन दाखिल करने की आज अंतिम तारीख***

**»** ***उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव 9 सितंबर को***

**»** ***कुल 788 लोग वोट डाल सकते हैं***

### आय से अधिक संपत्ति मामले में जबलपुर में ईडी कोर्ट का फैसला

# सहायक लेखाधिकारी की पत्नी, पुत्र बहू को तीन-तीन वर्ष का कारावास

**हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर**

- 10-10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया

जबलपुर में स्थापित ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) की विशेष अदालत का पहला फैसला बुधवार को आया। विशेष न्यायाधीश इरशाद अहमद की कोर्ट ने कंट्रोलर आफ डिफेंस अकाउंट, सीडीए जबलपुर में पदस्थ रहे सुख सागर वैली, गौरीघाट निवासी सहायक लेखाधिकारी सूर्यकांत गौर की पत्नी विनिता गौर, पुत्र शिशिर गौर व पुत्रवधु सुनीता गौर को आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में दोषी पाया। इसी के साथ पत्नी विनिता गौर, पुत्र शिशिर गौर व पुत्रवधु सुनीता गौर को तीन-तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। 10-10 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा न करने पर छह-छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा। मुख्य आरोपी सूर्यकांत गौर का मामले के विचारण के दौरान निधन हो चुका है। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक विक्रम सिंह ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि मुख्य आरोपी सूर्यकांत गौर ने कंट्रोलर आफ डिफेंस अकाउंट, सीडीए जबलपुर में सहायक लेखाधिकारी पद के 2011 तक के कार्यकाल के दौरान आपराधिक कदाचरण किया। आय के ज्ञात स्त्रोतों से भिन्न ▶▶ शेष पेज 4 पर




### रेलवे का पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में नया प्रयोग

प्रयोग सफल हुआ तो ये भारतीय रेलवे के लिए एक गेम-चेंजर साबित होगा

# पटरियों के ठीक बीच में लगाए गए 28 सोलर पैनल इन पैनलों से पैदा होगी 15 किलोवाट पीक बिजली

**एजेंसी ⏭नई दिल्ली**

अलग खबर

रेलवे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में स्थित बनारस लोकोमोटिव वर्क्स के परिसर में नया प्रयोग किया है। यहां 70 मीटर लंबे रेल ट्रैक पर पटरियों के ठीक बीच में खाली पड़ी जगह पर 28 सोलर पैनल लगाए गए हैं।

इन पैनलों से 15 किलोवाट पीक बिजली पैदा होगी। इस बिजली का इस्तेमाल कारखाने के अंदर इंजनों को चलाने और अन्य औद्योगिक गतिविधियों के लिए किया जाएगा। यह सिर्फ कुछ सोलर पैनल लगाने का मामला नहीं है।



अगर यह प्रयोग सफल होता है और इसे बड़े पैमाने पर लागू किया जाता है, तो यह भारतीय रेलवे के लिए एक गेम-चेंजर साबित हो सकता है। रेलवे मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। अधिकारियों का कहना है कि रेल पटरियों पर अक्सर काम होता रहता है। वहां नियमित अंतराल पर मेंटेनेंस होता है। इसलिए वहां रिमूवेबल सोलर पैनल लगाए गए हैं। फिलहाल पैनलों को रबर पैड और एपॉक्सी एडहेसिव से फिक्स किया गया है। शुरुआती चरण में इनसे बनने वाली बिजली को ग्रिड में भेजा जाएगा और इसका इस्तेमाल कारखाने की आंतरिक जरूरतों, जैसे इंजनों की टेस्टिंग और अन्य गतिविधियों के लिए किया जाएगा। इससे पहले इस तरह का प्रयोग स्विट्जरलैंड के एक छोटे से गांव में किया गया था। वहां भी 100 मीटर रेलवे ट्रैक पर 48 सोलर पैनल लगा कर बिजली बनाई जा रही है। वहां परियोजना को 585,000 स्विस फ्रैंक में शुरू किया गया है।

### *यह है प्रोजेक्ट?*

*इस सोलर पैनल सिस्टम से रोजाना 960 यूनिट बिजली पैदा कर सकते हैं और इसकी पावर डेंसिटी 240 किलोवाट पीक प्रति किलोमीटर है। भारतीय रेलवे के पास 1.2 लाख किलोमीटर लंबा ट्रैक नेटवर्क है और अगर यह प्रोजेक्ट पूरे देश में लागू होता है तो हर साल प्रति किलोमीटर 3.5 लाख यूनिट बिजली बनाई जा सकती है। इससे रेलवे की बिजली की जरूरतों को पूरा करने में काफी मदद मिलेगी। सबसे अच्छी बात यह है कि इस प्रोजेक्ट के लिए अलग से जमीन खरीदने की जरूरत नहीं है।*

# मौसम ने पल-पल बदला अपना मिजाज



भोपाल। राजधानी में दिन भर बादल छाए रहे। शहर के अलग-अलग हिस्सों में मौसम अलग-अलग दिखाई दिया। धूप बिल्कुल नहीं निकली। बोट क्लब पर शाम 4.30 बजे आसमान का यह खूबसूरत दृश्य देखने को मिला, जिसे हरिभूमि ने कैमरे में कैद किया।

## पं. श्रीराम शर्मा की अनंत साधना से रुद्र गिरी ने कराया अवगत

**भोपाल।** शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे रुद्र गिरी गोस्वामी एवं रामचंद्र गायकवाड़ ने 250 कार्यकर्ता भाई बहनों को युगऋषि पं श्रीराम शर्मा आचार्य की साधना शताब्दी, अखण्ड दीपक, जो 1926 से शांतिकुंज हरिद्वार में निरंतर प्रज्जवलित है।

साथ ही गायत्री परिवार को अपने स्नेह आंचल में मां के समान पाल पोषकर बड़ा करने वाली माता भगवती देवी शर्मा की जन शताब्दी को एक साथ तीन विशिष्ट योग बताते हुए युग निर्माण के 18 सूत्रों के सत संकल्प का पाठ कराया और कहा कि ये 18 सूत्र गीता के अठारह अध्याय स्वरुप हैं। आने वाला युग में इन्हीं सूत्रों को अपने चिंतन, चरित्र और व्यवहार से सूत्रों को जीवन में उतारने वाले लोगों का समाज में आधिक्य होगा।

- गायत्री परिवार के सदस्यों को बताए जन्म शताब्दी

टोली नायक रुद्र गिरी गोस्वामी ने युग निर्माण सत संकल्प के प्रथम सूत्र हम ईश्वर को सर्व व्यापी, न्यायकारी मानकर उसके अनुशासन को जीवन में उतारने के सूत्र का अनुपालन करने की बात कहीं। उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों के उन्मूलन के लिए साहस के साथ संगठित होकर कार्य करने का स्मरण दिलाया।

उल्लेखनीय है कि शांतिकुंज हरिद्वार से चलकर ज्योति कलश यात्रा पूरे भारवर्ष में जन्म शताब्दी का संदेश जन जन को देती हुई भ्रमण कर रही है और वर्तमान में भोपाल में 1 अगस्त से विभिन्न क्षेत्रों में उनका भ्रमण चल रहा है।

### बंगाली कारीगर दे रहे गणपति की प्रतिमाओं को अंतिम रूप

# गणेश पंडाल सजकर तैयार, विराजेंगी 5 से 10 फीट तक सुंदर ऊंची प्रतिमाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गणेश उत्सव 27 अगस्त से शुरू हो रहा है। गणेशोत्सव के लिए पंडालों के निर्माण से लेकर मूर्ति की तैयारियां दिन-रात चल रही हैं। इस बार गणेशोत्सव में तीन से लेकर 10 फीट ऊंची मूर्ति विराजेंगी। ज्यादातर पंडालों में ऑपरेशन सिंदूर की थीम व राजा स्वरूप में गणेश जी विराजेंगे। इसके लिए तैयारियां चल रही हैं। बंगाली कारीगर गणेशजी की मिट्टी की मूर्ति पंडालों क लिए बना रहे हैं।

सभी पंडालों में शोभायात्रा के रूप ढोल नगाड़ों के बीच मूर्ति लाकर गणेशजी को विराजित किए जाएगा। 10 दिनों तक विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। गणेशोत्सव के लिए पंडालों का निर्माण किया जा रहा है। इसके लिए कारीगरों के साथ पंडाल आयोजकों की टीम भी जुटी हुई है। आयोजन समिति का कहना है कि तेज बारिश इस बार जरूर चुनौती बन रही है, लेकिन गणेश पंडाल का काम अंतिम चरणों में हैं। अगले तीन दिन अधिकांश स्थानों पर पंडालों का काम पूरा हो जाएगा।



**3 हजार से अधिक पंडालों में विराजेंगे गजानन**

शहर में जहां 3 हजार से अधिक स्थानों पर सार्वजनिक रूप से पंडाल सजाकर भगवान गणेश की स्थापना की जाएगी, वहीं 65 हजार से अधिक घरों में भी गणेश स्थापना कर दस दिनों तक श्रद्धालु पूजा अर्चना करेंगे। गणेश उत्सव को लेकर समितियों ने तैयारियां शुरू कर दी है। गणेश उत्सव में शहर में अलग-अलग धार्मिक स्थलों के स्वरूप में झांकियां सजेगी। इस दौरान कहीं खाटू श्याम मंदिर की प्रतिकृति बनाई जा रही है तो कहीं सिद्ध विनायक मंदिर की झांकी सजाई जा रही है। तो वहीं इस पर अधिकांश झांकियों में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की थीम रखी गई। कहीं मुंबई के लालबाग के राजा तो कहीं भोपाल के राजा की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इस बार अनेक झांकियों पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया जाएगा।

### 10 दिनों तक रहेंगे बप्पा की भक्ति में लीन

*छह दिन बाद गणेश उत्सव की शहरभर में धूम शुरू हो जाएगी। घर-घर और गलियों में बप्पा के पांडालों को सजाकर 10 दिनों तक बप्पा की आराधना होगी। विशेष संयोग में गणेश चतुर्थी विशेष फल देने वाली साबित होगी। मान्यता है कि गणेश जी का जन्म भाद्रपद शुक्ल पक्ष चतुर्थी को मध्याह्न काल में, सोमवार, स्वाति नक्षत्र एवं सिंह लग्न में हुआ था।*

### ईको फ्रेंडली मूर्तियों की बढ़ी डिमांड

ईको फ्रेंडली मूर्तियां मिट्टी, पेपर, पुराने कपड़े और बांस की मदद से बनाई जा रही हैं। यह पानी में पूरी तरह से घुल जाती है और पर्यावरण को किसी भी तरह का नुकसान नहीं पहुंचाती हैं। खास बात यह है कि इन्हें बनाने में हानिकारक रसायनों और रंगों का इस्तेमाल नहीं किया जाता। ऐसे में यह जल और भूमि के प्रदूषण को कम करने में मददगार साबित हो रही हैं।

### बुध प्रदोष पर सदाशिव रूप में सजे बाबा बटेश्वर

श्री बड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति द्वारा बुधवार को बुध प्रदोष के अवसर पर मौसम्मी के रस एवं पंचामृत से बाबा बटेश्वर का अभिषेक किया गया। समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया प्रदोष काल में रुद्राभिषेक के बाद सदा शिव स्वरूप में बाबा बटेश्वर का श्रृंगार कर रात 10 बजे महा आरती की गई। श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के अवसर पर मंदिर परिसर में मटकी फोड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।



### गणेश चतुर्थी की तैयारियां तेज, कारीगर सजा रहे मिट्टी की प्रतिमाएं

*शहर में गणेश चतुर्थी को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। स्थानीय कारीगर मंदिरों व पंडालों में विराजमान होने वाली भगवान गणेश की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। इधर जिला प्रशासन का अमला भी प्लॉस्टर ऑफ पेरिस और छह फीट से अधिक ऊंचाई वाली प्रतिमाओं के निर्माण पर नजर रख रहा है। मिट्टी से निर्मित विशेष और आकर्षक प्रतिमाएं तैयार की गई हैं। कारीगर इन प्रतिमाओं को रंगों और श्रृंगार से सजा रहे हैं जिससे गणेश उत्सव पर श्रद्धालु बप्पा के भव्य स्वरूप के दर्शन कर सकें। कारीगरों का कहना है कि प्रतिमाओं को पर्यावरण के अनुकूल बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिससे विसर्जन के दौरान नदी, तालाबों को प्रदूषण से बचाया जा सके। शहर में गणेश चतुर्थी का उत्साह देखते ही बन रहा है। श्रद्धालु बप्पा के स्वागत की तैयारियों में जुटे हुए हैं। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह का कहना है कि एनजीटी के आदेश के तहत प्रतिमाओं की निगरानी का काम एसडीएम को सौंपा गया है।*

- प्लॉस्टर ऑफ पेरिस और छह फीट से अधिक ऊंचाई वाली प्रतिमाओं पर रहेगी रोक

## मेपकास्ट: मिट्टी के गणेश, विज्ञान के संदेश विषय पर हुई वर्कशॉप

**कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों ने दिया भगवान गणेश की सुंदर प्रतिमाओं को आकार**

राजधानी स्थित मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (मेपकास्ट) के सेंटर फॉर क्रिएटिव लर्निंग में बुधवार को मिट्टी के गणेश विज्ञान के संदेश विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। छात्रों ने साइंस शो देखा और इको-फ्रेंडली गणेश प्रतिमाएं पर्यावरण के लिए क्यों आवश्यक हैं, इसे समझा।

इसके अलावा विशेषज्ञों की निगरानी में बच्चों ने स्वयं मिट्टी से गणेश प्रतिमाएं बनाकर रचनात्मकता और जागरुकता का परिचय दिया। समापन अवसर पर परिषद के कार्यकारी निदेशक डॉ. विवेक कटारे ने भगवान गणेश के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की और उन्हें पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया।

### पूर्व मंत्री अताउर्रहमान ने कहा, संगठित रहें

## ऑल इंडिया मुस्लिम बंजारा मंच ने मकरानी का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल





दिल्ली के इंडियन इस्लामिक कल्चर सेंटर में ऑल इंडिया मुस्लिम बंजारा मंच ने मकरानी समाज जिला भोपाल के अध्यक्ष खालिक मकरानी और झांसी मकरानी महासभा के अध्यक्ष आफाक मकरानी को सम्मानित किया।

कार्यक्रम में शामिल पूर्व मंत्री अताउर्रहमान मकरानी ने कहा कि संगठित होकर ही हम समाज को आगे बढ़ा सकते हैं और नई पीढ़ी को सही दिशा दे सकते हैं। मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष रिसाल तबरेजी बंजारा ने कार्यक्रम में आए लोगों का आभार व्यक्त किया।

### कार्यक्रम में 15 से अधिक पूर्व छात्र और 100 से अधिक वर्तमान विद्यार्थी उपस्थित रहे

## आईईएचई एलुमनाई एसोसिएशन ने छात्रों को दिया स्कॉलरशिप का चेक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान के एक्सीलेंस वेलफेयर सोसाइटी (आईईएचई एलुमनाई एसोसिएशन) ने बुधवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें संस्थान की दो प्रतिभाशाली छात्राओं सृष्टि खंगार बीएससी द्वितीय वर्ष फॉरेंसिक साइंस और प्रियांशी कौरव बीएससी प्रथम वर्ष केमिस्ट्री को स्कॉलरशिप के रूप में हर छात्रा को रुपए 28,000 का चेक सौंपा। यह आयोजन संस्थान के निदेशक प्रोफेसर प्रज्ञेश अग्रवाल की अध्यक्षता में हुआ। इसमें 15 से अधिक पूर्व छात्र (एलुमनाई) और 100 से अधिक वर्तमान विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### छात्राओं ने हस्तशिल्प कृतियों का किया प्रदर्शन

*कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रोफेसर महेन्द्र सिंघई, प्रोफेसर सबाकांत द्विवेदी, प्रोफेसर मनीष शर्मा ने संस्थान की ओर से और प्रोफेसर अनुराग जैन ने एलुमनाई संघ के प्रतिनिधियों के रूप में अपने विचार रखे। इन शिक्षकों ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें अपने शैक्षिक सफर में और अधिक मेहनत और समर्पण के साथ काम करने के लिए प्रेरित किया। कहा कि आज का दिन उन छात्राओं के लिए एक नई उम्मीद और मार्गदर्शन का प्रतीक है, जो अपने प्रयासों से समाज और देश में उत्कृष्टता लाने का सपना देखती हैं।*

*संस्थान के कन्या छात्रावास की छात्राओं ने अपनी हस्तशिल्प कृतियों का प्रदर्शन किया। एलुमनाई के सभी सदस्यों को यह उपहार स्वरूप प्रदान की गईं। यह कृतियां संस्थान की कड़ी मेहनत, कला और संस्कृति को दर्शाती हैं। प्रोफेसर प्रज्ञेश अग्रवाल ने कहा हमारे संस्थान का उद्देश्य केवल शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि छात्रों को समाज में अपनी पहचान बनाने के लिए प्रेरित करना है। एक्सीलेंस वेलफेयर सोसाइटी का यह प्रयास इन छात्राओं के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है और हम भविष्य में ऐसे कई अन्य प्रयासों को बढ़ावा देंगे।*

### केंद्रीय संस्कृत विवि के निदेशक हैं पाण्डेय

## प्रो. रमाकांत पाण्डेय को मिला आचार्य रेवा प्रसाद द्विवेदी सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



राजधानी स्थित केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के निदेशक प्रो रमाकान्त पाण्डेय को सनातन कवि सम्मान से अलंकृत किया गया। यह सम्मान महर्षि पतंजलि जन्म जयंती महोत्सव के अवसर पर उत्तर प्रदेश नाग कुप शास्त्रार्थ समिति वाराणसी द्वारा सनातन कवि आचार्य रेवा प्रसाद द्विवेदी सम्मान से सम्मानित किया गया। प्रो. रमाकान्त पाण्डेय को सनातन कवि आचार्य रेवा प्रसाद द्विवेदी सम्मान से अलंकृत किया गया। प्रो. रमाकान्त पाण्डेय के निर्देशन में करीब 30 शोध छात्रों ने पीएचडी उपाधि प्राप्त की है। प्रो पाण्डेय के द्वारा अब तक लगभग 65 ग्रन्थ तथा 180 शोध पत्र प्रकाशित किए जा चूके हैं। उन्हें समीक्षा निपुणता, आप प्रकाशित ग्रंथों की संपादन कुशलता आदि के लिए लगभग 15 पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है।

### पश्चिम मध्य रेल जोन ने यात्री सुविधाओं में विकास के साथ-साथ रेल राजस्व तथा माल लदान वृद्धि में भी लगातार वृद्धि कर उपलब्धि हासिल की

# पमरे जोन ने 19 मि. टन माल लदान कर 1953 करोड़ से अधिक का राजस्व हासिल किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पमरे जोन ने यात्री सुविधाओं में विकास के साथ-साथ रेल राजस्व तथा माल लदान वृद्धि में लगातार वृद्धि की है। जोन महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय के निरंतर मॉनेटरिंग में गुड्स ट्रैफिक एवं कमोडिटी वाइज फ्रेट लोडिंग बढ़ाने के उद्देश्य से समय-समय पर विभिन्न बैठकें आयोजित की जाती हैं। इसी के तहत वाणिज्य/परिचालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा भोपाल, जबलपुर एवं कोटा तीनों मण्डलों में कमोडिटी वाइज फ्रेट लोडिंग को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप पमरे ने चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल से जुलाई 2025 तक गुड्स ट्रैफिक में 18.74 मिलियन टन फ्रेट लोडिंग की और 1953 करोड़ 07 लाख रुपए राजस्व अर्जित किया है। इसी अवधि में गत वर्ष से तुलना करे तो गुड्स ट्रैफिक में लगभग 07 प्रतिशत फ्रेट लोडिंग और रेल राजस्व में लगभग 8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

### पिछले साल से 33.18 प्रतिशत अधिक का किया लदान

- *फूडग्रेन लोडिंग में 01.30 मिलियन टन माल लदान किया, जो पिछले वर्ष 00.98 मिलियन टन माल लदान की तुलना में 33.18 प्रतिशत अधिक है।*
- *कोल लोडिंग में 04.67 मिलियन टन माल लदान किया । जो पिछले वर्ष 03.92 मिलियन टन माल लदान की तुलना में 19.27 प्रतिशत अधिक है।*
- *क्लिंकर लोडिंग में 03.36 मिलियन टन माल लदान किया । जो पिछले वर्ष 02.93 मिलियन टन माल लदान की तुलना में 14.51 प्रतिशत अधिक है।*
- *कन्टेनर लोडिंग में 0.39 मिलियन टन माल लदान किया । जो पिछले वर्ष 0.36 मिलियन टन माल लदान की तुलना में 08.86 प्रतिशत अधिक है।*
- *सीमेन्ट लोडिंग में 04.65 मिलियन टन माल लदान किया। जो पिछले वर्ष 04.56 मिलियन टन माल लदान की तुलना में 02.01 प्रतिशत अधिक है।*

भोपाल
गुरुवार, 21 अगस्त 2025
भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष - 13
वर्ष : 12, अंक : 141
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 29
न्यून. 23

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



11 सिंकफील्ड कप में गुकेश की जीत...

विचार पेज
06 चीन से रिश्ते सुधारें पर सचेत भी रहें


इंदौर में बारिश से ध्वस्त हुआ मकान

कई जिलों में तेज बारिश का दौर, आज भी 9 जिलों में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट

# रतलाम-नर्मदापुरम में तेज बारिश, तवा डैम के 5 गेट खोले इंदौर में जर्जर मकान भरभराकर गिरा... जनहानि नहीं हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश भर में अभी मानसून मेहरबान है। अभी प्रदेश के पूर्वी और उत्तर पूर्वी हिस्सों के साथ ही पश्चिमी भागों में भी बारिश अधिक हो रही है। अरब सागर और बंगाल की खाड़ी दोनों की सक्रियता से प्रदेश में बारिश का दौर अभी जारी रहेगा।

बुधवार को रतलाम में तेज बारिश हुई। दो बत्ती फ्रीगंज चौराहे पर सड़कों पर एक फीट तक पानी बहा। जिससे वाहनों को निकलने में मुश्किल हुई। इंदौर से सटे आंचलिक हिस्से, बैतूल, नर्मदापुरम में तेज बारिश हुई। नर्मदापुरम में तवा डैम के 5 गेट 5-5 फीट तक खोले गए। रायसेन में निचले ▶▶ शेष पेज 4 पर

**प्रदेश के पूर्वी और उत्तर पूर्वी हिस्सों के साथ ही पश्चिमी भागों में भी तेज बारिश**

**सबसे ज्यादा पानी इंदौर में 75 मिमी से अधिक बरस गया**


रतलाम में सड़कें पानी-पानी

### कहां-कैसे रहे हालात?

रतलाम में दोपहर 3 बजे के बाद तेज बारिश से सड़कों पर एक फीट तक पानी भर गया। इंदौर, उज्जैन और ग्वालियर में हल्की बारिश हुई। नर्मदापुरम में तवा डैम के 13 में से 5 गेट 5-5 फीट तक खोले ▶▶ शेष पेज 4 पर

### आज यहां ऑरेंज अलर्ट

गुरुवार को बैतूल, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा जिलों में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम, हरदा, धार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, देवास, शाजापुर, आगर, अनुपपुर, डिंडोरी, जबलपुर में भारी बारिश का यलो अलर्ट है। भोपाल, विदिशा, राजगढ़, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, रीवा, सतना, उमरिया, छतरपुर, टीकमगढ़ सहित 28 जिलों में गरज-चमक ▶▶ शेष पेज 4 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### भड़के ऊर्जा मंत्री ने शुरू कर दी टॉयलेट की सफाई

**शिवपुरी।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने निरीक्षण के दौरान हाथों में दस्ताने पहनकर अस्पताल में गंदी पड़ी टॉयलेट को साफ करना शुरू कर दिया। मंत्री ने प्रशासन से कहा कि आप व्यवस्थाओं को दुरुस्त नहीं कर रहे हैं, अगली बार व्यवस्थाएं सही नहीं पाई गई तो कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों को माला पहनाकर चेताया भी।



### टाइगर सफारी में बाघ टीपू की मौत

**सतना।** मुकुंदपुर व्हाइट टाइगर सफारी का गौरव समझे जाने वाले 11 वर्षीय सफेद नर बाघ टीपू की मौत हो गई। अब सफारी में सिर्फ तीन ही व्हाइट टाइगर बचे हैं। टीपू की उम्र 11 वर्ष थी। जिसका बीते तीन माह से इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के मुताबिक टीपू को अचानक क्रॉनिक किडनी फेल्युअर अटैक आने के कारण मौत हुई है।



### 9वीं के छात्र मार रहे थे पीक, 22 निलंबित

**जबलपुर।** यहां पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पढ़ने वाले 9 से 12वीं तक के छात्र पान और गुटखा खाकर स्कूलों की दीवारों पर पीक मारते पकड़े गए हैं। इस मामले में स्कूल प्रबंधन ने एक महीने के लिए 22 छात्रों को निलंबित कर दिया है। अभिभावकों को इसकी जानकारी मिली तो हंगामा खड़ा हो गया।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह में कलेक्टरों से कहा

# अच्छा काम करेंगे तो सरकार 'आपके' साथ, नहीं करेंगे तो उसकी भी निगरानी



**मुख्य सचिव ने कहा- रैंकिंग के चक्कर में झूठा डेटा रिपोर्ट न करें**

**मुख्यमंत्री ने नीति आयोग की कॉफी टेबल बुक का विमोचन भी किया**

*सीएम ने कहा कि इन जिलों और विकासखंडों के रहवासियों के जीवन और जीवन जीने की परिस्थितियों में आया है, बदलाव अभियान की सफलता को अभिव्यक्त करता है*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कलेक्टरों से कहा कि प्रदेश के सभी जिले, ब्लॉक और हर इकाई में हर योजना का लाभ सीधे आम जनता तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम कई लोकलुभावन योजनाओं पर काम करते हैं, लेकिन उन्हें बारीकी से देखने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अच्छा काम करेंगे तो सरकार आपके साथ है, कहीं कमी करेंगे तो सरकार आपको देख रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को राज्य स्तरीय संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह के तहत कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित कार्यक्रम में रहे थे। उन्होंने संपूर्णता अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रदेश के आकांक्षी जिलों और ब्लॉकों के अधिकारियों को उनकी टीम सहित सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने नीति आयोग की कॉफी टेबल बुक का विमोचन भी किया। कार्यक्रम में एमएसएमई मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप, खेल एवं ▶▶ शेष पेज 4 पर



### प्रधानमंत्री ने 11 साल में पूरा परिदृश्य ही बदल दिया

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 के बाद से लेकर अब तक में प्रधानमंत्री मोदी ने पूरा परिदृश्य ही बदल दिया। कई सेक्टर में नवाचार किए गए हैं। इसके काफी सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2003 तक प्रदेश में केवल 5 मेडिकल कॉलेज थे, अब 30 कॉलेज बन गए हैं। आने वाले सवा साल में 10 और खुलेंगे। इसके साथ ही हर संभाग में आयुर्वेदिक ▶▶ शेष पेज 4 पर

### आकांक्षी रूप में चिन्हित कर विकास के लिए समन्वित प्रयास करना, यह बड़ा कदम

डॉ. यादव ने कहा कि पिछड़े जिलों और विकासखंडों को आकांक्षी रूप में चिन्हित कर विकास के लिए समन्वित प्रयास करना, इस दिशा में उठाया गया प्रभावी कदम है। यह संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह, जिला और विकासखंड स्तर पर स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, आधारभूत संरचना और सुशासन में आए सकारात्मक परिवर्तन का सशक्त उदाहरण है। इन जिलों और विकासखंडों के रहवासियों के जीवन और जीवन जीने की परिस्थितियों में आया है। उन्होंने कहा कि बदलाव अभियान की सफलता को अभिव्यक्त करता है। सम्पूर्णता अभियान से आकांक्षी जिलों और ब्लाकों में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण और उन्हें पोषक भोजन की उपलब्धता, बच्चों के टीकाकरण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण, स्कूलों में बिजली की उपलब्धता और समय पर पाठ्य पुस्तक वितरण जैसी गतिविधियों में काफी सुधार हुआ है।

### मुख्यमंत्री ने इन कलेक्टरों व उनकी टीम को किया सम्मानित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बड़वानी और ब्लॉक पाटी के लिए तत्कालीन कलेक्टर डॉ. राहुल हरिदास फटिंग को सम्मानित किया। हालांकि, इस जिले की कलेक्टर श्रीमती गुंचा सनोबर अवकाश पर होने की वजह से नहीं पहुंची थीं। इसी तरह दमोह और ब्लॉक तेंदूखेड़ा के लिए कलेक्टर सुधीर कोचर, धार तथा ब्लॉक तिरला के लिए कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, खंडवा और ब्लॉक छैगांव माखन के लिए कलेक्टर ऋषभ गुप्ता और तत्कालीन कलेक्टर अनूप कुमार सिंह, जिला निवाड़ी और ब्लॉक पृथ्वीपुर के लिए कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ और तत्कालीन कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा, टीकमगढ़ और ब्लॉक बलदेवगढ़ के लिए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय और तत्कालीन कलेक्टर ▶▶ शेष पेज 4 पर

हिंदू समाज के लोगों ने दी थी तालाबंदी की चेतावनी

# धार में रात 3 बजे इमामबाड़ा सील, भोपाल-इंदौर का पुलिस बल तैनात किया

**ताजिया कमेटी का था कब्जा**



**प्रशासन ने इमामबाड़ा का कब्जा लोक निर्माण विभाग को सौंपा**

**मुस्लिम समाज ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धार

धार के विवादित इमामबाड़ा को सील कर दिया गया है। मंगलवार-बुधवार दरमियानी रात 3 बजे ये कार्रवाई की गई, जो डेढ़ घंटे तक चली। यहां ताजिया कमेटी का कब्जा था। शहर में भारी पुलिस बल तैनात है। इनमें दतिया, भोपाल, इंदौर की एसटीएफ (स्पेशल टास्क फोर्स) शामिल हैं। चार जिलों झाबुआ, आलिराजपुर, खरगोन और बड़वानी से भी अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया ▶▶ शेष पेज 4 पर

### जैसे ताजिए की अनुमति वैसे ही गणेश उत्सव के लिए दें

दो साल से सांस्कृतिक धरोहर रक्षा समिति मांग कर रही है कि भवन के हिस्से को सभी धर्मों को सांस्कृतिक उपयोग के लिए समान रूप से उपलब्ध कराया जाए। जैसे ताजिया रखने की अनुमति ▶▶ शेष पेज 4

बस चालक को आया हार्ट अटैक

# बाइक, ऑटो और कार को मारी टक्कर, 2 की मौत हुई

**लोग बोले काफी तेज रफ्तार में थी बस**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

इंदौर में एक कॉलेज बस हादसे का शिकार हो गई। चालक को अचानक हार्ट अटैक आया और बस अनियंत्रित हो गई जिसके कारण बेकाबू बस ने दो छात्राओं, एक बाइक सवार युवक, ऑटो और कार को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक युवक और एक छात्रा की मौत हो गई। ये घटना बुधवार शाम करीब 4.30 बजे शहर ▶▶ शेष पेज 4 पर



### मेडीकेप्स यूनिवर्सिटी की बस

बस पर मेडीकेप्स यूनिवर्सिटी लिखा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक हादसे के वक्त बस की रफ्तार काफी तेज थी। हादसे के बाद लोगों ने बस को मौके पर रोक लिया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बस को जब्त कर लिया है। पुलिस ने बताया कि सभी मृतकों और घायलों की पहचान की जा रही है और मामले की जांच जारी है। वहीं कुछ प्रत्यक्षदर्शियों का कहना था कि ▶▶ शेष पेज 4 पर

राज्यपाल- सरकार रिश्ते पर सुप्रीम नजर

# संविधान निर्माताओं का सपना, हकीकत से यह कितना दूर है?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि क्या आजादी के बाद से देश संविधान निर्माताओं की उस उम्मीद पर खरा उतरा है, जिसमें राज्यपाल और राज्य सरकार के बीच सामंजस्य और आपसी परामर्श की व्यवस्था की कल्पना की गई थी। यह टिप्पणी पांच जजों की संविधान पीठ ने की, जिसकी अध्यक्षता चीफ जस्टिस बीआर गवई कर रहे हैं। इस पीठ में न्यायमूर्ति सूर्यकांत, विक्रम नाथ, पीएस नरसिम्हा और एएस चंद्रचूड़कर भी शामिल हैं। वहीं, सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने केंद्र सरकार की ओर से पेश होकर कहा कि संविधान सभा में राज्यपाल की नियुक्ति और उनकी शक्तियों को लेकर गहन बहस हुई थी। उन्होंने कहा कि अक्सर आलोचना होती है कि राज्यपाल का पद राजनीतिक शरण लेने वालों का ठिकाना है, लेकिन असल में यह पद संवैधानिक जिम्मेदारियों और कुछ निश्चित शक्तियों से जुड़ा हुआ है।

■ यह टिप्पणी पांच जजों की संविधान पीठ ने की



पीठ राष्ट्रपति के उस राष्ट्रपति संदर्भ पर सुनवाई कर रही है, जिसमें सवाल उठाया गया है कि क्या सुप्रीम कोर्ट राज्यपाल और राष्ट्रपति को यह निर्देश दे सकता है कि वे राज्य विधानसभाओं से पास हुए बिलों पर तय समय सीमा के भीतर फैसला लें। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और अटॉर्नी जनरल से यह पूछा था कि आखिर क्यों कई राज्यों के विधानसभा ▶▶ शेष पेज 4 पर

स्कूल में बवाल, परिजनों ने की तोड़फोड़

# अहमदाबाद में छात्र ने की 8वीं के विद्यार्थी की हत्या



**शिक्षा मंत्री बोले- इस मामले की जांच कराएंगे**

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

अहमदाबाद के सेवेंथ-डे एडवेंटिस्ट स्कूल में कक्षा 10वीं के एक छात्र ने आठवीं के छात्र की चाकू मारकर हत्या कर दी। छात्र की मौत से गुस्साए परिजनों ने स्कूल में जमकर हंगामा किया। परिजनों ने स्कूल में तोड़फोड़ की। पुलिस मौके पर पहुंच गई। इस दौरान पुलिस की भी परिजनों से झड़प हो गई। पुलिस ने आरोपी छात्र को हिरासत में ले लिया है। छात्र की हत्या पर संयुक्त पुलिस आयुक्त ▶▶ शेष पेज 4 पर

तीनों सशस्त्र सेनाओं का एक संयुक्त सेमिनार

# महू में 26 से 27 अगस्त तक होगा 'रणसंवाद-2025' का आयोजन

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सीडीएस जनरल चौहान समेत अन्य वरिष्ठ सैन्य अधिकारी करेंगे शिरकत**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

महू स्थित आर्मी वॉर कॉलेज में 26 से 27 अगस्त तक तीनों सशस्त्र सेनाओं का एक संयुक्त सेमिनार 'रणसंवाद-2025' का आयोजन किया जाएगा।

जिसका मुख्य विषय 'युद्ध पर प्रौद्योगिकी का प्रभाव' होगा। कार्यक्रम की खास बात यह होगी कि इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, वायुसेना प्रमुख एयरचीफ मार्शल ए.पी.सिंह, नौसेना प्रमुख एडमिरल डी.के.त्रिपाठी सहित कई अन्य वरिष्ठ सैन्य अधिकारी एक साथ भाग लेंगे। 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान के खिलाफ की गई भारत की ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के बाद यह पहला ऐसा मौका होगा। जब तीनों सेनाओं के शीर्ष अधिकारी रक्षा मंत्री की उपस्थिति में न केवल भारत ▶▶ शेष पेज 4 पर



### युद्ध पर रणनीतिक बहस की आवश्यकता

उन्होंने कहा कि भारत को भविष्य के युद्ध पर रणनीतिक बहस करने की जरूरत है। देश कभी विश्व गुरु था और हमें पुनः उसी स्थान को प्राप्त करने के लिए इस मामले पर चर्चा की दरकार है। रक्षा मंत्री 27 अगस्त को इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

वित्त मंत्री सीतारमण जीएसटी पर राज्यों के मंत्रिसमूह से मिलीं, कर सुधारों पर मंथन

# अब जीएसटी में रह सकते हैं 5 व 18 प्रतिशत के स्लैब, हानिकारक चीजों पर 40 फीसदी तक टैक्स

**राज्यों के मंत्रिसमूह को जीएसटी व्यवस्था में व्यापक सुधारों के लिए सरकार की योजनाओं के बारे में बताया**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को जीएसटी सुधारों पर राज्यों के मंत्रिसमूह (जीओएम) के साथ बैठक की। बैठक के दौरान राज्यों के मंत्रिसमूह को जीएसटी व्यवस्था में व्यापक सुधारों के लिए सरकार की योजनाओं के बारे में बताया गया।

इन सुधारों में कर की दरों में कटौती और व्यवसायों के लिए अनुपालन बोझ को कम करना शामिल है। बीमा कराधान और क्षतिपूर्ति उपकर पर गठित मंत्री समूह दो दिन तक केंद्र के अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों पर विचार-विमर्श ▶▶ शेष पेज 4 पर




### वर्तमान में जीएसटी की दरों के लिए हैं चार स्लैब

वर्तमान में जीएसटी 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत की दर से लगाया जाता है। खाद्य और आवश्यक वस्तुओं पर शून्य या 5 प्रतिशत की दर से कर लगता है, जबकि विलासिता और अवगुण वस्तुओं पर 28 प्रतिशत की दर से कर लगता है, जिसके ऊपर उपकर भी लगता है।

### केंद्र आने वाले हफ्तों में राज्यों के साथ आम सहमति बनाएगा

सीतारमण ने बुधवार को कहा कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक कदम है और केंद्र सरकार आने वाले हफ्तों में राज्यों के साथ आम सहमति बनाने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि जीएसटी सुधारों पर केंद्र का प्रस्ताव तीन स्तंभों पर आधारित है- संरचनात्मक सुधार, दरों को युक्तिसंगत बनाना और जीवन में आसानी। दरों को युक्तिसंगत बनाने, बीमा कराधान ▶▶ शेष पेज 4 पर

### जीवन बीमा प्रीमियम पर कर की दरें कम होंगी

क्षतिपूर्ति उपकर पर मंत्रियों के समूह (जीओएम) का गठन ऋण चुकौती अवधि के बाद क्षतिपूर्ति उपकर के भविष्य पर निर्णय लेने के लिए किया गया था। इसके अलावा, बीमा पर मंत्रियों का समूह स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम पर कर की दरें कम करने पर विचार-विमर्श किया गया। दरों को तर्कसंगत बनाने के लिए गठित मंत्रिसमूह को स्लैब और दरों में बदलाव के ▶▶ शेष पेज 4 पर

कैडर के पद पर उसी कैडर के अफसरों की नियुक्ति की मांग

# महिला व बाल विकास विभाग में विभागीय पद पर एसएएस की नियुक्ति पर नाराजगी बढ़ी, हड़ताल पर जाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रमहिला व बाल विकास विभाग में अपर संचालक के पद पर राज्य प्रशासनिक सेवा (एसएएस) के अफसर की नियुक्ति किए जाने का मामला गहरा गया है। विभागीय कैडर के अफसरों ने इस पर जमकर नाराजगी जताई है। इन अफसरों ने मंत्री निर्मला भूरिया से मिलकर विरोध दर्ज कराया। मंत्री सुश्री भूरिया ने मुख्यमंत्री से मिलकर इस गड़बड़ी को दूर कराने का आश्वासन दिया है। इन विभागीय अफसरों का कहना है कि एक तो सरकार पदोन्नति नहीं होने दे रही है, उपर से जो पद कैडर के लिए तय है, उस पर अन्य कैडर की नियुक्ति की जा रही है। यदि इसे संशोधित नहीं किया गया तो इसका असर प्रदेश भर में महिला बाल विकास के कार्यों पर पड़ेगा। दरअसल, अपर संचालक का पद विभागीय कैडर के लिए होता है। इस पर पदस्थापना भी पदोन्नति के आधार पर उन्हीं अफसरों की होती है जो दसकों से विभाग में पदस्थ हैं। किंतु अभी हाल में महिला व बाल विकास विभाग की आयुक्त सूफिया फारूखी ने सामान्य प्रशासन विभाग को प्रस्ताव भेजकर इस पद पर एसएएस अफसर की नियुक्ति करा दी।

**बिना विभागीय मंत्री के अनुमोदन के कर दी गई अपर संचालक पद पर नियुक्ति**

**आयुक्त ने उनके पास पदस्थ करने का आदेश जारी कर दिया**

इस नियुक्ति के बाद अपर संचालक के पद पर लता शरणागत ने सोमवार को ज्वॉनिंग दे दी। इसके साथ ही आयुक्त ने कई तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के अफसरों को उनके पास पदस्थ करने का आदेश जारी कर दिया। यहां तक कि उन्होंने कार्य विभाजन में कई महत्वपूर्ण कार्य भी उन्हें दे दिया। इसकी जानकारी जैसे ही महिला व बाल विकास के अफसरों को हुई तो हंगामा मच गया। आनन फानन में जिलों से भी अफसर लामबंद हो गए। इसके बाद सहायक संचालक, उप संचालक, संयुक्त संचालक के साथ ही परियोजना अधिकारी स्तर के करीब 50-60 अफसर विभागीय मंत्री सुश्री भूरिया के बंगले पर पहुंच गए। इन अफसरों ने मंत्री से खासी नाराजगी जताई। इस संबंध में एक ज्ञापन भी सौंपा है। अफसरों ने आयुक्त श्रीमती फारूकी के रवैये आदि को लेकर कई तरह की शिकायतें कीं। इन अफसरों का कहना है कि यदि संशोधन नहीं किया गया तो सामूहिक हड़ताल करेंगे।

**सूफिया फारूकी को केंद्र ने बनाया डायरेक्टर जनगणना**

अभी हाल में आयुक्त श्रीमती फारूकी वली को डीओपीटी ने डायरेक्टर जनगणना मप्र बनाया है। उनकी यह नियुक्ति एक अक्टूबर से प्रभावशील होगी। अभी इस अवधि में डेढ़ महीने का समय बचा है। इस बीच महिला व बाल विकास संचालनालय में उहापोह की स्थिति पैदा हो गई है। सूत्रों ने बताया कि इस समय संचालनालय में वाहनों के किराए के बिल से लेकर सभी तरह के बिल पास किए जाने लगे हैं। इसके साथ ही कर्मचारियों में भी असमंजस की स्थिति है। विभाग में विभिन्न पदों पर पदोन्नति अटकी पड़ी है। इससे अधिकारियों में पहले से ही निराशा की स्थिति है। ऐसे में उनके कैडर में किसी दूसरे कैडर के अफसर की नियुक्ति से नाराजगी और बढ़ गई है। दरअसल, एक तरफ पदोन्नति नहीं होने व दूसरी तरफ उनके कैडर पर दूसरे कैडर की नियुक्ति अधिकारी खफा हैं। उन्होंने पहले इसकी शिकायत आयुक्त श्रीमती फारूकी से की थी। उन्होंने इसे सिरे से खारिज कर दिया। इसके बाद अफसर मंत्री के पास पहुंचे थे।

**जानकारी मुख्यमंत्री को देंगे**

महिला व बाल विकास मंत्री सुश्री भूरिया ने बताया कि इस नियुक्ति के लिए मेरा अनुमोदन नहीं लिया गया है। इस पर वे नोटशीट लिख रही हैं। वे किसी के साथ अन्याय नहीं होने देंगी। इसकी जानकारी वे मुख्यमंत्री को भी देंगी। जो भी उचित होगा, उसी अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# कंट्री हेड एंड्रीका ने कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



**संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की कंट्री हेड एंड्रीका तुलसी नगर पहुंचीं**

संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की कंट्री हेड सुश्री एंड्रीका ने बुधवार को भोपाल के तुलसी नगर स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास का दौरा किया। उनके साथ अपर परियोजना प्रबंधक मनीषा सेथिया और जनसंख्या कोष के स्टेट हेड सुनील जैकब भी थे। प्रतिनिधियों ने छात्रावास में पढ़ने वाली बालिकाओं से चर्चा की। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष एवं स्कूल शिक्षा विभाग की संयुक्त पहल से बालिकाओं के सशक्तिकरण के लिये एक मॉड्यूल तैयार किया गया है, जिसका नाम सशक्त है।

**कमिश्नर से मुलाकात**

कंट्री हेड एंड्रीका और स्टेट हेड सुनील जैकब ने आयुक्त लोक शिक्षण शिल्पा गुप्ता से मुलाकात कर यूथ एवं एडोलसेंट प्रोग्राम के बारे में जानकारी प्राप्त की। बैठक में संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष से अपेक्षा की गई कि कार्यक्रम का विस्तार प्रदेश के अन्य सरकारी स्कूलों में भी किया जाए।

**खबर संक्षेप**

## छिंदवाड़ा में कलेक्टर नहीं मिले तो कांग्रेसियों ने कुत्ते के गले में बांध दिया ज्ञापन

भोपाल। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि प्रदेश में खाद की कमी बनी हुई है और भाजपा के नेता कह रहे हैं कि खाद की कमी नहीं है। अगर ऐसा है तो फिर किसान लाइन में क्यों लगे हैं। पुलिस उन पर डंडे क्यों चला रही है। जीतू पटवारी ने नारा दिया, 'खाद चोरों-कुर्सी छोड़ो'। पटवारी छिंदवाड़ा में कांग्रेस द्वारा खाद की कमी और किसानों की अलग-अलग समस्याओं को लेकर किए गए बड़े प्रदर्शन को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हल्की झड़प और धक्का-मुक्की देखने को मिली। कांग्रेस नेता कलेक्टर को किसानों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपना चाहते थे, लेकिन कलेक्टर नहीं मिले तो कुत्ते के गले में ज्ञापन बांध दिया गया। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने ज्ञापन बंधे कुत्ते को ऊपर उठाया। कांग्रेस के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने कहा कि मैं शासन-प्रशासन और पुलिस को चेतावनी देना चाहता हूं। मैं पूछना चाहता हूं कि कितने लोगों पर एफआईआर करोगे, कितने लोगों को गिरफ्तार करोगे?

केंद्र की नीति को लागू करने वाले पहले राज्य का गौरव हासिल

# खनिज ब्लॉकों की नीलामी में मप्र को देश में मिला पहला स्थान

**2022-23 में 29 खनिज ब्लॉकों की नीलामी की**

खनन मंत्रियों के सम्मेलन में प्रथम-द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश खनिज नीलामी के क्षेत्र में देश में अग्रणी बनकर उभरा है। राज्य ने 2022-23 में 29 खनिज ब्लॉकों की नीलामी कर देश में पहला स्थान प्राप्त किया। हाल ही में प्रदेश ने क्रिटिकल मिनरल्स की नीलामी कर केंद्र सरकार की नीति को लागू करने वाला देश का पहला राज्य बनने का गौरव भी हासिल किया है। खनिज ब्लॉकों की सर्वाधिक नीलामी के लिए मध्यप्रदेश को भारत सरकार ने वर्ष 2022 और वर्ष 2025 में खनन मंत्रियों के सम्मेलन में प्रथम और द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया है।



**पहली बार 10 हजार करोड़ से अधिक का राजस्व**

वित्तीय वर्ष 2024-25 में मध्यप्रदेश ने खनिज राजस्व संग्रहण में पिछले वर्ष की तुलना में 23 प्रतिशत वृद्धि दर्ज करते हुए पहली बार 10 हजार करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व प्राप्त किया। वर्ष 2023-24 में यह आंकड़ा 4,958 करोड़ रुपए था। अब तक प्रदेश ने कुल 103 खनिज ब्लॉकों की सफल नीलामी की है, जिससे भविष्य में एक लाख 68 हजार करोड़ रुपए से अधिक राजस्व मिलने की संभावना है।

**सटीक निगरानी**

अवैध खनन और परिवहन रोकने के लिए प्रदेश में 41 एआई आधारित ई-चेकगेट स्थापित किए जा रहे हैं। इसके अलावा ड्रोन और उपग्रह आधारित निगरानी प्रणाली से खदानों की जियो-टैगिंग और 3-डी इमेजिंग कर खनिज उत्खनन की सटीक निगरानी की जा रही है। जिला खनिज विभाग के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, महिला-बाल कल्याण, स्वच्छता और कौशल विकास जैसे क्षेत्रों में 16,452 परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं।

**कटनी में 23 को खनिज उद्योग पर केंद्रित कॉन्क्लेव**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि खनिजों की प्रचुरता और राज्य सरकार की निवेश अनुकूल नीतियों के कारण मध्यप्रदेश देश की औद्योगिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। खनन क्षेत्र में प्रदेश की उपलब्धियों से राज्य की अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है। देश के औद्योगिक विकास और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने में भी प्रदेश का योगदान सुनिश्चित हो सकेगा। कटनी में 23 अगस्त को खनिज औद्योगिक विकास पर केंद्रित कॉन्क्लेव आयोजित हो रहा है।

नरेला में रक्षाबंधन महोत्सव का समापन

# रिकॉर्ड 1 लाख 84 हजार 632 बहनों ने सारंग को बांधे रक्षा-सूत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विश्व के सबसे बड़े रक्षाबंधन महोत्सव का बुधवार को समापन हुआ। मंत्री तथा नरेला विधायक विश्वास कैलाश सारंग को रिकॉर्ड 1 लाख 84 हजार 632 बहनों ने रक्षा-सूत्र बांधकर नया स्वर्णिम कीर्तिमान स्थापित किया।

विगत 16 वर्षों से निरंतर आयोजित इस विश्वविख्यात रक्षाबंधन महोत्सव में नरेला विधानसभा के सभी 17 वार्डों सहित भोपाल के विभिन्न क्षेत्रों से बहनों ने भाग लेकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया। इस मौके पर श्री सारंग ने कहा कि यह महोत्सव केवल एक पर्व नहीं बल्कि बहनों और भाइयों के अटूट विश्वास का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष 1 लाख 82 हजार से अधिक बहनों ने राखी बांधकर आशीर्वाद दिया था। इस वर्ष यह संख्या और बढ़कर 1 लाख 84 हजार 632 हो गई। यह स्नेह और विश्वास ही मुझे जनसेवा के लिए निरंतर शक्ति प्रदान करता है।



**अंतिम दिन भी उमड़ा बहनों का जनसैलाब**

अंतिम दिन के कार्यक्रमों में उत्साह देखते ही बनता था। नरेला विधानसभा के वार्ड 41 एवं 59 में आयोजित महोत्सव में बहनों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। इस अवसर पर राखी बांधने आई हर बहन को उपहार स्वरूप छाता, साड़ी, अभिमंत्रित रुद्राक्ष प्रदान किया गया और भोजन की विशेष व्यवस्था की गई।

**लव जिहाद और नशे के खिलाफ बना जनआंदोलन**

मंत्री सारंग ने कहा कि रक्षाबंधन महोत्सव अब केवल राखी का पर्व नहीं, बल्कि नारी शक्ति के सम्मान का भी मंच बन चुका है। लव जिहाद और नशे की काली छाया में बहनों को फंसाने वाले तत्वों के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार का धर्म स्वातंत्र्य कानून इस लड़ाई को और अधिक सशक्त बनाता है। विश्वास विजय वाहिनी हर पीड़ित परिवार को कानूनी व सामाजिक सहायता उपलब्ध कराएगी।

मोनू ने कहा, लेन-देन के जरिए दिया पद

# जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष की नियुक्ति का विरोध, राहुल गांधी को लिखा खून से पत्र



विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

कांग्रेस द्वारा घोषित जिलाध्यक्षों के खिलाफ विरोध के स्वर रुक नहीं रहे हैं। राजधानी भोपाल और इंदौर के अध्यक्षों के खिलाफ भी कांग्रेस नेताओं ने मोर्चा खोल दिया है।

भोपाल कांग्रेस के पूर्व शहर अध्यक्ष प्रदीप सक्सेना 'मोनू' ने मंगलवार को भोपाल के बिट्टन मार्केट चौराहे पर राजीव गांधी की प्रतिमा के सामने खून से पत्र लिखकर राहुल गांधी से न्याय की मांग की। मोनू ने कहा कि भोपाल के नए जिला अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना को लेन-देन के जरिए पद दिया गया है। उनका यह भी आरोप है कि प्रवीण सक्सेना के भाजपा नेताओं से भी संबंध हैं। उन्होंने ऐलान किया कि वे दिल्ली जाकर राहुल गांधी के सामने आमरण की कोशिश करेंगे।

**व्यापमं घोटाले के आरोपियों को पद देने**

मोनू सक्सेना ने कहा कि वे लंबे समय से कांग्रेस संगठन के लिए संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन उनकी आवाज को दबाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ नेता राहुल गांधी को अंधेरे में रखकर व्यापमं घोटाले के आरोपियों को संगठन में पद दे रहे हैं। विरोध प्रदर्शन के दौरान मोनू सक्सेना के समर्थकों ने जमकर नारेबाजी की और आंदोलन को आगे भी जारी रखने की चेतावनी दी। सक्सेना पहले भी सार्वजनिक रूप से विरोध प्रदर्शन कर चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया था कि पद पाने के लिए डेढ़ करोड़ रुपए की कीमत वाली फिप्डेर कार गिफ्ट की गई थी। मोनू का दावा है कि वे जल्द ही इस मामले में सबूतों के साथ खुलासा करेंगे।

**महिला मोर्चा की पूर्व अध्यक्ष ने लिखा नेतृत्व को पत्र**

इंदौर के नवनियुक्त कांग्रेस शहर अध्यक्ष चिंटू चौकसे और जिला अध्यक्ष विपिन वानखेड़े का भी कांग्रेस कार्यकर्ता लगातार विरोध कर रहे हैं। अब इंदौर शहर कांग्रेस की पूर्व महिला मोर्चा की अध्यक्ष और कांग्रेस के दिग्गज नेता अनिल शुक्ला की बेटी साक्षी शुक्ला डागा ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी को पत्र लिखा है। साक्षी ने मांग की है कि 'एक व्यक्ति-एक पद' का इंदौर में उल्लंघन हो रहा है, जिस पर तत्काल कार्रवाई होना चाहिए। सितंबर 2022 में राहुल गांधी ने सभी नेताओं को यह स्पष्ट रूप से निर्देश दिया था।

**इंदौर में एक नेता को सौंप दिए गए दो पद**

साक्षी ने पत्र में लिखा है कि इंदौर में दो सबसे महत्वपूर्ण पद शहर कांग्रेस अध्यक्ष और नगर निगम में विपक्ष के नेता एक ही व्यक्ति को सौंपे गए हैं। इस निर्णय ने कार्यकर्ताओं का मनोबल पूरी तरह से तोड़ दिया है। उन्होंने लिखा कि इंदौर के कार्यकर्ताओं की ओर से मैं आपसे तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई करने का विनम्र अनुरोध करती हूं।

78 हजार से अधिक प्रकरणों का 90 दिन में किया निराकरण

# उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग में 3 लाख 7 हजार से अधिक प्रकरण निराकृत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग में उपभोक्ताओं के आवेदन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

जून 2025 तक कुल 3 लाख 7 हजार 536 प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है। कुल प्राप्त प्रकरण संख्या 3 लाख 31 हजार 789 हैं। राजपूत ने बताया कि निराकृत प्रकरणों में से 78 हजार 20 प्रकरणों का निराकरण 90 दिन में किया गया।

**इतने हुए निराकरण**

उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग अंतर्गत जिला अनूपपुर में 475, अशोकनगर में 2365, बड़वानी 1093, बालाघाट 3571, बैतूल 2228, भिंड 6175, भोपाल क्र-एक 19 हजार 498, भोपाल क्र-2 4395, बुरहानपुर 1739, छतरपुर 6579, छिंदवाड़ा 6479, दमोह 5634, दतिया 5821, देवास 3313, धार 4337, डिंडोरी 676, गुना 10 हजार 865, ग्वालियर 23 हजार 210, हरदा 3014, इंदौर क्रं-1 में 27 हजार 916, इंदौर क्रं-2 में 5863, जबलपुर क्रं-1 में 15 हजार 464, जबलपुर क्रं-2 में 3566, झाबुआ 1288, कटनी 3781, खंडवा 6081, मंडला 4785, मंडलेश्वर 4063, मंदसौर 7954, मुरैना 9162, नर्मदापुरम 5597, नरसिंहपुर 2536, नीमच 1995, पन्ना 1585, रायसेन 1193, राजगढ़ 5050, रतलाम 3999, रीवा 11 हजार 904, सागर 9297, सतना 11 हजार 65, सीहोर 6565, सिवनी 4051, शहडोल 1801, शाजापुर 3190, श्योपुर 2258, शिवपुरी 11 हजार 84, सीधी 2172, टीकमगढ़ 3428, उज्जैन 12 हजार 537, उमरिया 485 और विदिशा में 4354 प्रकरणों का निराकरण हुआ है।

स्कूल शिक्षा मंत्री ने पाठ्य पुस्तक निगम की बैठक ली

# सरकारी स्कूलों की पाठ्य पुस्तकों का मुद्रण कार्य उच्च गुणवत्तापूर्ण हो: सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने बुधवार को मंत्रालय में पाठ्य पुस्तक निगम की गवर्निंग बॉडी की बैठक ली। स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह ने बैठक में कहा कि शैक्षणिक सत्र वर्ष 2026-27 में पाठ्य पुस्तक निगम द्वारा मुद्रित की जाने वाली किताबें उच्च गुणवत्ता की हों। उन्होंने कहा कि मुद्रण कार्य से जुड़ी सभी प्रक्रियाएं तय समय-सीमा में पूरी की जाएं।

उन्होंने कहा कि पाठ्य पुस्तकों का वितरण शैक्षणिक सत्र शुरू होते ही पूरा किया जाये। यह व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बैठक में सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. संजय गोयल, आयुक्त लोक शिक्षण श्रीमती शिल्पा गुप्ता, वित्त, माध्यमिक शिक्षा मंडल के प्रतिनिधि भी मौजूद थे।

**करीब 9 करोड़ पाठ्य पुस्तकों का मुद्रण होगा**



बैठक में पाठ्य पुस्तक निगम के एमडी विनय निगम ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 में करीब 9 करोड़ पाठ्य पुस्तकों का मुद्रण होगा। इसके लिये ई-टेंडरिंग प्रक्रिया के तहत निविदा की प्रक्रिया होगी। निगम शैक्षणिक सत्र 2026-27 में 10 मार्च 2026 तक सभी पाठ्य पुस्तकों का मुद्रण कार्य पूरा कर लेगा। बैठक में बताया गया कि इस वर्ष अप्रैल 2025 में शैक्षणिक सत्र शुरू होते ही निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण शुरू किया गया था। इस वर्ष अब तक लगभग सभी पाठ्य पुस्तकों का वितरण विद्यार्थियों को किया जा चुका है।

किसान मोर्चा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा की बैठक

# कार्यकर्ता संकल्पों, सिद्धांतों के साथ भाजपा की विजय यात्रा में योगदान दें: रविंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के भोपाल जिला अध्यक्ष रविंद्र यति, जिला प्रभारी महेंद्र यादव ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में किसान मोर्चा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा एवं युवा मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक को संबोधित करते हुए भोपाल जिला अध्यक्ष रविंद्र यति ने कहा कि भाजपा एक परिवार है और परिवार में बालक स्वयं की चिंता नहीं करता, उसकी चिंता अभिभावक करता है।

उसी तरह मोर्चा कार्यकर्ता भी अपनी चिंता छोड़कर पार्टी की विचारधारा, संगठन और अपने काम की चिंता करना चाहिए। यदि आप पार्टी की चिंता करेंगे, तो आपकी चिंता पार्टी नेतृत्व करेगा। मोर्चा के कार्यकर्ता भाजपा संगठन की ऑक्सीजन हैं। कांग्रेस जैसी पार्टियां सामाजिक ताने-बाने को तोड़ना चाहती है।

**ऐतिहासिक विजय के स्मरण के साथ आगे बढ़ते रहें**



भोपाल जिला प्रभारी महेंद्र सिंह यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार देश का लगातार विकास करते हुए भारत को दुनिया का नंबर एक देश बनाने में जुटी है। उन्होंने कहा कि युद्ध के मोर्चे में जिस प्रकार विजय प्राप्त करने के बाद सेना अपने पड़ाव की ओर आगे बढ़ती जाती है, लेकिन बीते युद्धों का स्मरण भी हमेशा करती रहती है, ताकि आने के युद्ध भी वह आसानी से जीतती रहें। इसी प्रकार मोर्चा के कार्यकर्ता भी वर्ष 2023 के विधानसभा और वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के ऐतिहासिक विजय के स्मरण के साथ आगे बढ़ते रहें और आने वाले समय में होने वाले किसी भी चुनाव में भाजपा की इस विजय यात्रा को आगे बढ़ाने में अपना अमूल्य योगदान देते रहें।

आजीविका फ्रेश मेला भोपाल हाट में 23 एवं 24 अगस्त को

# स्व-सहायता समूहों के स्टॉल पर मिलेंगे रसायन रहित कृषि उत्पाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत स्व-सहायता समूहों का दो दिवसीय आजीविका फ्रेश मेला भोपाल हाट में 23 एवं 24 अगस्त को आयोजित किया जा रहा है। मेले का शुभारंभ 23 अगस्त को प्रातः 10 बजे पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर विभाग की राज्यमंत्री राधा सिंह भी उपस्थित रहेंगी।

मेले में विभिन्न जिलों से आ रही स्व-सहायता समूहों की दीदियों द्वारा रसायन रहित एवं जैविक तरीके से उगाए हुए कृषि उत्पादों, दुग्ध उत्पादों सहित अन्य उत्पादों का विक्रय सह प्रदर्शन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्व-सहायता समूहों के उत्पादों को वृहद बाजारों से जोड़ने के लिए अनेक प्रयास आजीविका मिशन द्वारा किए जा रहे हैं।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री पटेल करेंगे मेले का शुभारंभ



**मेला सुबह 11 बजे से रात 9.30 बजे तक चलेगा**

इसी क्रम में स्व-सहायता समूहों का दो दिवसीय आजीविका फ्रेश मेला अरेरा हिल्स पर स्थित भोपाल हाट परिसर में आयोजित किया जा रहा है, मेला प्रातः 11 बजे से रात्रि 9.30 बजे तक चलेगा। मेले में विभिन्न जिलों से आ रही ग्रामीण स्व-सहायता समूहों की दीदियों द्वारा 55 स्टॉल लगाए जाएंगे। समूहों से जुड़े परिवारों को कम लागत में अधिक उपज के लिए कृषि एवं पशुपालन की उन्नत तकनीकि अपनाने के लिए कृषि सखियों व पशुपालन सखियों द्वारा सहयोग दिया जा रहा है।

**मेले में यह उत्पाद रहेंगे खास**

मेले में मुख्य रूप से अनाज, दलहन, तिलहन, सब्जियां एवं फल दुग्ध आधारित उत्पादों में देशी गाय एवं गिर गाय का घी, पनीर, सोयाबीन उत्पादों में टोफू, सोया बड़ी, मशरूम आधारित उत्पादों में सूखा मशरूम, अचार, पाउडर, कुकीज, जंगल की शुद्ध शहद, महुआ उत्पादों में महुआ कुकीज, लड्डू, नमकीन महुआ, लघु वनोपज में आंवला कैंडी, मुरब्बा, मिलेट उत्पादों में कोदो, कुटकी, चावल कुकीज, लड्डू, खीर, सहित जैविक खाद, जैविक कीटनाशक, गो आधारित उत्पादों में गोबर की मूर्ति, दीये, कंडे आदि शामिल हैं। क्षेत्रीय प्रसिद्ध कृषि उत्पादों में नरसिंहपुर जिले की तुअर (अरहर) दाल एवं गुड़, बालाघाट जिले का चिन्नौर चावल, सिवनी जिले का जीरा शंकर चावल तथा क्षेत्रीय खान-पान में मालवा, निमाड़, चंबल-ग्वालियर, विंध्य आदि क्षेत्रों के प्रसिद्ध खान-पान व्यंजनों तथा हर्बल पेय का आनंद इस मेले में लिया जा सकता है। कला में रुचि रखने वालों के लिए यहां पारंपरिक कलाओं को देखने एवं सीखने का अवसर भी मिलेगा। भोपाल शहर एवं आस-पास के क्षेत्र से मेले में खरीदारी के लिए आने परिवारों को क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा कला प्रदर्शन एवं मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी की जाएंगी।




# भोपाल से लखनऊ के बीच जल्द दौड़ेगी 20 कोच की अत्याधुनिक वंदेभारत एक्सप्रेस

## भोपाल मंडल की मांग पर रेलवे बोर्ड ने दी स्वीकृति

### अतिरिक्त डिब्बों की वजह से ट्रेन की यात्री क्षमता लगभग 25 प्रतिशत बढ़ जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल से लखनऊ की यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए राहत मिलने वाली है। जल्द ही इस रूट पर 20 कोच की अत्याधुनिक वंदे भारत एक्सप्रेस दौड़ने लगेगी। पहले यह ट्रेन 16 कोच के साथ प्रस्तावित थी। लेकिन यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे बोर्ड ने भोपाल मंडल की मांग पर अतिरिक्त चार कोच की स्वीकृति दे दी है।

इससे अब यात्रियों को अधिक सीटें और आरामदायक यात्रा का लाभ मिलेगा। इसके चलते लखनऊ सहित यूपी जाने वाले यात्रियों को फायदा होगा।

काम की खबर

*पहले यह ट्रेन 16 कोच के साथ प्रस्तावित थी*



*उल्लेखनीय है कि भोपाल से दिल्ली और रीवा के बीच वर्तमान में 16-कोच वाली दो वंदे भारत ट्रेनें संचालित हो रही हैं। ये ट्रेनें पूरी तरह से भरी रहती हैं। प्रत्येक 16-कोच वाली ट्रेन में कुल 1,128 यात्रियों के बैठने की व्यवस्था है। इसमें दो फर्स्ट कोच शामिल हैं, जिनमें प्रत्येक में 52 सीटें होती हैं, जबकि शेष कोचों में 78-78 यात्रियों के बैठने की जगह होती है। अब भोपाल से लखनऊ वाले रूट पर 20 कोच वाली नई वंदे भारत ट्रेन शुरू होने जा रही है। अतिरिक्त डिब्बों की वजह से इसकी क्षमता लगभग 25 प्रतिशत बढ़ जाएगी। इससे अधिक संख्या में यात्री एक साथ यात्रा कर सकेंगे और उन्हें आरक्षण में भी सुविधा मिलेगी।*

### आरकेएमपी पर होगा मेंटेनेंस

*रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत एक्सप्रेस की पिट लाइन बनने के बाद इसका रैक सीधे भोपाल में उपलब्ध होगा। इससे ट्रेन की देखरेख और संचालन में आसानी होगी। पहले वंदे भारत ट्रेनों की पिट लाइन की कमी से रखरखाव संबंधी दिक्कतें आती थीं, लेकिन इसके बनने से ट्रेन के मरम्मत करने और साफ-सफाई की व्यवस्था बेहतर होगी, जिससे यात्रियों को बेहतर सेवा और समय पर ट्रेन संचालन का लाभ मिलेगा। रेलवे सूत्रों के अनुसार भोपाल-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस से जुड़ा आधिकारिक नोटिफिकेशन अगस्त के अंतिम सप्ताह में जारी किया जा सकता है। इसके बाद ट्रेन के संचालन की समय-सारणी, किराया और ठहराव की जानकारी भी सार्वजनिक कर दी जाएगी। 20 कोच की वंदे भारत एक्सप्रेस में अधिक यात्री सफर कर पाएंगे। यह ट्रेन आधुनिक सुविधाओं से लैस होगी और तेज रफ्तार के साथ कम समय में यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाएगी। भोपाल और लखनऊ के बीच के अलावा रास्ते में आने वाले शहरों के यात्रियों को भी इससे सीधा लाभ होगा।*

---

### पांच महीनों में 35 हजार प्रॉपर्टी के सौदे गणेशोत्सव में रहेगी धूम

**भोपाल।** पिछले पांच महीने से ठंडे पड़े प्रॉपर्टी के बाजार में गणेशोत्सव से बूम आने की उम्मीद है। इस त्यौहार के बाद पितृपक्ष लगने से प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री कम होती हैं, ऐसे में 11 दिन के इस पर्व के दौरान पंजीयन दफ्तरों में भीड़ रहेगी। हालांकि एक अप्रैल से 19 अगस्त तक जिले में 35 हजार 999 रजिस्ट्री दर्ज की गई हैं, जिससे विभाग को 436 करोड़ रुपए की आमदनी हुई है। हर में हर साल प्रॉपर्टी के दामों में बढ़ोतरी की जा रही है, लेकिन लोग अपने बजट के अनुसार प्लॉट, जमीन, मकान और फ्लैट की खरीदारी कर रहे हैं। यही वजह है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के पांच महीने में 35 हजार से अधिक रजिस्ट्री हुई है, जिनसे पंजीयन विभाग को करीब 436 करोड़ रुपए की आमदनी हुई है। पिछले साल भी गणेशोत्सव के शुभ दिनों में रिकार्ड डेढ़ हजार से अधिक रजिस्ट्रियां हुई थीं। आईएसबीटी, परी बाजार और बैरसिया स्थित पंजीयन दफ्तरों में भीड़ उमड़ेगी। इन कार्यालयों में 13 सब रजिस्ट्रार पदस्थ हैं। संपदा 2.0 लांच होने के बाद प्रॉपर्टी खरीदारों को आसानी हो गई है। गवाहों को दफ्तर आने की भी जरूरत नहीं पड़ती है। इसके साथ प्रक्रिया पूरी होने के बाद दस मिनट में रजिस्ट्री का प्रिंट जारी कर दिया जाता है। पंजीयन कार्यालयों में रजिस्ट्री का काम जारी है। वहीं गणेशोत्सव के शुभ दिनों में उम्मीद है कि आम दिनों की अपेक्षा अधिक रजिस्ट्री होंगी।

---

## जांच के बाद ईओडब्ल्यू ने अन्य अधिकारियों को भी धोखाधड़ी में बनाया आरोपी

# भोज मुक्त विवि में 66 कर्मियों की नियुक्ति करने वाले तत्कालीन निदेशक पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) ने भोज मुक्त विश्वविद्यालय के तत्कालीन निदेशक और अन्य अधिकारियों पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। तत्कालीन निदेशक को महज एक दिन के लिए कुलसचिव का अस्थाई प्रभार मिला था। इसी दौरान उन्होंने 66 कर्मचारियों को स्थाई नियुक्ति दे दी। इनमें कंप्यूटर ऑपरेटर, लिपिक, भृत्य वाहन चालक, तकनीकी स्टाफ, सहायक प्राध्यापक, स्टेनोग्राफर आदि शामिल हैं।

ईओडब्ल्यू ने बताया कि सुधाकर सिंह राजपूत ने 25 फरवरी 2020 को आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ, भोपाल में लिखित शिकायत की थी। शिकायत में उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय भोपाल के तत्कालीन निदेशक और प्रभारी कुलसचिव प्रवीण जैन ने शासन के निर्धारित नियमों और प्रक्रियाओं की अवहेलना की है। उन्होंने बड़ी संख्या में दैनिक वेतनभोगी और संविदा कर्मचारियों को अवैध रूप से नियमित कर दिया। यह नियुक्तियां बिना शासकीय स्वीकृति, बिना चयन प्रक्रिया और बिना पद सृजन के की गई हैं। इससे शासन को करोड़ों रुपए का आर्थिक नुकसान हुआ। साथ ही यह भी आरोप था कि जैन ने विभागीय आदेशों को गलत तरीके से लागू कर कर्मचारियों को नियम विरूद्ध लाभ पहुंचाया है।

तत्कालीन निदेशक को महज एक दिन के लिए कुलसचिव का अस्थाई प्रभार मिला था




### इन पदों पर कर डाली नियुक्तियां

*ईओडब्ल्यू की जांच में यह तथ्य सामने आए कि वर्ष 2013-14 में भोज मुक्त विश्वविद्यालय में कुलसचिव की अनुपस्थिति में निदेशक प्रवीण जैन को 1 अक्टूबर 2013 और 27 नवंबर 2014 कुलसचिव का अस्थायी प्रभार दिया गया था। शासन के आदेशानुसार इस प्रकार का प्रभार निदेशक जैसे शैक्षणिक पदाधिकारी को देना न केवल अनुचित था, बल्कि स्पष्ट रूप से नियमों के खिलाफ था। बावजूद इसके प्रवीण जैन ने इस अल्पकालिक प्रभार का दुरुपयोग करते हुए कुल 66 कर्मचारियों की नियमविरु, नियुक्तियां की और नियमित कर दिया। इनमें कंप्यूटर ऑपरेटर लिपिक, भृत्य वाहन चालकए तकनीकी स्टाफ, सहायक प्राध्यापक, स्टेनोग्राफर आदि शामिल हैं।*

## *हाईकोर्ट के आदेश के बाद कांग्रेस विधायक मसूद पर एफआईआर*

कोहेफिजा पुलिस ने कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद पर धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। उक्त एफआईआर हाईकोर्ट के आदेश के बाद की गई। विधायक मसूद पर आरोप थे कि उन्होंने फर्जी दस्तावेज के सहारे कॉलेज को मान्यता दिलवाई थी। जांच के बाद मिलीभगत करने वाले कुछ अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई होने की संभावना है। जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश हाईकोर्ट जबलपुर ने इंदिरा प्रियदर्शनी कॉलेज की मान्यता प्राप्त करने के मामले में सुनवाई की थी। इस दौरान यह बात सामने आई कि कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद द्वारा फर्जी दस्तावेजों से कॉलेज की मान्यता प्राप्त की है। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को आदेश दिए कि इस पूरे मामले की अब एसआईटी जांच करेगी।



### 90 दिन में एसआईटी अपनी जांच रिपोर्ट पेश करेगी


*हाईकोर्ट ने यह भी कहा कि 90 दिन में एसआईटी अपनी जांच रिपोर्ट पेश करेगी। इसके अलावा उच्च न्यायालय ने आदेश दिया था कि तीन दिन के अंदर आरिफ मसूद के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि बिना राजनीतिक संरक्षण इतने सालों तक कॉलेज नहीं चल सकता था। इंदिरा प्रियदर्शनी कॉलेज का संचालन अमन एजुकेशन सोसाइटी करती है। कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद इस सोसाइटी के सचिव हैं। यह कॉलेज भोपाल के खानूगांव में स्थित है। इस मामले की शिकायत पूर्व विधायक ध्रुवनारायण सिंह ने की थी। जांच के बाद आयुक्त उच्च शिक्षा ने माना कि अमन एजुकेशन सोसाइटी ने इंदिरा प्रियदर्शनी कॉलेज के संचालन के लिए फर्जी दस्तावेजों पर एनओसी और मान्यता ली। इसके बाद कॉलेज की मान्यता रद्द कर दी गई है। हालांकि छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए कॉलेज को बंद नहीं किया गया था।*

---

### अमृत प्रोजेक्ट का सीएम करेंगे भूमिपूजन

## 700 किमी पाइपलाइन से तीस हजार घरों को मिलेगा पानी का कनेक्शन





हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अमृत 2.0 प्रोजेक्ट में शहर में 700 किमी की नई पाइपलाइन बिछाई जाएगी, जिससे करीब 30 हजार घरों को पानी का कनेक्शन दिया जा सकेगा। 450 कवर्ड कैंपस कॉलोनियों को कनेक्शन दिए जाएंगे। इन कॉलोनियों में 36 नए ओवरहेड टैंक बनाए जाएंगे। यह प्रोजेक्ट की शुरुआत गुरूवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे, जिसकी लागत 582 करोड़ रुपए आंकी गई है।

शहर की 25 लाख आबादी को अभी रोजाना 440 एमएलडी वॉटर सप्लाई किया जा रहा है। लेकिन साल 2040 तक शहर में रोजाना 575 एमएलडी पानी की जरूरत होगी। इस लिहाज से शहर में 135 एमएलडी पानी की जरूरत है। प्रोजेक्ट में ओवर हेड टैंक सहित इंटकवेल और वाटर डिस्ट्रिब्यूशन लाइनें बिछाने की तैयारी शुरू हो गई है।

### रातीबड़, नीलबड़, मालीखेड़ी में भी मिलेगा पानी

शहर में बसाहट वाली नई कॉलोनियों को भी इस प्रोजेक्ट में जोड़ा जा रहा है। इसमें रातीबड़, नीलबड़, मालीखेड़ी, हथाईखेड़ा, बागली, दानिश हिल्स, गुराड़ी घाट, लहारपुर और अरविंद बिहार जैसे इलाके सहित लगभग 450 कवर्ड कैम्पस कॉलोनियां और झुग्गी बस्तियों में पर्याप्त मात्रा में पानी सप्लाई होगा।

### वार्ड में सड़क, नाली पुलिया भी बनेगी

मुख्यमंत्री वार्डों में सड़क, नाली, पुलिया, रोड क्रॉस जैसे काम लगभग 16 करोड़ 76 लाख की लागत से होंगे। वहीं निगम के दिवंगत कर्मचारियों के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति पत्र और स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में भोपाल को देश में उत्कृष्ट स्थान दिलाने वाले 10 सफाई मित्रों का सम्मान भी होगा। कार्यक्रम की तैयारियों में निगम प्रशासन जुट गया है।

---

# खिलाड़ियों के कारतूस खरीदकर महंगे दामों पर बेचने की आशंका

## *जिला प्रशासन ने आर्म्स डीलरों की ओर से बेचे गए कारतूस के रिकॉर्ड की जांच शुरू की*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में गन के कारतूस की खरीद-फरोख्त में बड़ी गड़बड़ी की आशंका है। जिसके तहत खेल विभाग से जुड़े नेशनल और इंटरनेशनल खिलाड़ियों ने कारतूस की खरीद-फरोख्त में गड़बड़ी की है।

जानकारी मिलने के बाद जिला प्रशासन ने आर्म्स डीलरों द्वारा बेचे गए कारतूस के रिकार्ड की जांच शुरू कर दी है। दरअसल प्रख्यात शूटर्स को एक से डेढ़ लाख तक का प्रति वर्ष कोटा दिया जाता है। पता



चला है कि शूटर्स ने कारतूस खरीदकर महंगे दामों पर बेचे हैं। जानकारी के मुताबिक जिला प्रशासन ने राजधानी के आधा दर्जन डीलरों की जांच शुरू कर दी है । दो दिन पहले बैरागढ़ एसडीएम रविशंकर राय के साथ पहुंची टीम ने सैफिया कालेज स्थित शाह आर्मरी का रिकार्ड खंगाला। जांच करने पर पता चला कि संचालक ने रजिस्टर में बेचे गए कारतूस की आधी -अधूरी जानकारी दर्ज की है। रिकार्ड में कई जगह पर लाइसेंस नंबर और मोबाइल नंबर गायब हैं। इसी तरह अन्य आर्म्स डीलर की भी जांच की जा रही है।बताया जाता है कि आर्म्स डीलर्स ने शूटर्स के साथ सांठगांठ कर बिना रिकार्ड के बाजार में कारतूस की खरीद-फरोख्त की है। जिसको लेकर जिला प्रशासन जांच कर रहा है।

### जांच के बाद आगे की कार्रवाई होगी

अपर कलेक्टर प्रकाश नायक का कहना है कि हम जो आर्म्स डीलर्स की जांच करवा रहे हैं। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

---

कलेक्टर से शिकायत के बाद कार्रवाई करने पहुंचा था निगम का अमला

## *कॉलोनी का गेट हटाने का विरोध फिर रहवासियों ने खुद हटवाया*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

त्रिलंगा स्थित फारच्यून प्राइड सिटी कॉलोनी के प्रवेश द्वार पर लगे अवैध जाली के गेट को तोड़ने पहुंची निगम की टीम को रहवासियों के विरोध का सामना करना पड़ा। दरअसल कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह से अवैध गेट के संबंध में शिकायत हुई थी। जिसके बाद निगम का अतिक्रमण निरोधक दल दोपहर करीब साढ़े बारह बजे गेट को हटाने पहुंचा।

स्थानीय रहवासी गेट के सामने आकर गेट को हटाने का विरोध करने लगे। स्थानीय रहवासी करीब दो घंटे तक विरोध किया। स्थानीय लोगों का कहना था कि बिना नोटिस दिए आप गेट नहीं हटा सकते। काफी देर बाद जब



मामला शांत हुआ तब स्थानीय रहवासियों ने खुद से प्रवेश द्वार पर लगे जाली के गेट को हटा दिया। अतिक्रमण प्रभारी सृष्टि भदौरिया ने बताया कि कलेक्टर से अवैध गेट के संबंध में शिकायत की थी। गेट हटाने गए तब लोगों ने विरोध किया, लेकिन कुछ समय बाद उन्होंने खुद से प्रवेश द्वार पर लगे जाली के गेट को हटा दिया।

---


### तीन लाख 42 हजार परिवारों की पड़ताल में खुलासा, तीन केटेगरी में जांच के बाद गड़बड़ी आई सामने

# बीपीएल लिस्ट में आयकर दाता, कंपनी संचालक शामिल, दस हजार परिवारों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के तीन लाख 42 हजार बीपीएल परिवारों की पड़ताल का काम खाद्य विभाग ने शुरु कर दिया है। जिसके तहत दस हजार दो सौ परिवार के लोगों को नोटिस भेजकर जवाब तलब किया गया है।

इन लोगों को अगले पंद्रह दिनों में जवाब पेश करना पड़ेगा, जिसके आधार पर इनका नाम बीपीएल में जुड़ा रहेगा या यह परिवार बाहर होंगे, यह तय किया जाएगा। इस पड़ताल में छह लाख से अधिक आय, आयकरदाता और कंपनी या फर्म में उच्च पदों पर काम करने वाले लोग शामिल हैं। प्रदेश स्तर पर इन तीन केटगरी में 1 लाख 61 हजार 452 परिवारों को नोटिस दिए जा रहे हैं।



### *पिछले एक साल से नए बीपीएल परिवार और नए सदस्यों के नाम की पर्चियां जारी नहीं*

*राजधानी में बीपीएल परिवारों की तादाद तेजी से बढ़ रही है, जिसको देखते हुए खाद्य विभाग ने पिछले एक साल से नए बीपीएल परिवार और नए सदस्यों के नाम की पर्चियां जारी नहीं की हैं। खाद्य विभाग के अफसरों का तर्क है कि भोपाल जिले में बीपीएल परिवारों की संख्या अधिक हो गई है। जिसको देखते हुए खाद्य विभाग ने परिवारों की पड़ताल शुरु कर दी है। जिसमें छह लाख रुपए से अधिक आय, आयकरदाता और कंपनी या फर्म में उच्च पदों पर काम करने वाले और जीएसटी देने वाले लोगों को लिस्टेड किया गया है।*

### 487 नाबालिग और 61 शतायु की जांच

जिले में सौ साल से अधिक उम्र के 61 बुजुर्गों का वेरिफिकेशन किया जा रहा है, इसी के साथ 487 नाबालिग बीपीएल परिवार में मुखिया के रूप में जुड़े हुए हैं। इन लोगों की भी जांच शुरू कर दी गई है। खाद्य विभाग ने इन परिवार और सदस्यों की जांच के लिए एएसओ और जेएसओ को जिम्मेदारी सौंपी है, जो घर-घर जाकर फिजिकल वेरिफिकेशन कर रहे हैं।

### 81 हजार ने आधार से नहीं कराई ईकेवाईसी

जिले में अब तक करीब 81 हजार लोग ऐसे हैं। जिन्होंने आधार की ई-केवाईसी नहीं कराई है। इनको भी बार-बार पीडीएस दुकानदारों के जरिए सूचना पहुंचाई जा रही है कि वो तय समय पर अपनी ई-केवाईसी करा लें। वर्तमान में इन लोगों को भी राशन दिया जा रहा है।

### लिखित में दस्तावेजों के साथ देना पड़ेगा जवाब

डायरेक्टोरेट से मिले डेटा के हिसाब से आयकरदाता, छह लाख से अधिक आय और कंपनी, फर्म में जीएसटी देने वाले परिवारों को नोटिस दिए जा रहे हैं। इन्हें पंद्रह दिन में लिखित में दस्तावेजों के साथ जवाब देना पड़ेगा।

चंद्रभान सिंह जादौन
जिला आपूर्ति नियंत्रक

### संजय गुप्ता हिन्दू उत्सव समिति के पर्यवेक्षक नियुक्त

**भोपाल।** श्री हिन्दू उत्सव समिति भोपाल के मुखय चुनाव अधिकारी डॉक्टर पीसी कोठारी एडवोकेट ने श्री हिन्दू उत्सव समिति भोपाल के पूर्व अध्यक्ष संजय गुप्ता एडवोकेट को समिति के चुनाव के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। संजय गुप्ता वर्ष 1993 से लेकर 1996 की अवधि तक और इस अवधि के बाद भी श्री हिन्दू उत्सव समिति भोपाल के अध्यक्ष रह चुके हैं।



## जैकेट का शेष...

### अर्चना ने बताया-मेरा कोई ...

कर दी थी। परिजन शादी का दबाव बना रहे थे। इसी के चलते वह 7 अगस्त को इंदौर से कटनी जाते नर्मदापुरम के बाद इटारसी आउटर पर उतर गई थी। वहां से उसका दोस्त उसे बायरोड लेकर निकल गया था। एसपी रेल राहुल कुमार लोढ़ा ने बताया कि जिला कटनी निवासी अर्चना तिवारी (28) को यूपी के लखीमपुर खीरी से वहां की लोकल पुलिस की मदद से बरामद किया गया। पूछताछ में अर्चना ने पुलिस को बताया कि उसका अपहरण नहीं हुआ था, बल्कि वह अपनी मर्जी से बिना बताए गई थी। लापता रहने के दौरान उसके साथ कोई गलत हरकत नहीं हुई। वह अकेले रहकर सिविल जज की तैयारी करना चाहती थी। जबकि परिजन एक पटवारी से शादी करने का दबाव बना रहे थे। आगामी सात सितंबर को उसकी सगाई भी तय कर दी थी। जीआरपी को गुमराह करने के इरादे से अर्चना ने अपना मोबाइल और घड़ी तेजेंदर को दी और कहा कि इसे मिडघाट एरिए में फेंक देना। अर्चना अपना बैग ट्रेन में छोड़कर आई थी ताकि जीआरपी को लगे कि वह ट्रेन से गिर गई है। मिडघाट में लोकेशन मिलने के बाद जीआरपी ने एनडीआरएफ की मदद से सर्चिंग अभियान चलाया था और आसपास के थानों को भी सूचना दी थी।

### जीआरपी ने नर्मदा नदी और...

*प्रकरण दर्ज कर अर्चना की तलाश शुरू कर दी। जांच में पता चला कि सफर के दौरान अर्चना की अंतिम बार अपनी चाची से मोबाइल पर बात हुई थी। उस समय वह भोपाल में थी। उसके बाद मोबाइल बंद हो गया। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक किए।*

### शाह पर विपक्षी...

रखती है। शाह की ओर से पेश संविधान (एक सौ तीसवां संशोधन) विधेयक, 2025, केंद्र शासित प्रदेश सरकार (संशोधन) विधेयक, 2025, जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025 शामिल है।

### कहा- यह पूरी तरह से क्रूर...

तरह का केस दर्ज करा सकते हो, उन्हें बिना दोषी सिद्ध हुए 30 दिनों के लिए गिरफ्तार कर सकते हैं और फिर वह मुख्यमंत्री नहीं रह पाएंगे। यह पूरी तरह से संविधान-विरोधी, अलोकतांत्रिक और बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

### जनता की सेवा के...

सभी शुभचिंतकों से निवेदन करती हूं कि कृपया मुझसे मिलने के लिए परेशान न हों। मैं बहुत जल्द ही आपके बीच काम करती हुई दिखाई दूंगी।

### सीपी राधाकृष्णन ने...

नामांकन पत्रों के 4 सेट सौंपे हैं। नामांकन पत्रों के इन चार सेटों में पीएम मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और जदयू नेता राजीव रंजन सिंह मुख्य प्रस्तावक हैं। उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव 9 सितंबर को होना है और उसी दिन मतगणना भी होगी। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त है, जबकि उम्मीदवार 25 अगस्त तक अपना नामांकन वापस ले सकते हैं। उपराष्ट्रपति चुनाव में राज्यसभा के 233 निर्वाचित सांसद, राज्यसभा में मनोनीत 12 सांसद और लोकसभा के 543 सांसद वोट डाल सकते हैं। इस तरह के कुल 788 लोग वोट डाल सकते हैं।

### सहायक लेखाधिकारी...

स्रोता से अपने स्वयं के नाम, पत्नी विनिता, पुत्र शिशिर व पुत्रवधु सुनीता गौर के नाम पर लगभग 90,85,901 रूपए की अवैध संपत्ति अर्जित की। अस्पष्टीकृत तौर पर लभभग 9,00,666 रुपए खर्च किए।

## पेज एक का शेष...

### रतलाम-नर्मदापुम में...

इलाकों में पानी भर गया। कई जिलों में हालात बिगड़ने से स्थानीय प्रशासन अलर्ट मोड पर है। वहीं, इंदौर के तोड़ा क्षेत्र में एक जर्जर मकान भरभरा कर गिर पड़ा। जिस वक्त यह हादसा हुआ, तब न तो मकान के भीतर कोई था और न ही आसपास लोग खड़े थे। इस कारण कोई जनहानि नहीं हुई। समीप के खाली प्लॉट पर खुदाई की जा रही थी। इस कारण पास का मकान गिर पड़ा। तीन साल पहले जवाहर मार्ग से चंद्रभागा जूनी इंदौर की रिवर साइड रोड बनाने के लिए 50 से ज्यादा मकानों के आगे के हिस्से हटाए गए थे, लेकिन बचे हिस्से रहने लायक नहीं बचे थे। बुधवार दोपहर मकान गिरने की घटना के बाद आसपास के लोग डर गए।

### कहां-कैसे रहे ....

गए हैं। इनसे 43,010 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है।

### आज यहां ऑरेंज....

के साथ मध्यम बारिश का अनुमान है। मौसम केंद्र के अनुसार भोपाल में ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं है।

### अच्छा काम करेंगे ...

युवा कल्याण तथा सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, पिछड़ा वर्ग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर मौजूद थीं। इसके साथ हर मुख्य सचिव अनुराग जैन, नीति आयोग भारत सरकार के अपर सचिव रोहित कुमार और सदस्य प्रोफेसर रमेशचंद्र कार्यक्रम में शामिल हुए।

**मुख्य सचिव ने कहा- यदि डेटा सही कैप्चर होगा तो हमें वास्तविकता का ज्ञान मिलेगा:** मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कलेक्टरों और अधिकारियों से कहा कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि समीक्षा के दौरान के हमारे आंकड़े कितने सच्चे हैं, यह उसी पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि मेरी सभी साथियों से गुजारिश होगी कि यह सुनिश्चित करें कि यह कल्चर नीचे तक पहुंचे। गलत सही जो भी है, इस चक्कर में न पड़ें कि हमारी रैंकिंग बढ़ेगी या कम हो जाएगी। डेटा सही कैप्चर करें। यदि डेटा सही कैप्चर होगा तो हमें वास्तविकता का ज्ञान मिलेगा। उस हिसाब से हम डेटा बेस्ड पॉलिसी में सही निर्णय ले सकेंगे। यदि नीचे लोगों ने रैंकिंग के चक्कर में झूठ बोलना शुरु कर दिया तो आंकड़ों में सही स्थिति नहीं दिखेगी। जैन ने कहा कि वास्तविकता में हम देखते हैं कि अपने इंटरनल आंकड़ों में कुछ प्रतिशत और होता है और जब एक्सटर्नल सर्वे होता है तो प्रतिशत कुछ होता है। यह प्रतिशत कुछ हद तक गिर जाते हैं।

### प्रधानमंत्री ने 11 ....

मेडिकल कॉलेज खोलने वाला मप्र पहला राज्य बनने जा रहा है। इजराइल का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां बारिश बहुत सीमित होती है, लेकिन तकनीक की मदद से पानी की व्यवस्था की जाती है। इजराइल फसल लेने के साथ उतनी ही बारिश में हर काम करता है।

### मुख्यमंत्री ने इन ....

अवधेश शर्मा, विदिशा और ब्लॉक बासौदा के लिए कलेक्टर अंशुल गुप्ता (प्रशिक्षण पर), तत्कालीन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह, झाबुआ व ब्लॉक थांदला, मेघनगर, रामा व राणापुर के लिए सीईओ जिला पंचायत जितेंद्र सिंह चौहान, रतलाम और ब्लॉक बाजना के लिए कलेक्टर राजेश बाथम, अनूपपुर और ब्लॉक पुष्पराजगढ़ के लिए कलेक्टर हर्षल पंचोली और शहडोल और ब्लॉक पाली के अधिकारियों को सम्मानित किया।

### धार में रात ....

है। प्रमुख चौराहों और संवेदनशील इलाकों में वज्र, रूद्र वाहन और टीयर गैस पार्टी भी तैनात की गई है। प्रशासन ने इमामबाड़ा का कब्जा लोक निर्माण विभाग को सौंप दिया है। 9 जुलाई को हिंदू पंचायत बुलाई गई थी, जिसमें लोगों ने कब्जा हटवाने की मांग की थी। चेतावनी दी गई थी कि प्रशासन कार्रवाई नहीं करता है तो सामूहिक रूप से भवन पर तालाबंदी की जाएगी। चालीसवें के ताजिया विसर्जन के बाद प्रशासन ने कार्रवाई की। एसडीएम कार्यालय में एक शिकायत के बाद इमामबाड़ा से कब्जा हटाया गया।

### जैसे ताजिए की...

दी जाती है, वैसे ही गणेश उत्सव के लिए भी किराए पर भवन उपलब्ध कराया जाए। मुस्लिम समाज के सदर अब्दुल समद ने बताया कि इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई है।

### संविधान निर्माताओं ...

से पास हुए बिल साल 2020 से ही राज्यपालों के पास लंबित पड़े हुए हैं। कोर्ट ने कहा कि यह चिंता का विषय है, लेकिन अदालत संवैधानिक दायरे में रहकर ही अपनी राय देगी।

### अहमदाबाद में छात्र...

जयपाल सिंह राठौर ने कहा कि दो छात्रों में झगड़ा हुआ और उनमें से एक ने दूसरे को चाकू मार दिया। पुलिस ने कल ही प्राथमिकी दर्ज कर ली थी। आरोपी को हिरासत में लिया गया था। इलाज के दौरान घायल बच्चे की मौत हो गई। अभिभावकों ने कहा कि पिछले दो साल से ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं। गुजरात के मंत्री प्रफुल पंशेरिया ने कहा कि शिक्षा विभाग इस मामले का अध्ययन करेगा।

### बाइक, ऑटो और....

के अंतिम चौराहे पर हुई। हादसे में एक अन्य छात्रा और ऑटो ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए क्लॉथ मार्केट अस्पताल ले जाया गया। मल्हारगंज पुलिस के मुताबिक एकांश पांड्या (33) बाइक से जा रहे थे, तभी निजी कॉलेज बस ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि एकांश की मौके पर ही मौत हो गई। बस ने आगे बढ़ते हुए घर जा रही दो छात्राओं को भी अपनी चपेट में ले लिया। इनमें से एक 12वीं क्लास की छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी घायल है। इसके बाद बस ने एक ऑटो रिक्शा और एक कार को भी टक्कर मारी। हादसे में ऑटो ड्राइवर भी गंभीर रूप से घायल हो गया है।

### मेडीकेप्स यूनिवर्सिटी ....

चालक आचक हार्ट अटैक आया था जिसके कारण बस अनियंत्रित हो गई। बस की स्पीड बढ़ी और कई लोगों को चपेट में लिया।

### महू में 26 ...

के इस महत्वपूर्ण सैन्य अभियान से सीखे हुए सबक आपस में साझा करेंगे। बल्कि इस दौरान देश के हवाई अभियान (हेलिबॉर्न ऑपरेशन) समेत तीन संयुक्त सिद्धांत भी जारी किए जाएंगे। यह जानकारी बुधवार को एकीकृत रक्षा स्टाफ (आईडीएस) के उप प्रमुख (सिद्धांत, संगठन और प्रशिक्षण) लेफ्टिनेंट जनरल विपुल सिंघल ने दी है।

### अब जीएसटी में ...

करेगा। इसके तहत 5 और 18 प्रतिशत की दर से कर लगाया जाएगा। 5-7 वस्तुओं पर, जिनमें हानिकारक वस्तुएं भी शामिल हैं को 40 प्रतिशत की विशेष दर के तहत लाने का प्रस्ताव किया गया है।

### केंद्र आने वाले ....

और क्षतिपूर्ति उपकर पर मंत्रियों के समूह के साथ बैठक के दौरान, सीतारमण ने इस बात पर जोर दिया कि केंद्र सरकार का प्रस्ताव भारत की आत्मनिर्भर भारत बनने की यात्रा में जीएसटी सुधारों की अगली पीढ़ी की शुरुआत करने के लिए है।

### जीवन बीमा प्रीमियम....

सुझाव देने और कुछ क्षेत्रों के सामने आने वाली शुल्क-उलटाव की समस्या को दूर करने का काम सौंपा गया था।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल**
**वीर सावरकर जोन क्र.-04 (मंगलवारा)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम भोपाल जोन क्र.04 के वार्ड क्र.-17 में स्थित वर्गीकृत बाजार न्यु कबाडखाना के भूखण्ड क्र., 233 का नामान्तरण किये जाने हेतु विज्ञप्ति प्रकाशन किया जाना है जिनके नामों का विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | जोन क्र. | वार्ड क्र. | आवंटी का नाम | स्थान एवं भूखण्ड | आकार | नामांतरण हेतु प्रस्तुत आवेदक का नाम | नामांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 4 | 17 | श्री मोहम्मद इब्राहिम आत्मज श्री मोहम्मद यासीन | भूखण्ड क्र.-233 वर्गीकृत बाजार | 20x58=1160 वर्गफुट | श्री मोहम्मद अनवर आत्मज मोहम्मद इब्राहिम | हिबा (दान पत्र) सहमति पत्र एवं बयान पत्र |

उपरोक्त भूखण्ड के नामांतरण पर किसी भी व्यक्ति / बैंक / संस्था को किसी भी प्रकार की आपत्ती हो तो, सूचना पत्र के 15 दिवस के भीतर जोन कार्यालय क्र.04 वार्ड क्र.-17 के कार्यालय में शपथ पत्र मय साक्ष्य के प्रस्तुत करें। नियत समयावधि में यदि कोई आपत्ति प्राप्त नही होती है तो यह माना जावेगा कि किसी को कोई आपत्ति नही है और प्रकरण में विधिवत नामांतरण हेतु कार्यवाही कर दी जावेगी।

सू.क्र.2097/025/026

जोनल अधिकारी
जोन क्र. 04
नगर पालिक निगम भोपाल



**कार्यालय नगर पालिका परिषद रहली जिला सागर**

क्र.677 /लोक निर्माण/निविदा/2025 — रहली दिनांक 20.08.2025

// निविदा आमंत्रण सूचना //

केन्द्रीय ई-रजिस्ट्रेशन प्रणाली के अत्तर्गत 'म.प्र. लोक निर्माण विभाग' में पंजीकृत समस्त ठेकेदारों से म.प्र. नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के वर्तमान प्रभावशील आई एस.आर. 02.08.2021 के एस.ओ.आर. से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु प्रतिशत दरो के आधार पर ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयाविध एवं लागत | निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_ UAD_ 445224_1 21-08-2025 | ऑडीटोरियम भवन में अतिरिक्त निर्माण कार्य | 1-06 माह 2-164.94 लाख | 1- 12500.00 2- 83000.00 | 22-09-2025 |
| 2 | 2025_UAD_445225_1 21-08-2025 | चांदपुर तिराहा के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य | 1-06 माह 2- 83.55 लाख | 1- 10000.00 2- 63000.00 | 22-09-2025 |
| 3 | 2025_UAD_445227_1 21-08-2025 | सुरई घाट स्थित मुक्तिधाम विकास कार्य | 1-06 माह 2- 84.35 लाख | 1- 10000.00 2- 64000.00 | 22-09-2025 |
| 4 | 2025_UAD_445228_1 21-08-2025 | निकाय क्षेत्रांतर्गत विभिन्न मार्गो पर स्ट्रीट लाईट स्थापना कार्य | 1- 04 माह 2-41.84 लाख | 1- 5000.00 2- 32000.00 | 22-09-2025 |

नोटः- निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mptenders.gov.in की बेवसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा।

(देवराज सोनी)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद रहली
जिला सागर

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद रहली
जिला सागर



**केनफिन होम्स लिमिटेड**
Can Fin Homes Ltd (Sponsor: CANARA BANK) HOME LOANS • DEPOSITS Translating Dreams into Reality
शाखाः बी-202, प्रथम तल, इन्द्रा नगर, मंडीदीप- 462046 फोन : 07480 – 401340, 7625079225
Email: mandideep@canfinhomes.com, CIN No -L85110KA1987PLC008699

**मांग सूचना**

सेक्यूरिटाइजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनानशियल एसेट्स एण्ड इनफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 (सरफेसी अधिनियम) की धारा 13 (2) सपठित नियम 3 (1) के अन्तर्गत सिक्युरिटी इंट्रेस्ट (इनफोर्समेन्ट) नियम 2002

जबकि, अधोहस्ताक्षर कैन फिन होम्स लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी हैं, SARFAESI अधिनियम के तहत और धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नियम 3 के साथ पढ़े गए, उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत डिमांड नोटिस जारी करते हुए। उधारकताओं/ गारंटरों को यहां सूचीबद्ध किया गया (जिनको बाद ''उधारकताओं'' के रूप में संदर्भित किया है), को नोटिस में उल्लिखित मात्रा को चुकाने के लिए, नोटिस प्राप्त होने की तारीख से 60 दिनों के भीतर, नीचे दिए गए विवरण के अनुसार।
उक्त नोटिस डाक प्राधिकरण द्वारा लौटाए गए हैं / उधारकताओं द्वारा विधिवत स्वीकार नहीं किए गए हैं। इसलिए कंपनी अत्यधिक सावधानी के साथ डिमांड नोटिस (नियम 3 (1) के प्रावधानों के अनुसार) के इस प्रकाशन को प्रभावित कर रही है। इसलिए, अधोहस्ताक्षरी ने इन नोटिसों को उक्त अधिनियम के अनुसार उक्त उधारकर्ताओं के अंतिम ज्ञात पते के परिसर में चिपकाया है।
ऋण की देय अदायगी के लिए सुरक्षा के रूप में, नीचे दी गई संपत्ति को संबंधित पक्षों द्वारा कंपनी के पास गिरवी रखा गया है।

| क्र. सं. | ऋणी एवं जमानतदारों के नाम एवं पता | मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि | सुरक्षित आस्तियों का विवरण | एनपीए दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ऋणी : 1) श्री राजकुमार पंडोले पुत्र श्री रामप्रसाद पंडोले जमानतदार: 2) श्री राजेश पंडोले पुत्र श्री रामप्रसाद पंडोले दोनों का पता: मकान नंबर ईडब्ल्यूएस/183, वार्ड नं. 04, शुकरवार मार्केट, मंडीदीप, म.प्र.-462046 | ₹ 3,66,997/- (रु. तीन लाख छियासठ हजार नौ सौ सन्तानवे मात्र) +दिनांक 01.08.2025 से ब्याज एवं अन्य खर्चे | फ्लैट संख्या- 104, प्रथम तल, 'किंग्स पैराडाइज', प्लॉट संख्या- 06, बेतवा कॉलोनी, मंडीदीप, तहसील- गोहरगंज, जिला- रायसेन, सुपर बिल्टअप क्षेत्रफल- 484 वर्गफीट चर्तुसीमाएं: उत्तर-फ्लैट संख्या- 103, दक्षिण- शीतल सिटी कॉलोनी, पूर्व-अन्य भूमि, पश्चिम-फ्लैट संख्या- 105 | 29/07/2025 |
| 2. | ऋणी : 1) श्रीमती रिनी मैथ्यू पत्नी श्री नेल्सन मैथ्यू सहऋणी: 2) श्री नेल्सन मैथ्यू पुत्र श्री सैमुअल मैथ्यू दोनों का पता: मकान संख्या 371, दुर्गेश विहार, मीनल रेजीडेंसी के पास, भोपाल, म.प्र.-462022 | ₹ 9,97,969/- (रु. नौ लाख सन्तानवे हजार नौ सौ उनहत्तर मात्र) +दिनांक 01.08.2025 से ब्याज एवं अन्य खर्चे | फ्लैट संख्या 405, मैजेस्टी ब्लॉक, चौथी मंजिल, किंग पार्क सिटी, पिपलियागंज, तहसील गोहरगंज, मंडीदीप, जिला- रायसेन, सुपर बिल्ट एरिया 559.52 वर्गफुट चर्तुसीमाएं: उत्तर-कॉलोनी रोड, दक्षिण- फ्लैट संख्या 406, पूर्व-कॉलोनी रोड, पश्चिम- कॉमन एरिया | 29/07/2025 |
| 3. | ऋणी : 1) श्रीमती सुनीता मालविया पत्नि श्री प्रताप मालवी सहऋणी: 2) श्री प्रताप मालवी पुत्र श्री मोतीराम मालवी दोनों का पता: फ्लैट नंबर 208, किंग पार्क सिटी, शिवाली ब्लॉक, वार्ड नंबर 24, गज्जू पिपलिया रोड, मंडीदीप, म.प्र.-462046 | ₹ 10,49,570/- (रु. दस लाख उन्चास हजार पांच सौ सत्तर मात्र) +दिनांक 01.08.2025 से ब्याज एवं अन्य खर्चे | फ्लैट संख्या 502, मैजेस्टी ब्लॉक, पांचवी मंजिल, किंग पार्क सिटी, पिपलियागंज, वार्ड नं. 24, तहसील गोहरगंज, मंडीदीप, जिला- रायसेन, सुपर बिल्ट एरिया 559.52 वर्गफुट चर्तुसीमाएं: उत्तर-फ्लैट संख्या 503, दक्षिण- फ्लैट संख्या 501, पूर्व-कॉमन एरिया, पश्चिम-कालोनी रोड | 29/07/2025 |

* भुगतान की तारीख तक उल्लिखिततारीख से सहमति के अनुसार संविदात्मक दरों पर देय ब्याज
आपको इस नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर देय ब्याज की अनुबंधित दर के साथ उपर्युक्त राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, जिससे असफलता उपर्युक्त सुरक्षा को लागू करने के लिए सरफेसी अधिनियम के तहत कार्रवाई शुरू करने के लिए बाध्य होगी। ऋणी/जमानतदार/या /अथवा संपत्ति मालिक / कानूनी उत्तराधिकारी का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को उपलब्ध समय में छुटाने ( Redeem कराने) के संबंध में अधिनियम की धारा (13) एवं उपधारा (8) के प्रावधानों के तहत आकर्षित किया जाता है।

दिनांक : 20/08/2025
स्थान : मंडीदीप

हस्ता/-
प्राधिकृत अधिकारी
केनफिन होम्स लि.






हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड आफिस इंडिया प्रोप्रटी करोंद भोपाल मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद





सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल



**CHANGE OF NAME &D.O.B.**

I, KARAN SINGH is Father of No. 15454913P Rank SEP Name ROOP SINGH BHANDARI presently serving at 4021 FD HOSPITAL, BHOPAL, I have change my name from KARAN SINGH BHANDARI to KARAN SINGH due to erronesouly mentioned my name as KARAN SINGH BHANDARI in service document of my son and changed my date of birth from 15.09.1952 to 07.04.1970 as mentioned at my Aadhar Card No. 8093 0964 9075. Affidavit BF 345445

**CHANGE OF NAME &D.O.B.**

I,RUKHMANI BAI is Mother of No. 15454913P Rank SEP Name ROOP SINGH BHANDARI presently serving at 4021 FD HOSPITAL, BHOPAL do hereby solemnly affirm and state on oath as follows:- I have change my name from RUKHMANI BHANDARI to RUKHMANI BAI due to erronesouly mentioned my name as RUKHMANI BHANDARI in service document of my son.changed my date of birth from 01.03.1965 to 02.05.1965 as mentioned at my Aadhar Card No. 2759 9589 2102. AFFIDAVIT BF 345442

**नाम परिवर्तन**

मैं, विजेन्द्र सिंह राजपूत आत्मज श्री शिवनारायण मेवाड़ा, निवासी ग्राम फन्दा कर्ला, तहसील हुजूर, जिला भोपाल मध्यप्रदेश सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेज, आधार कार्ड व पेन कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम ब्रजेन्द्र दर्ज है। जबकि वास्तव में मेरा नाम विजेन्द्र सिंह राजपूत है। अतः मुझे भविष्य में भी विजेन्द्र सिंह राजपूत के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**नाम परिवर्तन**

मैं अनिल लोवंशी पिता श्री अशोक लोवंशी आयु वयस्क निवासी पुरानी बस्ती वार्ड नंबर 17 सतलापुर मंडीदीप तहसील गौहरगंज जिला रायसेन सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि राजस्व रिकॉर्ड में मेरा नाम कांता प्रसाद पिता औतार सिंह लोधा अंकित है जो की गलत है जबकि मेरा आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में नाम अनिल लोवंशी पिता अशोक लोवंशी है जो की सही एवं सत्य है एवं दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं अतः भविष्य में मेरा नाम अनिल लोवंशी पिता अशोक लोवंशी सभी सरकारी एवं गैर सरकारी दस्तावेजों में इन्हीं नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

**आवश्यकता**

नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 9202613238, 9229187457

R-03-09-2025

**नाम परिवर्तन**

मैं अशोक लोवंशी पिता श्री कुंदनलाल लोवंशी आयु वयस्क निवासी पुरानी बस्ती वार्ड नंबर 17 सतलापुर मंडीदीप तहसील गौहरगंज जिला रायसेन सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि राजस्व रिकॉर्ड में मेरा नाम औतार सिंह पिता कुंदनलाल अंकित है जो की गलत है जबकि मेरा अंकसूची में एवं अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम अशोक लोवंशी पिता कुंदनलाल है जो की सही एवं सत्य है एवं दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं अतः भविष्य में मेरा नाम अशोक लोवंशी पिता श्री कुंदनलाल लोवंशी सभी सरकारी एवं गैर सरकारी दस्तावेजों में इन्हीं नाम से जाना एवं पहचाना जावे।


**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

\- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष:** परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी।

**वृष:** कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। व्यर्थ की भागदौड़ बढ़ सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन:** लाभ में में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कर्क:** सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। मान-सम्मान बढ़ेगा। बातचीत में संतुलन बनाए रखें। वाणी में कठोरता का प्रभाव हो सकता है।

**सिंह:** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव हो सकते हैं।

**तुला:** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें।

**वृश्चिक:** पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यभार में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।


**धनु:** जीवनसाथी से नोकझोंक हो सकती है। कुटुम्ब में मान-सम्मान की प्राप्ति के योग हैं। लंबी यात्रा पर जाना हो सकता है। सुखद परिणाम मिलेंगे।

**मकर:** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ:** नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**मीन:** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मान-सम्मान मिलेगा। शासन-सत्ता का सहयोग रहेगा। कला एवं संगीत में रुचि बढ़ेगी। खर्च अधिक रहेंगे।

## शब्द पहेली - 5964



**बाएँ से दाएँ**
1.कार्य,काम-2
2.अग्नि,अनल-2
3.संग,संगत-2
4.मदिरा,शराब-2
6.चुटीली बात-2
7.उम्मीद-2
8.समाचार,सूचना-3
9.भगवान कृष्ण के खेल-2
10.छाया,परछाई-2
11.कहासुनी-3
12.जी,चित-2
13.निशा-2
14.पासों का खेल-3
16.करीना की फिल्म-2
17.आगे वाला-3
18.सीधा,सरल-2
19.वीर,बहादुर-2
20.दलदल,गाद-3
21.तांत,टेलीग्राम -2
22.वंश,खानदान-2
23.नशा,नशापानी-3
24.चिट्ठी,पत्र-2
26.सही का विलोम-3
27.ठिकाना-2
28.प्राण,दम-2
29.नरक (उर्दू-3)
30.बीता हुआ दिन-2
31.पोखर,तालाब-2
32.हताहत-3
33.दर,मूल्य-2
34.आयु-2
36.अंधकार-2
37.पांव,पैर-2
38.कान्हा-2
39.टैक्स,हाथ-2

**ऊपर से नीचे**
1.समय,वक्त-2
2.आगमन-2
3.पति की मां-2
4.भोर,सवेरा-3
5.झगड़ा-2
6.लॉक,द्वारयंत्र-2
7.धाय,नर्स,दाई-2
8.अवरोध,रुकावट-3
9.मगन,मग्न-2
10.सप्त,सप्तम-2
11.लक्ष्मी,रमा-3
12.मौज,मजा-2
13.महाराजा-2
14.घिसन,रगस-3
15.गमन,जाना-2
16.पुनः,वापस-2
17.स्थिर-3
18.निष्कर्ष-2
19.कांटा-2
20.मूल्य,दाम-3
21.पितामह-2
22.मजदूर-2
23.ईश्वर-3
24.भूल,गलती-2
25.मछली-2
26.नगमा-3
27.क्षण-2
28.पाश-2
29.दूसरा-3
30.थोड़ा-2
31.तांबा-2
32.हमला-2
33.कलंक-2
34.गरम-2
35.मयूर-2

**शब्द पहेली -5963 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | फ | ■ | ज | प | ■ | त | न | ■ | शा | न |
| प | त | न | ■ | ल | त | ■ | भ | ला | ■ | शा |
| ■ | वा | न | र | ■ | म | ल | ■ | ज | रा | ■ |
| फि | ■ | द | म | न | ■ | क | द | ■ | ज | न |
| दा | दा | ■ | ल | क | वा | ■ | म | स्त | ■ | ख |
| ■ | न | या | ■ | ल | च | क | ■ | र | थ | ■ |
| रा | ■ | क | ल | ■ | क | ल | म | ■ | ल | ब |
| ही | र | ■ | हू | र | ■ | ह | म | ल | ■ | ल |
| ■ | स | जा | ■ | जा | ल | ■ | ता | ड़ | ना | ■ |
| य | ■ | म | त | ■ | व | ध | ■ | ना | का | रा |
| म | य | ■ | ल | क्ष्य | ■ | न | ल | ■ | म | जा |

## सूडोकु नवताल - 5974

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 6 | | | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | 6 | 8 | | | | 9 | | |
| 5 | 3 | | | | | | | 6 |
| | | | | 6 | | | | |
| 7 | | | | | | | 9 | 2 |
| | | 9 | | | | 8 | 5 | |
| | | 2 | 1 | | | | | |
| | | | 3 | | 4 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5973 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 |

## 2,898 एकड़ जमीन बेचकर बीते साल से आगे निकला बाजार

# केवल छह महीनों में भारत का भूमि बाजार में 30,885 करोड़ रुपए का हुआ लेनदेन: क्रेडाई


वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भारत का भूमि बाजार 2025 की पहली छमाही में 2,898 एकड़ जमीन बेचकर 2024 के सभी बाजारों से आगे निकल गया।



2025 की पहली छमाही में 76 सौदों में 2,898 एकड़ से अधिक भूमि का लेनदेन हुआ। जबकि 2024 में 133 सौदों में 2,515 एकड़ भूमि का लेनदेन हुआ था। इसका मतलब है कि 2025 की पहली छमाही में 2024 के पूरे वर्ष की तुलना में 15 फीसदी अधिक भूमि का लेन-देन हुआ। क्रेडाई मध्यप्रदेश के अध्यक्ष मनोज मीक ने बताया कि इस रिकॉर्ड तोड़ वृद्धि के पीछे डेवलपर्स की मानसिकता में एक स्पष्ट बदलाव होना है।

अब डेवलपर्स दीर्घकालिक सोच रहे हैं क्योंकि भारतीय रियल एस्टेट के भविष्य में विश्वास बढ़ता हुआ देखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि हालाकि मुंबई महानगर क्षेत्र, बेंगलुरु और पुणे में लगातार गतिविधियां देखी जा रही हैं, लेकिन अब ध्यान टियर 2 और टियर 3 शहरों पर केंद्रित हो रहा है। 65 फीसदी से ज्यादा जमीन के सौदे कोंबटोर, अहमदाबाद और अमृतसर जैसे शहरों से हुए, जो इस बात का स्पष्ट संकेत है कि विकेंद्रीकरण सिर्फ भविष्य का चलन नहीं है। यह पहले से ही चल रहा है।




### जमीन के लेन-देन में ऐतिहासिक उछाल दर्ज

भारत के रियल एस्टेट क्षेत्र में तेजी जारी है क्योंकि 2025 की पहली छमाही में ज़मीन के लेन-देन में ऐतिहासिक उछाल दर्ज किया गया है। अकेले 2025 की पहली छमाही में 2,898 एकड़ से ज्यादा जमीन के 76 सौदे हुए, जो 2024 में हुए कुल लेन-देन के आंकड़े को पार कर गया, जब 2,515 एकड़ से ज़्यादा ज़मीन के 133 सौदे हुए थे। 2025 के पहले छह महीनों में संचयी लेनदेन मूल्य 30,885 करोड़ रुपए तक पहुंच गया, जिसमें लगभग 1.47 लाख करोड़ रुपए की राजस्व क्षमता और 233 मिलियन वर्ग फुट की कुल विकास क्षमता है।

### भविष्य को आकार देने वाले रुझान

संयुक्त विकास समझौतों में वृद्धि पर भी प्रकाश डालते हुए मीक ने कहाकि यह 2024 में साल-दर-साल 150 प्रतिशत बढ़ गया है। ये व्यवस्थाएं जोखिम-साझाकरण और पूंजी अनुकूलन के लिए तेजी से पसंद की जा रही हैं, विशेष रूप से उभरते आर्थिक गलियारों और बुनियादी ढांचा-केंद्रित क्षेत्रों में। 2021 और 2024 के बीच भारत में कुल 8,960 एकड़ भूमि के 347 सौदे हुए, जिनका मूल्य 86,582 करोड़ रुपए था, जिसमें 7.01 लाख करोड़ की राजस्व क्षमता और 608 मिलियन वर्ग फुट की विकास क्षमता थी।

*रियल एस्टेट प्रमुख आर्थिक स्तंभ के रूप में स्थापित होगा*

*उन्होंने कहाकि भारत का भूमि बाजार संरचनात्मक विकास के दौर से गुजर रहा है, जो विविध परिसंपत्तियों की मांग, निवेशकों के बढ़ते विश्वास और परिपक्व होते नियामकीय एवं वित्तपोषण परिदृश्य से प्रेरित है।*

## आईओसी और एयर इंडिया के बीच समझौता

**गुरुग्राम।** इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ने एयर इंडिया को टिकाऊ विमानन ईंधन की आपूर्ति के लिए एक ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं , जो भारत में हरित और स्वच्छ विमानन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आईओसी के अध्यक्ष अरविंदर सिंह साहनी के अनुसार कंपनी इस साल दिसंबर से अपनी पानीपत रिफाइनरी में इस्तेमाल किए गए खाना पकाने के तेल से टिकाऊ विमानन ईंधन का उत्पादन शुरू करने की योजना बना रही है। इस संयंत्र से आईटीसी और हल्दीराम जैसी होटल और रेस्टोरेंट श्रृंखलाओं से प्राप्त अपशिष्ट खाना पकाने के तेल का उपयोग करके सालाना 35,000 टन हरित ईंधन का उत्पादन होने की उम्मीद है। आईओसी के कार्यकारी निदेशक शैलेश धर और एयर इंडिया के समूह प्रमुख—गवर्नेंस, रेगुलेटरी, कॉम्प्लायंस एवं कॉर्पोरेट अफेयर्स, पी.बालाजी द्वारा किया गया।

## दो दिन में तीन गुना भरा विक्रम सोलर का आईपीओ

# विक्रम सोलर के आईपीओ को निवेशकों का मिल रहा बेहतर समर्थन, मौका सिर्फ आज तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

विक्रम सोलर के आईपीओ को निवेशकों का अच्छा समर्थन मिल रहा है। दो दिन में यह आईपीओ तीन गुना से ज्यादा भर चुका है। अभी भी पैसा लगाने के लिए एक दिन बाकी है। बुधवार को विक्रम सोलर आईपीओ 3.70 गुना भरा था। इश्यू के रिटेल पोर्शन को 2.96 गुना भरा है तो गैर-संस्थागत निवेश का हिस्सा 10.23 गुना भरा है। संस्थागत निवेशकों के लिए आरक्षित हिस्सा 0.09 गुना सब्सक्राइब हुआ है। ग्रे मार्केट में भी विक्रम सोलर आईपीओ के शेयर प्रीमियम पर ट्रेड कर रहे हैं, लेकिन जीएमपी में बीते दिन के मुकाबले गिरावट आई है।

विक्रम सोलर लिमिटेड का इनिशियल पब्लिक ऑफर 21 अगस्त 2025 तक खुला रहेगा। देश की सबसे बड़ी सोलर फोटोवोल्टिक मॉड्यूल निर्माता कंपनियों में से एक ने आईपीओ के लिए 315 से 332 रुपए प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया है। यह पब्लिक इश्यू एनएसई और बीएसई पर लिस्ट होगा। आईपीओ के जरिए कंपनी 2,079.37 करोड़ जुटाना चाहती है। इसमें से 1,500 करोड़ नए शेयर जारी कर जुटाए जाएंगे और 579.37 करोड़ ऑफर फॉर सेल से आएंगे।



### *2079 करोड़ रुपए है आईपीओ का साइज*

*इस आईपीओ का साइज 2079.37 करोड़ रुपए है और इसके जरिए कंपनी 6,26,31,604 शेयरों को बिक्री के लिए पेश कर रही है। इसमें 1500 करोड़ रुपए वैल्यू के फ्रेश शेयर शामिल हैं, जबकि 579.27 करोड़ रुपए मूल्य के शेयरों की बिक्री ऑफर फॉर सेल के जरिए की जा रही है. कंपनी की ओर से 10 रुपये की फेस वैल्यू वाले शेयर पेश किए जा रहे हैं।*

# एनडीडीबी अब भोपाल सहित सभी दुग्ध संघों में करेगा नई पैकेजिंग, ब्रांड संचार और विपणन रणनीतियों पर काम

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भोपाल दुग्ध संघ, जो सांची ब्रांड के तहत डेयरी उत्पादों का विपणन करता है, अपनी पैकेजिंग, ब्रांड संचार और विपणन रणनीतियों में सुधार करने की योजना बना रहा है। इसका उद्देश्य सांची ब्रांड को और अधिक आकर्षक और प्रासंगिक बनाना है, ताकि उपभोक्ताओं को आकर्षित किया जा सके और उनके साथ मजबूत संबंध स्थापित किया जा सके। नवाचार की यह पहल भोपाल ही नहीं इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर उज्जैन सहित सभी सांची दुग्ध संघ में होगी।

यह जानकारी एनडीडीबी के अध्यक्ष डॉ.मीनेश शाह ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को शिष्टाचार भेंट के दरमियान दी। डॉ.शाह ने बताया कि एनडीडीबी द्वारा एमपीसीडीएफ सांची डेयरी के प्रबंधन संभालने के बाद कई सुधारात्मक कदम उठाए। जिसका सकारात्मक परिणामों भी देखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि समयबद्ध भुगतान व्यवस्था, लंबित देयों का निपटारा और वित्तीय अनुशासन से दुग्ध उत्पादकों का विश्वास पुनः बहाल हुआ है। इसके परिणामस्वरूप दुग्ध संघों में संकलन बढ़ा है और वित्तीय स्थिति मजबूत हुई है।



### *एनडीडीबी प्रदेश के गांवों तक दुग्ध सहकारी करेगी विस्तार*

*डॉ. शाह ने भविष्य की रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि आने वाले वर्षों में एनडीडीबी प्रदेश के गांवों तक दुग्ध सहकारी विस्तार, आधुनिक संयंत्रों की स्थापना और पशुधन सुधार के प्रयासों को गति देगा।*

### मूल्य की पारदर्शी जानकारी तुरंत मिल रही

उन्होंने बताया कि डेयरी वैल्यू चेन के डिजिटलीकरण के लिए ईआरपी प्रणाली और मोबाइल ऐप जैसे आधुनिक प्रयास प्रारंभ किए गए हैं, जिनसे उत्पादकों को दूध की मात्रा, गुणवत्ता और मूल्य की पारदर्शी जानकारी तुरंत मिल रही है। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सांची ब्रांड को पुनर्जीवित करने के लिए नई पैकेजिंग, ब्रांड संचार और विपणन रणनीतियों पर काम किया जा रहा है। साथ ही सामाजिक अभियानों व उपभोक्ता संवाद पहलों से ब्रांड जुड़ाव को भी बढ़ावा दिया गया है।

# केंद्रीय पर्यावरण राज्य मंत्री से मिला ऑल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट का प्रतिनिधिमंडल

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

ऑल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने नेतृत्व में व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय वन पर्यावरण राज्य मंत्री मंजिंदर सिंह सिरसा से मिला। एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र कपूर ने बताया कि मंत्री ने वह कर दिखाया, जो पिछली सरकारें अनेक गुहार के बावजूद नहीं कर सकी थीं। 10 साल पुरानी डीजल गाड़ियों व 15 साल पुरानी पेट्रोल गाड़ियों को जबरन स्क्रैप करने और सड़क से हटाने के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली सरकार द्वारा तत्काल हस्तक्षेप किया और इस पर रोक लगा दी। कपूर ने बताया कि इसके अतिरिक्त सीएक्यूएम के उस आदेश पर भी चर्चा हुई, जिसके 1 नवंबर 25 से दिल्ली में बीएस-6 से नीचे मानक वाले डीजल वाहनों का संचालन बंद होना है।



### वाहन उम्र से नहीं, बल्कि गलत रख-रखाव से प्रदूषण करते हैं : मंत्री

इस दरमियान मंत्री ने बताया कि वाहन उम्र से नहीं, बल्कि गलत रख-रखाव से प्रदूषण करते हैं। यदि वाहनों में रेट्रो-फिटमेंट फिल्टर किट लगा दिया जाए तो वे लगभग 75 फीसदी तक बीएस-6 मानक के बराबर उत्सर्जन करते हैं। मंत्री ने आश्वासन दिया कि इस स्टडी की पूर्ण रिपोर्ट को सुप्रीम कोर्ट व सीएक्यूएम के समक्ष सशक्त तरीके से रखा जाएगा। ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों के हितों की रक्षा के प्रति उनके संकल्प के प्रति कृतज्ञता जताई।

## सेंट्रल बैंक का प्रॉपर्टी एक्सपो 23 को

**भोपाल।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने एक भव्य प्रॉपर्टी एक्सपो के आयोजन की घोषणा की गई है। यह एक्सपो आगामी 23 अगस्त 2025 को होटल निसर्ग , एम पी नगर, भोपाल में सुबह 10.30 बजे से 2 बजे तक आयोजित होगी। इस एक्सपो में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा विभिन्न शाखाओं द्वारा एनपीए खातों में बंधक रखी गई प्रॉपर्टी जो कि निलामी द्वारा विक्रय के लिए आकर्षक दरो में उपलब्ध है। इस एक्सपो में प्रॉपर्टी डीलर, होम लोन विशेषज्ञ और बैंक के ऋण अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इस एक्सपो में आकर्षक ब्याज दरों पर होम लोन की सुविधा, विभिन्न शहरों की रजिस्टर्ड आवासीय और व्यावसायिक संपत्तियों के साथ मुफ्त काउंसलिंग और सहायता प्राप्त होगी। सभी ग्राहकों, खरीदारों, निवेशकों और रुचि रखने वाले इस एक्सपो का लाभ उठाने जरूर आए।

## पीएनबी ने अपनी कॉर्पोरेट वेबसाइट को बैंक डॉट इन डोमेन पर स्थानांतरित किया

**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने आरबीआई के 22 अप्रैल 2025 के सर्कुलर माइग्रेशन टू '.बैंक.इन' डोमेन के अनुरूप और इस डोमेन के लिए एकमात्र रजिस्ट्रार के रूप में कार्य करने वाले बैंकिंग प्रौद्योगिकी विकास और अनुसंधान संस्थान (आईडीआरबीटी) के मार्गदर्शन में, अपनी कॉर्पोरेट वेबसाइट को '.बैंक.इन' डोमेन पर सफलतापूर्वक स्थानांतरित कर दिया है। यह भारतीय बैंकिंग क्षेत्र के डिजिटल परिवर्तन में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। पीएनबी भारत का पहला सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक बन गया है जिसने अपनी कॉर्पोरेट वेबसाइट को सुरक्षित '.बैंक.इन' डोमेन पर स्थानांतरित किया है।

## खबर संक्षेप

### नाईसस का शुद्ध लाभ 104 फीसदी बढ़ा

**मुंबई।** नाईसस फाइनेंस सर्विसेज को लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणाम घोषित किए हैं। वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में कंपनी की कुल आय 28.72 करोड़ रुपए हुई, एबिटडा में 21.69 करोड़ रुपए, शुद्ध लाभ 16.85 करोड़ रुपए दर्ज हुई।

### चैटजीपीटी गो ने पेश किया नया सब्सक्रिप्शन प्लान

**मुंबई।** ओपन एआई आज चैट जीपीटी गो पेश कर रहा है एक नया सब्सक्रिप्शन प्लान। 399 रुपए प्रतिमाह की कीमत पर उपलब्ध, चैटजीपीटी गो भारत में आम उपयोगकर्ताओं को चैटजीपीटी गो की सबसे लोकप्रिय सुविधाओं तक अधिक पहुंच प्रदान करता है। जिनमें अधिक मैसेज लिमिट, इमेज जनरेशन, फाइल अपलोड और मेमोरी शामिल हैं।

### टेक्स एक्सेडाइट के तीसरे संस्करण का ऐलान

**नई दिल्ली।** स्टार्टअप इकोसिस्टम इस समय दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा इकोसिस्टम है और यहां 1,76,000 रजिस्टर्ड स्टार्टअप हैं। इसे और मजबूती देने के लिए गेम्स 24x7 ने अपने एक्सलरेटर प्रोग्राम टेकएक्सपेडाइट के तीसरे संस्करण का ऐलान किया। टेकएक्सपेडाइट को शुरुआती चरण में काम कर रहे ऐसे स्टार्टअप्स के लिए तैयार किया गया है।

### उत्पादों पर 40 फीसदी तक की छूट अमेजन में

**बेंगलुरु।** अमेजन की रोजाना की जरूरी चीजें देशभर के पालतू जानवरों के पालकों को रोजमर्रा की चुनौतियों का समाधान करने वाले अनोखे उत्पाद खोजने में मदद कर रहे हैं। पालतू जानवरों के रेनकोट या फिर ख़ास तौर पर कुत्तों के लिए डिजाइन किए गए फेस्टिव कुर्ते-प्योरपेट, रॉयल कैनिन, फूड पपीज, वस्त्रमय, केनल किचन जैसे टॉप ब्रांड्स के अनोखे उत्पादों पर 40 फीसदी तक की छूट दी जा रही है।

## बिजनेस न्यूज

### मानसरोवर डेंटल कॉलेज को मिला सम्मान



**भोपाल।** मानसरोवर डेंटल कॉलेज, हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के बीडीएस प्रथम वर्ष के पांच विद्यार्थियों का चयन प्रतिष्ठित भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद शॉर्ट टर्म स्टूडेंटशिप 2025 कार्यक्रम के लिए हुआ है। यह उपलब्धि मध्य प्रदेश के निजी डेंटल संस्थानों के लिए एक दुर्लभ सम्मान है। आईसीएमआर का यह राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम चिकित्सा एवं दंत चिकित्सा के स्नातक विद्यार्थियों में शोध अभिरुचि को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संचालित किया जाता है। चयनित विद्यार्थी मान्य दीपक, ऋद्धि जोशी, पल जैन, श्रुति बसेडिया, रिंकी अग्रहरी का मार्गदर्शन प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, बायोकैमिस्ट्री विभाग, डॉ.अमिता गुप्ता एवं उनकी सहयोगी टीम डॉ.ऋचा, डॉ. सपना, डॉ. अंकिता, डॉ. मौलश्री द्वारा किया जाएगा।

### आरकेडीएफ विवि में 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**भोपाल।** विद्यार्थियों को उद्योग से जुड़ी नवीनतम तकनीकी जानकारियाँ, व्यावहारिक अनुभव और रोजगारोन्मुख कौशल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आरकेडीएफ विश्वविद्यालय में 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विश्वविद्यालय द्वारा सेंटर फॉर रिसर्च एंड इंडस्ट्रियल स्टाफ परफॉर्मेंस, भोपाल के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान विशेषज्ञ प्रशिक्षक छात्रों को तकनीकी और व्यावहारिक दोनों पहलुओं पर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। कुलपति प्रो. विजय अग्रवाल, डायरेक्टर जनरल मैनेजमेंट डॉ. बीएन सिंह एवं डायरेक्टर जनरल रिसर्च डॉ.वीके सेठी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों के लिए उद्योग से जुड़ने और व्यावहारिक ज्ञान अर्जित करने में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं।

### कैंब्रिज इंटरनेशनल ने जून 2025 परीक्षा के परिणाम जारी किए

**भोपाल।** कैम्ब्रिज इंटरनेशनल एजुकेशन (कैमब्रिज) ने जून 2025 की परीक्षा के नतीजे दुनिया भर के 6,80,000 से ज़्यादा छात्रों को जारी किए हैं। यह पिछले साल से कुल 9 प्रतिशत ज़्यादा है। इस बढ़ोतरी से यह साफ पता चलता है कि शिक्षा में वैश्विक तैयारी की ओर लोगों का आकर्षण बढ़ता जा रहा है। कैम्ब्रिज के इंटरनेशनल एजुकेशन के ग्रुप मैनेजिंग डायरेक्टर रॉड स्मिथ ने बताया कि आज के इस अनिश्चितता और लगातार बदलते समय में अंतरराष्ट्रीय शिक्षा जो सही समझ और बेहतर नज़रिया देती है, वह सिर्फ एक फ़ायदा नहीं बल्कि एक जरूरत है, इस अगस्त कैम्ब्रिज के नतीजे पाने वाले सभी छात्रों को बधाई।

### आईईएस कॉलेज को यूजीसी द्वारा ऑटोनॉमस की मान्यता



**भोपाल।** आईईएस यूनिवर्सिटी भोपाल मोस्ट प्रोमिसींग यूनिवर्सिटी ऑफ सेंट्रल इंडिया जहा छात्रों को मिलता है सर्वांगीण विकास का सुनहेरा अवसर। आईईएस यूनिवर्सिटी मध्यभारत के सर्वाधिक विश्वसनीय विश्वविद्यालय के रूप में सम्मानित है जिसका मुख्य उद्देश्य इच्छुक छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। आईईएस कॉलेज ऑफ टेक्नालजी भोपाल को युजीसी द्वारा ऑटोनॉमस की मान्यता प्रदान की गई है। साथ ही आईईएस कॉलेज ऑफ टेक्नालजी को 2024 में नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेम वर्क एनआईआरएफ द्वारा इंजीनियरिंग केटेगरी मई 201-300 के बंद में स्थान मिला साथ ही आईईएस कॉलेज ऑफ टेक्नालजी भोपाल के एक मात्र कॉलेज है जिसके सभी इंजीनियरिंग के कोर्स भारत सरकार के प्रतिष्ठित एनबीए से मान्यता प्राप्त है. जो देश के 5 फीसदी मान्यता प्राप्त संस्था में से है आईईएस यूनिवर्सिटी एआईसीटीई एवं पीसीआई नई दिल्ली और एमपी नर्सेस काउंसिल, एआईयू द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था है।

### एचडीएफसी बैंक के मप्र में 63 लाख से ज्यादा लोगों के जीवन को किया प्रभावित



**भोपाल।** एचडीएफसी बैंक ने सीएसआर शाखा परिवर्तन बैंक के माध्यम से अब तक मध्य प्रदेश में 63.72 लाख से ज़्यादा लोगों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। बैंक 2015 से राज्य में सक्रिय है और मध्य प्रदेश के 55 में से 38 जिलों को कवर करता है। बैंक ने परिवर्तन के अंतर्गत निम्नलिखित छह प्रमुख क्षेत्रों को अपनाया है। मध्य प्रदेश में, ग्रामीण विकास, शिक्षा को बढ़ावा देना तथा कौशल प्रशिक्षण एवं आजीविका संवर्धन ने सबसे महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है। 69,000 से अधिक किसान, 26,000 छात्र और 17,000 प्रशिक्षित व्यक्ति लाभान्वित हुए हैं। एचडीएफसी बैंक की सीएसआर प्रमुख सुश्री नुसरत पठान ने कहाकि एचडीएफसी बैंक में हमारा मानना है कि सीएसआर एक ही तरह का दृष्टिकोण नहीं है। परिवर्तन के माध्यम से हम आवश्यकता-आधारित हस्तक्षेपों को डिजाइन और कार्यान्वित करते हैं जो प्रत्येक क्षेत्र की विशिष्ट चुनौतियों का समाधान करते हैं। बैंक ने 31 मार्च 2025 तक देश भर में सीएसआर पहलों पर 1,068 करोड़ रूपए खर्च किए थे। बैंक ने परिवर्तन कार्यक्रम के तहत देश भर में 10.56 करोड़ रुपए से अधिक लोगों के जीवन को प्रभावित किया है।

### शहर में 99 स्टोर पर स्विगी का मुफ्त डिलीवरी के साथ बड़ा दांव

**भोपाल।** ऑन-डिमांड सुविधा प्लेटफॉर्म, स्विगी लिमिटेड ने बताया कि वह भोपाल में 99 स्टोर की पेशकश के साथ बड़ा दांव लगा रहा है। कंपनी ने यह भी बताया कि जुलाई से शुरू हुई इस नई पेशकश को ग्राहकों ने बेहद पसंद किया है। इस इको सेवर मोड के जरिए मुफ्त डिलीवरी के साथ ?99 की एकमुश्त कीमत पर व्यंजनों की विस्तृत रेंज उपलब्ध करवाई जा रही है। कीमतों को ध्यान में रखने वाले उपभोक्ताओं और जेन-जी उपयोगकर्ताओं के लिए तैयार की गई यह पेशकश भोपाल के रोजाना के खाने के तरीके को बदल रही है।

### भाभा कॉलेज में बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट विषय पर थ्री-डी मॉडल प्रदर्शनी



**भोपाल।** भाभा यूनिवर्सिटी के भाभा कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज, विभाग बाल एवं निवारक दंत चिकित्सा द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का भव्य आयोजन किया गया। दो दिवसीय इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का परिचय देते हुए बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट विषय पर आकर्षक थ्री-डी मॉडल प्रदर्शनी प्रस्तुत की। विभाग द्वारा सुंदर कृष्ण दर्शन, मटकी फोड़ प्रतियोगिता तथा आगंतुकों के लिए प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। दूसरे दिन बीडीएस के छात्र-इंटर्न्स ने मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी को भावविभोर कर दिया।


**पश्चिम मध्य रेल**

DRM Office Personnel Department, Jabalpur
L. No. WCR/P.JBP/EG/947/Re-Employment/Part-II Dated: 19.08.2025

**जबलपुर मंडल–विज्ञापन**

इस कार्यालय के पत्र क्रमांक पमरे/का. जबल/ईजी/947/Re-Employment/भाग–II दिनांक 13.08.2025 के संदर्भ में टीआरडी एवं इंजीनियरिंग तथा इंजीनियरिंग (मुख्यालय) विभाग में रिक्त पदों के विरूद्ध इच्छुक सेवानिवृत्त कर्मचारी/दिनांक 30.09.2025 तक सेवानिवृत्त होने वाले अराजपत्रित रेल कर्मचारियों से संविदा के आधार पर कार्य कराने जाने (पुनःनियोजन) का निर्णय लिया गया हैं, जिसके तहत आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। 65 वर्ष की आयु तक पुनः नियोजन का प्रावधान हैं। इस संबंध में विस्तृत अधिसूचना एवं जानकारी पश्चिम मध्य रेल की वेबसाइट(www.wcr.indianrailways.gov.i) पर भी उपलब्ध हैं।

(हस्ता.)
कृते मं.रे.प्रबं.(का.) जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर



**बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda**

बैंक ऑफ बड़ौदा, आरओएसएआरबी, भोपाल
फोनः 0755-4045435 Mobile : 7247770078

**अनुलग्नक –1 रिडमशन नोटिस**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 6(2) और/या नियम 8(6) के अंतर्गत सूचना

प्रिय महोदय/महोदया,

चूंकि **बैंक ऑफ बड़ौदा, आरओएसएआरबी, भोपाल** के प्राधिकृत अधिकारी, जो एक सुरक्षित सिक्यूटर्ड क्रेडिटर है ने सरफेसी अधिनियम 2002 (जिसे आगे 'अधिनियम' कहा जाएगा) की धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (जिसे आगे 'नियम' कहा जाएगा) के नियम 3 के साथ पठित, नीचे उल्लिखित तिथियों पर मांग सूचना जारी की है, जिसमें नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं/बंधककर्ता/जमानतदार से उक्त मांग सूचना में उल्लिखित राशि को उक्त सूचना प्राप्त होने के 60 दिनों के भीतर चुकाने का अनुरोध किया गया है।

और चूंकि आप राशि चुकाने में विफल रहे हैं, इसलिए अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के साथ नियम 4 और/या नियम 8 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नीचे अनुसूची में विशेष रूप से वर्णित सुरक्षित संपत्तियों (जिन्हें आगे उक्त संपत्तियों के रूप में संदर्भित किया गया है) का कब्जा ले लिया है।

सुरक्षित संपत्ति का कब्जा लेने के बाद भी, आपने उपरोक्त कब्जा नोटिस में उल्लिखित बैंक को देय राशि का भुगतान नहीं किया है। सुरक्षित संपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में आपका ध्यान सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

इसलिए आप सभी से अनुरोध है कि इस नोटिस की प्राप्ति से 30 दिनों के भीतर लागू ब्याज, लागत, शुल्क और खर्चों के साथ कब्जा नोटिस में उल्लिखित बकाया राशि का भुगतान करें और नीचे उल्लिखित अनुसार सुरक्षित संपत्ति को छुड़ा लें। यदि आप इस सूचना की प्राप्ति से 30 दिनों के भीतर उपर्युक्त बकाया राशि का भुगतान करने और सुरक्षित संपत्ति को भुनाने में विफल रहते हैं, तो बैंक ई-नीलामी बिक्री सूचना प्रकाशित करके सार्वजनिक ई-नीलामी के माध्यम से सुरक्षित संपत्ति को बेचने के लिए बाध्य होगा। ई-नीलामी की तिथि, समय और संपत्ति का आरक्षित मूल्य आपको अलग से सूचित किया जाएगा।

| ऋणी /जमानतदार एवं खाते का नाम | कब्जा की गई संपत्ति का विवरण | मांग सूचना दि. / कब्जा दिनांक |
|---|---|---|
| ऋणी-1. **मेसर्स शिवानी रोड लाइन्स** **प्रोपराइटर-सुमन कुशवाह** फ्लैट नंबर 6, प्लॉट नंबर जी-3/407, दूसरी मंजिल, पारस अपार्टमेंट फेज 4 गुलमोहर भोपाल 462001 **2. सुमन कुशवाह पत्नि रामनरेश कुशवाह,** जमानतदारः **3.उषा कुशवाह पत्नि बंशपति प्रसाद कुशवाह** 2 और 3 का पताः मकान 121, ए - 75, शिवाजी नगर, म.प्र. नगर, भोपाल (म.प्र.) 462016 | **बंधक संपत्ति स्थित दुकान क्रमांक 325, क्षेत्रफल-14.17 वर्गमीटर, प्रथम तल बी.डी.ए कॉम्प्लेक्स 7 नं. बस स्टॉप शिवाजी नगर वार्ड क्रमांक 45 तहसील हुजूर जिला भोपाल (म.प्र.) प्लाट क्षेत्रफल-59.479 वर्गमीटर** संपत्ति मालिक- श्रीमती उषा कुशवाह पत्नि बन्शपति प्रसाद कुशवाह चर्तुसीमाएँः उत्तरः दुकान नं. 326, दक्षिणः शॉपिंग आर्केड, पूर्वः दुकान नं. 317 और शॉपिंग आर्केड, पश्चिमः दुकान नंबर 333 | 03.02.2024 20.06.2024 कब्जे का प्रकार सांकेतिक कब्जा नोटिस प्रकाशन दिनांक 25.06.2024 |
| ऋणी-1. **मेसर्स सुमन इंटरप्राइजेज** **प्रोपराइटर-सुमन कुशवाह** दुकान नंबर 15, प्रथम तल ज्योति कॉम्प्लेक्स भोपाल 462001 **2. सुमन कुशवाह पत्नी राम नरेश कुशवाह,** मकान एफ 116/28 के पास, झुग्गी नंबर 55, शिवाजी नगर, अंकुर कॉम्प्लेक्स, भोपाल (म.प्र.) 462016 **3. सुमन कुशवाह पत्नी रामनरेश कुशवाह** जमानतदारः **4. उषा कुशवाह पत्नी बंशपति प्रसाद कुशवाह** 3 एवं 4 का पताः मकान 121, ए-75, शिवाजी नगर, म.प्र. नगर, भोपाल (म.प्र.) 462016 | **बंधक संपत्ति रिहायशी फ्लैट क्रमांक 02, द्वितीय तल, आश्रय एवेन्यू, प्लॉट क्रमांक 192-जी पर निर्मित, खसरा क्रमांक 27/1 के भाग, बी-सेक्टर के.के. नगर, ग्राम-दामखेड़ा वार्ड क्रमांक 80, पटवारी हल्का क्रमांक 39, तहसील हुजूर, जिला भोपाल (म.प्र.) क्षेत्रफल-59.479 वर्गमीटर,** संपत्ति मालिक- श्रीमती उषा कुशवाह पत्नि वंशपति प्रसाद कुशवाह चर्तुसीमाएंः उत्तरः खुला स्थान, दक्षिण- सड़क, पूर्व- फ्लैट क्रमांक 01, पश्चिम- खुला स्थान | 03.02.2024 20.06.2024 कब्जे का प्रकार सांकेतिक कब्जा नोटिस प्रकाशन दिनांक 25.06.2024 |
| ऋणी- 1. **मेसर्स उषा ट्रेवल्स प्रो. उषा कुशवाह** फ्लैट नंबर एस 2 आश्रय एवेन्यू सर्वधर्म कॉलोनी भोपाल **2. श्रीमती उषा कुशवाह पत्नी बंशपति प्रसाद कुशवाह** पता (1): मकान एफ 116/28 के पास, झुग्गी नंबर 55, शिवाजी नगर, अंकुर कॉम्प्लेक्स, भोपाल (म.प्र.) 462016 पता (2) : मकान 121, ए-75, शिवाजी नगर, एम.पी. नगर, भोपाल (म.प्र.) 462016 | **बंधक संपत्ति रिहायशी मकान प्लॉट संख्या एम-01, राजस्व सर्वेक्षण क्रमांक 71 का भाग, तिलक नगर कॉलोनी, लोकमान्य तिलक गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल, ग्राम बावड़िया कलां, नगरपालिका वार्ड क्रमांक 52 की सीमा में, तहसील हुजूर जिला भोपाल,** प्लॉट क्षेत्रफल-96.003 वर्गमीटर। चर्तुसीमाएः उत्तरः प्लॉट नं. एम-09, दक्षिणः रोड, पूर्वः प्लॉट नं. एम-02, पश्चिमः अन्य भूमि। | 03.02.2024 20.06.2024 कब्जे का प्रकार सांकेतिक कब्जा नोटिस प्रकाशन दिनांक 25.06.2024 |

स्थानः भोपाल — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा



**खण्ड-1**
**ई-आमंत्रण सूचना**
**मध्य प्रदेश शासन**
**कार्यालय वनमण्डल अधिकारी हरदा (सामान्य) वनमण्डल (मध्य प्रदेश) 461331**

तृतीय ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 6329 ई-टेंडरिंग/2025-26 दिनांक 14/08/2025 वनमण्डल अधिकारी हरदा (सामान्य) वनमण्डल द्वारा म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 (यथा संशोधित-2022) के अंतर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सामग्री का विवरण | सत्यांकार निधि (भौतिक) | निविदा दस्तावेजो का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1. | वृक्षारोपण एवं वानिकी कार्यों हेतु सामग्री आर.सी.सी.पोल | रूपए 64000.00 (एम.एस.एम.ई. एवं स्टार्टअप इंडिया का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने वाली फर्म को छोड़कर) | राशि 1000.00 समस्त के लिये |

* निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निःशुल्क देखें और डाउनलोड किए जा सकते हैं।
* इच्छुक निविदाकार क्रेडिट/डेबिट/केश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरेंट पोर्टल पर दिनांक 18 अगस्त, 2025 से 31 अगस्त, 2025 तक दोपहर 6.00 बजे तक केवल ऑन लाईन खरीद सकते हैं।
* ई-प्रोक्योरेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होगीं।
* निविदा पूर्व बैठक दिनांक 29 अगस्त, 2025 को वनमण्डल कार्यालय हरदा (सामान्य) में दोपहर 01.00 बजे से 01.30 बजे तक आयोजित की जाएगी जिसमें इच्छुक निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि स्वयं भाग ले सकते हैं। निविदा पूर्व बैठक में केवल वे ही भाग लेने के हकदार होगें जिन्होंने ई-टेंडर फार्म खरीदे हैं।
* ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धि पत्र/परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं।
* ई-प्रोक्योरेंट पोर्टल https://www.mptender.gov.in पर देखे जा सकते हैं।

**(अनिल चोपड़ा)**
**वनमण्डल अधिकारी**
**हरदा (सामान्य) वनमण्डल**

जी - 17495/25 — स्वच्छता ही सेवा



**विज्ञप्ति**

**कौशल विकास विभाग ने जारी किया शेडयूल 22 अगस्त तक रजिस्ट्रेशन**

**आईटीआई में सीएलसी के बाद पहले आओ पहले पाओ राउंड सें भी दाखिले**

शासकीय आईटीआई बेरसिया में प्रवेश सत्र 2025 के लिए संचालित एनसीवीटी पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया एक चार फिर शुरू हो रही है। कौशल विकास संचालनालय द्वारा सीएलसी (कॉलेज लेवल काउंसलिंग) राउंड-06 और पहले आओ पहले पाओ (फर्स्ट कम फर्स्ट सर्व) राउंड -07 की घोषणा कर दी गई है। सीएलसी के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुके हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 22 अगस्त तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, चॉइस फिलिंग, चॉइस सुधार कर सकेंगे। विभागीय पोर्टल www.dsd.mp.gov.in पर यह सुविधा उपलब्ध है।

आई टी आई में संचालित व्यवसाय वेल्डर, स्टेनोग्राफी हिंदी, कोपा, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, इलेक्ट्रीशियन, मोटर मैकेनिक व्हीकल हैं जिनमे कुल रिक्त सीटों की संख्या 140 है

प्रवेश लेने वाले अभ्यार्थियों के लिए इस बार फीस दो किश्तों में जमा करने की सुविधा दी गई है। शासकीय आईटीआई में प्रथम किश्त के रूप में 3250/- रूपए ऑनलाइन जमा करना होगा, जबकि 2840/-रूपए की दूसरी किश्त नवम्बर-दिसम्बर में सम्बंधित आईटीआई में जमा करनी होगी ।

सीएलसी के तहत चॉइस फिलिंग जरुरी.. सीएलसी राउंड के तहत सभी रजिस्टर्ड अभ्यर्थियों को चॉइस फिलिंग करना अनिवार्य रहेगा। आवेदक को 25 अगस्त को आईटीआई में उपस्थित होकर अपनी उपस्तिथि दर्ज करनी होगी। 26 अगस्त को मेरिट लिस्ट जारी होगी। यदि सीटें शेष रहती हैं, तो 28 अगस्त को वेटिंग लिस्ट के आधार पर प्रवेश दिया जायेगा ।

पहले आओ पहले पाओ राउंड के लिए संस्थाएं 29 अगस्त को रिक्त सीटों की जानकारी पोर्टल पर डालेगी। रजिस्ट्रेशन, चॉइस फिलिंग और संशोधन की प्रक्रिया 1 से 10 सितम्बर तक चलेगी। इस राउंड में उमीदवार केवल एक आईटीआई और एक ट्रेड के लिए ही चाँइस भर सकेंगे ।

PRINCIPAL
GOVT.ITI BERASIA
DIST.BHOPAL(M.P.)

जी -17508/25 — स्वच्छता ही सेवा

चिंतन

# ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री को रेगुलेट करना ही चाहिए

ऑनलाइन गेमिंग को रेगुलेट करना जरूरी है। यह तेजी से बढ़ता बाजार है। भारत में करीब 45 करोड़ से अधिक लोग ऑनलाइन गेम खेलते हैं। वर्ष 2024 में भारतीय गेमिंग बाजार का आकार 31,938 करोड़ रुपये था। इसमें रीयल मनी गेमिंग की हिस्सेदारी लगभग 85.7% है। रियल मनी गेम्स में प्लेयर्स असली पैसे लगाकर गेम खेलते हैं और जीतने पर उन्हें प्राइज मिलता है, हारने पर पैसा डूबता है। प्रति वर्ष ऑनलाइन गेम खेलने वाले करीब 20 हजार करोड़ रुपये गंवा देते हैं। अभी नियामक ढांचा नहीं होने से ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री बेलगाम है। सबसे ज्यादा जरूरी गेमिंग के उपभोक्ताओं के हितों का संरक्षण है। ऐसे में ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री को विनियमित (रेगुलेट) करना जरूरी है। इसी मंशा के साथ सरकार एक कानून लेकर आ रही है। इसके लिए उसने ऑनलाइन खेल संवर्धन और विनियमन विधेयक, 2025 लोकसभा में पेश किया है, जिसे सदन ने पारित कर दिया है। यूं तो अभी यह विधेयक राज्यसभा में जाएगा, फिर राष्ट्रपति की मुहर लगेगी, तब कानून बनेगा, लेकिन यह कदम ही महत्वपूर्ण है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने गेमिंग इंडस्ट्री के असर को समझने के लिए एक टास्क फोर्स का गठन किया था, टास्क फोर्स ने वर्ष 2022 में अपनी सिफरिशें सरकार को सौंपी थीं, जिसमें एक नया कानून बनाने का सुझाव दिया था। इसके बाद से कानून के प्रारूप पर कार्य जारी था, जो अब एक विधेयक के रूप में सामने आया है। इसमें ऑनलाइन गेमिंग को विनियमित करने और शैक्षणिक व सामाजिक ऑनलाइन खेलों को बढ़ावा देने का प्रावधान है। दरअसल, 'ऑनलाइन मनी गेम' आज समाज में बड़ी चिंता का विषय बन गया है और कई ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें इसकी लत लग जाती है तथा जिदंगी भर की बचत (ऑनलाइन) गेम में उड़ा देते हैं। फ्रॉड और चीटिंग एल्गोरिद्म ऐसे होते हैं कि पता ही नहीं चलता कि कौन किसके साथ खेल रहा है। अस्पष्ट एल्गोरिद्म होते हैं। हार निश्चित होती है। वित्तीय नुकसान होते हैं। कई आत्महत्याएं भी हुई हैं। कर्नाटक की एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, 31 महीनों में 32 आत्महत्याएं इस तरह के मामलों में हुई हैं। ऑनलाइन गेमिंग के जरिये मनी लांड्रिंग और आतंकवाद के वित्तपोषण का भी खतरा बढ़ रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लयूएचओ) ने अपनी एक रिपोर्ट में ऑनलाइन गेमिंग को एक 'डिसऑर्डर' घोषित किया है। 'ई-स्पोर्ट्स' और 'ऑनलाइन सोशल गेमिंग' को बढ़ावा देना चाहती है, इनके लिए एक प्राधिकरण बनाए जाएंगे। विधेयक में ऑनलाइन 'मनी गेमिंग' या उसके विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगाने और इन्हें पेश करने या विज्ञापन देने वालों के लिए कारावास या जुर्माना, या दोनों के प्रावधान हैं। यह विधेयक सभी तरह की ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुआ संबंधी गतिविधियों को प्रतिबंधित करता है। विधेयक में किसी कम्प्यूटर, मोबाइल उपकरण या इंटरनेट के माध्यम से ऑनलाइन 'मनी गेम' के प्रस्ताव, संचालन, सरलीकरण, विज्ञापन, प्रचार और भागीदारी को निषिद्ध किया गया है, विशेषकर जहां ऐसे क्रियाकलाप राज्य की सीमाओं के पार या विदेश से संचालित होते हैं। ऑनलाइन गेमिंग उद्योग प्रति वर्ष 25,000 करोड़ रुपये से अधिक टैक्स का योगदान देता है। करीब 25 हजार करोड़ का एफडीआई इस उद्योग में आता है। प्रतिबंध के बाद सरकार को 20 हजार करोड़ का सालाना टैक्स घाटा हो सकता है। देश में 1100 से ज्यादा गेमिंग कंपनियां हैं, जिसमें 400 से ज्यादा स्टार्टअप हैं। ऐसे में गेमिंग उद्योग का विनियमन होना ही चाहिए।

# चीन से रिश्ते सुधारें पर सचेत भी रहें



कूटनीति
विकेश कुमार बडोला

भारत–अमेरिका के मध्य व्यापारिक अनुबंध पर अंतिम समझौता न होने तथा प्रतिकार में अमेरिका की ओर से व्यापार–शुल्क को पचास प्रतिशत तक करने की चेतावनी के परिदृश्य में चीन अत्यंत सक्रिय है। उसकी ओर से भारत पर अमेरिकी शुल्क वृद्धि को अनेक पदाधिकारिक स्तर पर अनुचित ठहराया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 अगस्त से 1 सितंबर तक चीन के तियानजिन में आयोजित होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में सम्मिलित होंगे। चीन के साथ पारस्परिक संबंधों को सुलझाने के साथ भारत को उसके प्रति अपनी कूटनीतिक एवं रणनीतिक दृष्टि को भी जागरूक व सचेत रखने की अत्यंत आवश्यकता है।

भारत-अमेरिका के मध्य व्यापारिक अनुबंध पर अंतिम समझौता न होने तथा प्रतिकार में अमेरिका की ओर से व्यापार-शुल्क को पचास प्रतिशत तक करने की चेतावनी के परिदृश्य में चीन अत्यंत सक्रिय है। उसकी ओर से भारत पर अमेरिकी शुल्क वृद्धि को अनेक पदाधिकारिक स्तर पर अनुचित ठहराया गया है। उसके विदेश मंत्री, व्यापार मंत्री तथा भारत में स्थित राजदूत द्वारा भारत पर अमेरिकी शुल्क अत्याचार का प्रत्यक्ष विरोध किया गया। ऐसी परिस्थितियों में संभावना के अनुरूप भारत ने आधिकारिक घोषणा कर दी है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 अगस्त से 1 सितंबर तक चीन के तियानजिन में आयोजित होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में सम्मिलित होंगे।

इस घोषणा से पहले भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर तथा राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल अमेरिकी शुल्क के विरोध में रूस व चीन के साथ मिलकर शुल्क प्रतिरोधी तंत्र बनाने के उद्देश्य से इन दोनों देशों की आपात यात्रा कर चुके हैं। उधर रूस-यूक्रेन के मध्य तीन वर्षों से चले आ रहे युद्ध को समाप्त करने की योजना से पश्चिमी अमेरिकी क्षेत्र अलास्का में पुतिन के साथ ट्रंप की भेंट में भी रूसी राष्ट्रपति की ओर से अमेरिकी राष्ट्रपति को संकेतों में समझा दिया गया है कि भारत के विरुद्ध उनका व्यापारिक दृष्टिकोण आवश्यकता से अधिक कठोर है। इसी विषय क्रम में 19 अगस्त को नई दिल्ली में अजीत डोभाल ने चीनी विदेश मंत्री वांग यी के साथ दोनों देशों की सीमाओं के प्रकरण पर गठित विशेष प्रतिनिधियों के समूह की 24वें चरण की बैठक में सीमा विवाद के साथ-साथ पारस्परिक व्यापार संबंधों को पुनः सामान्य स्तर तक क्रियान्वित करने के परिप्रेक्ष्य में विचार-विमर्श किया। बैठक में डोभाल ने कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा विवाद की समाप्ति के बाद दोनों देशों के मध्य सीमाओं पर शांति व स्थिरता बनी हुई है। उनके अनुसार विगत नौ माह में हमारे पारस्परिक संबंधों में भी सुधार हुआ है, द्विपक्षीय संबंध अधिक दृढ़ हुए हैं और अक्टूबर 2024 में कजान में मोदी व शी जिनपिंग की भेंट से परस्पर संबंध अप्रत्याशित ढंग से स्वस्थ हुए हैं, जिस कारण विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़कर सहयोग व सहायता की संधियों की दिशादृष्टि परिलक्षित हुई है।

इस आलोक में चीन ने भारत को दुर्लभ भूमि खनिजों, उर्वरकों एवं सुरंग निर्माणन मशीनों की आपूर्ति के संबंध में अपनी स्वीकृति प्रदान की है। वांग यी ने अपने समकक्ष एस. जयशंकर को इस संबंध में आधिकारिक रूप में आश्वस्त किया है। ऐसे खनिज उच्च-स्तरीय तकनीक से संबद्ध उत्पादों जैसे कि इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), ड्रोन व बैटरी स्टोरेज हेतु अति महत्वपूर्ण हैं। चीन ऐसे खनिजों की 70 प्रतिशत वैश्विक आपूर्ति करता है। भारत के लिए यह खनिज सामरिक, डिजिटल एवं यांत्रिक नवोन्नति के लिए अत्यावश्यक हैं। भारत 2023 से चीन से उर्वरकों का अधि मात्रा में आयात कर रहा था, किंतु 2024 में चीन ने विश्व के अनेक देशों को इनकी आपूर्ति रोक दी। अपने भारत प्रवास की समयावधि में वांग यी ने प्रधानमंत्री से भी भेंटवार्ता की। प्रत्यक्ष रूप में तो यह भारत और चीन के संबंधों के लिए एक अनुकूल समय प्रतीत हो रहा है, परंतु आगे व्यावहारिकता के स्तर पर क्या-क्या घटित होगा यह तो



भविष्य में ही पता चलेगा। आधुनिक युग में विभिन्न देशों के मध्य कूटनीतिक संबंध स्थायी एवं दीर्घकालिक आधार पर संतुलित नहीं रह सकते। ऐसा मानने का सिद्ध कारण भारत और अमेरिका के मध्य गत फरवरी से असहज होते पारस्परिक संबंध हैं।

रिपब्लिकन राजनीतिक दल के जिस राष्ट्रपति ट्रंप को राजनीति की विचारधारा के स्तर पर भारतीय प्रधानमंत्री मोदी के समान ही माना गया था तथा अपने प्रथम कार्यकाल में उन्होंने ऐसी समानता को भारत के साथ सुदृढ़ पारस्परिक संबंधों व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संपन्न उत्तरदायित्व से पूर्ण अपने निर्णयों-कार्यों से सिद्ध भी किया था, अपने द्वितीय कार्यकाल में वे विश्व व विशेषकर भारत के लिए इतने जटिल सिद्ध हो जायेंगे, इसकी उसके समर्थकों ने कल्पना भी नहीं की थी। विगत एक दशक में दक्षिण एशिया क्षेत्र एवं दक्षिणी समुद्र में चीन के अवैध व अतिक्रामक प्रभाव को नियंत्रित करने के ध्येय के साथ अमेरिका ने द्विपक्षीय रूप में भारत के संग तथा बहुपक्षीय रूप में भारत, आस्ट्रेलिया एवं जापान की सहभागिता से साकार क्वॉड में भी सक्रिय भूमिका का निर्वाह किया था। तब प्रतीत हुआ था कि दक्षिण एशिया में विद्यमान दुनिया के द्वितीय शक्तिशाली देश चीन के चहुंदिश अतिक्रमण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु क्वॉड समूह भविष्य में उपयोगी सिद्ध होगा तथा इसमें भारत की कार्यकारी भूमिका अग्रणी होगी। सन् 2019 से लेकर 2022 तक कोरोना की उत्पत्ति के लिए अमेरिकी नेतृत्व में चीन पर ही प्रामाणिक दोषारोपण किया गया था। तत्समय कोरोना उत्सर्जन एवं प्रसारण के दोषी के रूप में चीन पूरे विश्व में अति संदिग्ध देश बन गया था।


जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड से होते हुए अरुणाचल प्रदेश तक परिव्याप्त हिमालयी भूक्षेत्र की अनेक सीमाओं पर भारत के साथ भूमि विवाद के कारण भी चीन अतिक्रमणकारी देश बना हुआ था। दक्षिण एशिया के अपेक्षाकृत न्यून क्षेत्रफल एवं जनसंख्या वाले देशों की सीमावर्ती भूमि पर व समुद्र में भी चीन की अनुचित गतिविधियां निरंतर होती रही थीं। चीन की ऐसी गतिविधियों के क्रम में भारत के साथ गलवान घाटी की सीमा पर हुई दोनों देशों के सेनाकर्मियों की झड़प के बाद तो गत चार वर्ष से चीन के साथ भारत के संबंध हर क्षेत्र में अत्यंत सीमित हो गये थे। गलवान संघर्ष के प्रतिरोध में भारतीय शासन और लोग दोनों सक्रिय हुए।

शासन ने चीन के साथ सामान्य व्यापार अवरुद्ध कर दिया तो लोगों ने चीन द्वारा निर्मित उत्पादों का बहिष्कार आरंभ कर दिया। विगत चार वर्षों से चीन के साथ भारत के संबंध कठोरता की सीमा तक विकृत हो गये थे। पहलगाम नरसंहार के बाद पाकिस्तान पर भारत के प्रहार की समयावधि में चीन ने तुर्की के साथ मिलकर पाकिस्तान की सामरिक सहायता की थी। इस कारण भी भारत व चीन के संबंधों में अलगाव बढ़ गया था। किंतु अब वातावरण परिवर्तित हुआ है। अमेरिका के साथ अस्वस्थ चल रहे भारत के संबंध और इस स्थिति में दृष्टिगोचर भारत की राजनयिक तटस्थता, अडिगता एवं निर्भयता को भांपकर चीन ने भारत के साथ ठहरे, निष्क्रिय व उलझे हुए अपने संबंधों को स्वस्थ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। अब आगे यही आशा की जाये कि विविध क्षेत्रों में भारत और चीन के पारस्परिक संबंध विश्वास एवं निष्ठा के आधार पर दीर्घकाल तक सशक्त बने रहें। दोनों देशों और देशों के लोगों के सुख, शांति व संतुष्टि के लिए न केवल भारत व चीन, अपितु दुनिया के सभी देशों के मध्य स्वस्थ एवं संतुलित संबंध ही स्थापित रहने चाहिए। चीन के साथ पारस्परिक संबंधों को सुलझाने के साथ-साथ भारत को उसके प्रति अपनी कूटनीतिक एवं रणनीतिक दृष्टि को भी जागरूक व सचेत रखने की अत्यंत आवश्यकता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

विमर्श
अखिलेश आर्येन्दु




# न्याय सबको, समय पर और बिना भेदभाव मिलना चुनौती

दुनिया में नर संहार, युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराध को रोकना मानवतावादियों के लिए चुनौती रही है। इन्हें रोकने की तमाम कवायदें चलती रहने के बावजूद इन्हें रोकना संभव नहीं हो पाया है। इन्हें रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय की स्थापना हुई। 17 जुलाई 1998 को 120 देश अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के रोम संविधि नामक संधि पर हस्ताक्षर करने के लिए एक साथ आए। तब से स्थापना को अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के रूप में जाने जाना लगा, जो 1 जुलाई 2002 को लागू हुआ। पिछले 22 वर्षों में दुनिया में न्याय के क्षेत्र में तमाम बदलाव आए हैं। नरसंहार मानवीय मूल्य के हनन, मानवता के खिलाफ दुनिया में चलाए जा रहे तमाम षड्यंत्रों को विफल करने में इस संस्था की भूमिका अत्यंत्र महत्वपूर्ण हो गयी है। अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय की स्थापना के पीछे नरसंहार, युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ किये जा रहे अपराधों की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के निर्णयों का समर्थन करना भी है। विश्व अंतरराष्ट्रीय न्यायालय की स्थापना अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्याय प्रणाली की दिशा में एक वैश्विक प्रयास के रूप में देखा और समझा जाता है। 2010 में राज्य दलों की सभा ने संविधि की समीक्षा सम्मेलन में इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाने का निश्चय किया। तब से लगातार 17 जुलाई को हर साल इसे मनाया जा रहा है। दुनिया में न्याय के समर्थकों को एकजुट करना और पीड़ितों के अधिकारों को बढ़ावा देना इस दिवस के मनाने के पीछे की खास वजह रही है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रों, संगठनों और व्यक्तियों से एक से ज्यादा न्यायपूर्ण और समतापूर्ण विश्व के लिए मिलकर काम करने और दुनिया में शांति, सुरक्षा और सर्वहित के खतरा बनें अपराधियों के खिलाफ मानवतावादियों की एकजुटता का यह पहल कई नजरिए से खास कही जा सकती है। अंतरराष्ट्रीय आपराधिक कानून, न्यायपूर्ण और निष्पक्ष समाज की जरूरत आज विश्व समाज की सबसे बड़ी जरूरत है। एक सर्व सहमति से समझ बनाने की जरूरत है जो आतंक़, नर संहार और गैर इंसानी गतिविधियों के शिकार हो हलाकानी झेलने के लिए अभिश्रप्त हैं। विश्व समाज आज जिस डर के माहौल में जीने के लिए मजबूर है, वह कई दुश्वारियां को झेलने के लिए भी मजबूर है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय स्तर की कोशिशों की भूमिका खास मायने रखती है। विश्व सामाजिक न्याय दिवस हमें हर साल अधिक न्यायपूर्ण, अधिक समतापूर्ण समाज बनाने की जरूरत को याद दिलाता है। समाज को समर्थ बनाने की दिशा में इस दिवस की महत्ता खास है, साथ ही समाज से असमानता, भेदभाव और अन्याय के खिलाफ खड़ा होने के लिए तैयार होना भी है। आज जरूरी है कि विश्व समाज में सामाजिक न्याय, आर्थिक न्याय, राजनीतिक न्याय और कानूनी न्याय बगैर किसी भेदभाव, देरी और निष्पक्ष सभी को न्याय मिले। मौजूदा दौर में दुनिया के ज्यादातर देशों में सामाजिक, आर्थिक और कानूनी न्याय समय और बगैर किसी भेदभाव के मिलना दूभर हो गया है। जातिगत, वर्गगत और क्षेत्रगत जैसे भेदभाव को मिटाना आज की सबसे बड़ी चुनौती है। दुनिया में जिन गैर इंसानी कवायदों से सामाजिक जिंदगी में तनाव और दुश्वारियां बढ़ी हैं उनमें अन्याय प्रमुख है। न्यायालयों से मिलने वाला न्याय ज्यादातर इतनी देर से मिलता है कि वह अन्याय से ज्यादा परेशान करने वाला होता है। इसलिए वक्त और अधिकार की सीमा में न्याय सबको मिले, यह सुनिश्चित किया जा सकता है। मानवाधिकारों के उल्लंघन के मामले हों या भेदभावों की वजह से जुल्मोसितम सह रहा व्यक्ति हो, पुलिस के जुल्म का मामला हो या परिवार में हिंसा का मामला हो, न्याय सहज रूप से प्रताड़ित को बगैर किसी देरी के मिले, यह भी न्याय दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में शामिल किया जाना चाहिए। विकासशील देशों में ही अन्याय के मामले ज्यादा नहीं हैं बल्कि विकसित देशों में अन्याय से पीड़ित लाखों की तादाद में लोग हैं। भारत में करोड़ों की तादाद में न्यायालयों में मुकदमें लम्बित हैं। करोड़ों मुकदमों का फैसला तब आता है जब वादी या प्रतिवादी इस दुनिया से ही रुख्सत हो चुके होते हैं। न्याय दिवस अन्य दिवसों की तरह आए और चला जाए, ऐसा इस दिवस के साथ नहीं होना चाहिए, बल्कि बगैर किसी भेदभाव के न्याय दिलवाने और समय से दिलवाने के लिए विश्व स्तर पर सामूहिक प्रयास तो होने ही चाहिए। संविधि में शामिल सभी देशों को एक मत से इस बात पर गौर करना चाहिए की सभी देशों में न्याय बगैर किसी भेदभाव और समय के अंदर मिले। इससे इस दिवस की प्रासंगिकता और महत्व बढ़ भी जाएगा।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# योग के सभी सूत्र सुदृढ़ मानव जीवन की आधारशिला



संकलित
दर्शन

योग प्राचीन काल से भारतीय आध्यात्मिक संचेतना का केंद्र रहा है। इसके आदिम सूत्रधार परमयोगी भगवान शिव हैं। योग शब्द का प्रयोग विभिन्न अर्थों में होता रहा है। समाधि अर्थ में इसका प्रयोग आत्मा और परमात्मा के मिलन के लिए किया जाता है, जब साधक अपनी साधना की चरमावस्था में परमात्मा से एकाकार होकर उसका साक्षात्कार कर लेता है। अग्निपुराण में भी मन एवं आत्मा तथा आत्मा और परमात्मा के संयोग को योग कहा गया। सांख्यदर्शन के अनुसार प्रकृति और पुरुष का भेद होने पर भी पुरुष का आत्मस्वरूप में स्थित हो जाना योग कहलाता है। कठोपनिषद् के अनुसार, जब इंद्रियां मन के साथ और मन अविचल बुद्धि के साथ स्थिर हो जाता है तो यह अवस्था योग की होती है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने 'योगः कर्मसु कौशलम्' कहकर योग का जो स्वरूप अजरुन के समक्ष प्रस्तुत किया है वह सामान्य जन के सर्वाधिक निकट है। कोई भी मनुष्य एकाग्रचित्त होकर निष्काम भाव से कर्म करते हुए योग को सिद्ध कर सकता है। योगसूत्र के प्रणोता महर्षि पतंजलि संयमन अर्थ में चित्तवृत्तियों के निरोध को योग कहते हैं। उनके अनुसार यम, नियम, आसन, ध्यान, धारणा आदि आठ अंगों से संपन्न प्राणायाम की विविध क्रियाएं योग कहलाती हैं। इससे चित्त की एकाग्रता बढ़ती है। बुद्धि में स्थिरता आती है। चिंतन उत्कृष्ट होता है। मन में सद्विचारों का उदय होता है। नकारात्मक प्रवृत्तियां स्वतः समाप्त हो जाती हैं। परिणामतः आत्मिक और शारीरिक शक्तियों में वृद्धि होती है।

# बिना चिंतन के कीर्तन का कोई लाभ नहीं



संकलित
प्रेरणा

राजा के मन में आया कि अगर मैं भी भागवत की कथा सुन लूं तो मेरा भी कल्याण हो जायगा। राजा ने एक पंडित जी से बात की। पंडित जी भागवत सुनाने के लिये तैयार हो गये। निश्चित समय पर भागवत-कथा आरम्भ हुई। सात दिन बीतने पर कथा समाप्त हुई। दूसरे दिन राजा ने पण्डितजी को बुलाया और कहाः पण्डित जी ! न तो आपने भागवत सुनाने में कोई कमी रखी, न मैंने सुनने में कोई कमी रखी, फिर भागवत सुनने पर कोई फर्क तो नहीं पड़ा, बात क्या है? पण्डित जी ने कहा- महाराज! इसका उत्तर तो मेरे गुरु जी ही दे सकते हैं। राजा ने कहा- आप अपने गुरुजी को आदरपूर्वक मेरे यहां ले आयें, हम उनसे पूछेंगे। राजा ने अपनी शंका गुरु जी के सामने रखी कि, भागवत सुनने पर भी मेरा कल्याण क्यों नहीं हुआ? गुरूजी ने राजा से कहा कि थोड़ी देर के लिये मुझे अपना अधिकार दे दो। राजा ने उनकी बात स्वीकार कर ली। गुरु जी ने आदेश दिया कि राजा और पण्डित जी दोनों को बाँध दो। राजपुरुषों ने दोनों को बांध दिया। अब गुरूजी ने पण्डित जी से कहा कि, तुम राजा को खोल दो। और राजा से कहाः तुम पण्डित जी को खोल दो। दोनों ने उत्तर दिया की हम बंधे है कैसे एक दूसरे को खोल सकते हैं। गुरु जी ने कहा- महाराज! मैंने आपके प्रश्न का उत्तर दे दिया! राजा ने कहा- मैं समझा नहीं! गुरुजी बोले- जैसे खुद बंधा हुआ आदमी दूसरे को बन्धन-मुक्त नहीं कर सकता है, वैसे ही स्वयं ज्ञान को अपने अनुभव में उतारे बिना कोई दूसरे का कल्याण कैसे कर सकता है?

## सटाका





## आज की पाती

### छोटे डंक, घातक बीमारियां

मच्छर पूरी दुनिया में बीमारियों के सबसे बड़े वाहक होते हैं, जिनके काटने से डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया, जीका वायरस इत्यादि जानलेवा बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। डेंगू और मलेरिया इन सभी में सबसे ज्यादा खतरनाक हैं, जो कई मामलों में जानलेवा साबित होते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2010 में मच्छरों के काटने के कारण अफ्रीका में सर्वाधिक मौतें हुई थी। दुनिया के कई हिस्सों में मच्छरों के काटने से होने वाली मौतें आज भी गंभीर चिंता का कारण हैं। इसीलिए मच्छरों से होने वाली बीमारियों के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने और बचाव के उपायों के बारे में बताने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 20 अगस्त को एक खास विषय के साथ विश्व मच्छर दिवस मनाया जाता है। *– राकेश दुबे, बलौदा बाजार*

## करंट अफेयर


# आस्ट्रेलिया में बच्चों के लिए सोशल मीडिया होगा बैन



आगामी चार महीनों में ऑस्ट्रेलिया में लागू होने जा रहे एक कानून के तहत 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के फेसबुक, स्नैपचैट, टिकटॉक, इंस्टाग्राम, एक्स (पूर्व में ट्विटर), रेडिट और यूट्यूब जैसे सोशल मीडिया मंच का उपयोग करने पर प्रतिबंध लग जाएगा। संघीय सरकार ने कहा है कि सोशल मीडिया कंपनियों को 10 दिसंबर तक इन नाबालिग उपयोगकर्ताओं के सोशल मीडिया खातों को हटाने और आयु सत्यापन सॉफ्टवेयर के माध्यम से इन्हें नए खाते बनाने से रोकने के लिए "उचित कदम" उठाने होंगे। इस कानून के तहत माता-पिता की अनुमति से भी बच्चों को इन सोशल मीडिया मंचों तक पहुंच नहीं दी जा सकेगी। विवाद जारी, लेकिन प्रतिबंध तय इस फैसले को लेकर संभावित लाभ और नुकसान को लेकर देशभर में तीखी बहस हो रही है। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि सोशल मीडिया के माध्यम से युवा स्वयं को व्यक्त करते हैं, अपनी पहचान बनाते हैं और सामाजिक जुड़ाव महसूस करते हैं। एक ऐसे समाज में, जहां हर पांच में से दो बच्चे खुद को अकेला महसूस करते हैं, यह जुड़ाव काफी महत्वपूर्ण हो सकता है। वहीं दूसरी ओर, सोशल मीडिया की लत और इसका आनंद उठा पाने से वंचित रह जाने का अंदेशा बच्चों को इन सोशल मीडिया मंचों पर अत्यधिक समय बिताने के लिए प्रेरित करता है।

## ऑफ बीट

# सिर्फ कैलोरी पर नजर रखना जरूरी नहीं



वजन-समावेशी स्वास्थ्य देखभाल का अर्थ है बेहतर स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करना, जिसमें वजन घटाने की आवश्यकता नहीं है। इसमें कैलोरी की संख्या के बजाय समग्र कल्याण के लिए भोजन करने जैसी प्रथाएं शामिल हैं। इसमें तनाव कम करने के लिए गतिविधियों को प्राथमिकता देना, धूम्रपान से बचना, कम शराब पीना और आनंददायक तरीकों से शारीरिक रूप से सक्रिय रहने का प्रयास करना भी शामिल हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति वजन-समावेशी दृष्टिकोण वजन बढ़ने से होने वाले नुकसान को कम करने का प्रयास करता है। अधिक वजन वाले लोग अक्सर दूसरों से – जिनमें उनके अपने डॉक्टर और अन्य स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता भी शामिल हैं – भेदभाव, पूर्वाग्रह, नकारात्मक रूढ़िवादिता और अपमानजनक टिप्पणियों का सामना करते हैं विभिन्न आकारों के 40% से अधिक अमेरिकी वयस्कों ने अपने दैनिक जीवन में वजन संबंधी अपमान का अनुभव किया है। अमेरिका में लोग वजन कम करने के लिए जिस हद तक जाते हैं, उसके पीछे संभवतः इस अपमान से बचना एक प्रमुख कारण है। बाजार के आंकड़ों से पता चलता है कि अमेरिकियों ने 2021 में वजन घटाने के उत्पादों और कार्यक्रमों पर लगभग 72.6 अरब अमेरिकी डॉलर खर्च किए।

## ट्रेंड

### राधाकृष्णन का स्वागत



उपराष्ट्रपति पद के लिए नामांकन दाखिल करते समय थिरु सी.पी. राधाकृष्णन के साथ मंत्रियों, पार्टी सहयोगियों और एनडीए नेताओं ने भी उनका स्वागत किया। एनडीए परिवार को विश्वास है कि वे एक उत्कृष्ट उपराष्ट्रपति होंगे।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### कांग्रेस को मिर्ची लगी



जेल से सरकार चलाने वाले नेताओं के खिलाफ केंद्र सरकार ने शिकंजा कसने के लिए सदन में विधेयक रखा। इसके अंतर्गत 30 दिन से ज्यादा जेल में रहते हैं तो उनका पद चला जाएगा। यह विधेयक सदन में आते ही जाने क्यों कांग्रेस को मिर्ची लग गई।

- डॉ. मेधा कुलकर्णी, सांसद राज्यसभा

### राष्ट्र सेविका समिति



आज मेरे आवास पर 'राष्ट्र सेविका समिति' महिला शाखा का आयोजन हुआ। हम सब मिलकर सनातन मूल्यों, हिन्दू संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना को और प्रखर बनाएंगे। महिलाओं की जागरूकता और सहभागिता ही राष्ट्र को सशक्त बनाती है।

- कंगना रनौत, सांसद, भाजपा

### शपथपत्रों का जवाब



उप्र में 2022 के विधानसभा चुनावों में नाम काटने को लेकर हमने जो 18000 शपथपत्र दिये थे, भाजपा सरकार उनमें से एक का भी जवाब सही तरीके से देना नहीं चाहती है। जिलाधिकारी को आगे करके चुनाव आयोग बच नहीं सकता।

- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

नेशनल सीनियर सिटीजन-डे

## शहर के सीनियर सिटीजन जिनके भीतर ऐसा जोश और जज्बा, जो युवाओं को भी दे दे मात...

# किसी ने मैराथन और साइक्लिंग में बनाया रिकॉर्ड तो किसी के लिए रोजाना 10 किमी दौड़ना हेल्थ टॉनिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सीनियर सिटीजन नाम सुनते ही एक ऐसे बुजुर्ग व्यक्ति की शख्सियत सामने उभर कर आती है, जो अपने सम्पूर्ण दायित्वों से मुक्त होकर रिटायरमेंट का जीवन जीता है, जिसके लिए शायद दौड़ना, भागना और साइक्लिंग करना नामुमकिन काम हो, लेकिन हमारे समाज में कुछ ऐसे भी सीनियर सिटीजन मौजूद हैं, जिनके भीतर का जोश और जज्बा ऐसा है, जो अच्छे-अच्छे युवाओं को मात दे दे। यह सिर्फ नाम के ही सीनियर सिटीजन है, क्योंकि इनकी फिटनेस और जीवन जीने का मूल मंत्र युवाओं को प्रेरित करने के जीवन को स्वस्थ्य और सफल बनाने की सीख भी देता है। आज सीनियर सिटीजन-डे पर हरिभूमि ने तलाशे ऐसे ही 60 प्लस ऐज ग्रुप के लोग...



### इस साल 64 की हुई हूं, तो इस दिन को 64 किमी साइकिल चलाकर किया सेलिब्रेट

सफल जीवन के लिए फिटनेस का मंत्र देने वाली शहर की जानी मानी साइक्लिस्ट मालती इंदौरिया, जो कागजों में तो 64 वर्षीय हैं, लेकिन साइकिल चलाने की उनका जोश युवाओं को चैलेंज के रूप में ही लगता है। मालती ने कहा कि मैं अपने हर जन्मदिन पर उम्र के बराबर साइकिल चलाती हूं, इस वर्ष मैंने 64 वर्ष पूरे किए तो मैंने अपने जन्मदिन पर 64 किमी साइकिल चलाई, वैसे ही मेरी एनीवर्सरी को भी 44 वर्ष हो गए, तो उस दिन को भी मैंने 44 किमी साइकिल चलाकर सेलिब्रेट किया। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन की सबसे बडी अमीरी हमारी फिटनेस है। उन्होंने कहा कि 2018 से पहले एक ऐसा वक्त था कि मुझे कम्पलीट बेड रेस्ट की हिदायत डॉक्टर ने दी, जबकि बचपन से ही मैं फिटनेस फ्रीक रही हूं, एथलीट रही हूं, नेशनल हॉकी प्लेयर रह चुकी हूं, मलखंब और जिमनास्टिक में भी मैंने अपने शहर का नाम रोशन किया, लेकिन इस तरह से बेड पर अपना जीवन गुजारना मुझे नगवारा था। फिर मैंने खुद उठने की ठानी और अपने भीतर के जोश को जिंदा रखा और आज साइकलिंग, मैराथन और योग मेरे जीवन का अहम हिस्सा बन चुके हैं, जिसे मैं रोजाना करती हूं, ताकि मेरी कंसिस्टेंसी बरकरार रहे।

### रोजाना 10 किमी के साथ प्लैंक में बनाया 6 मिनट का रिकॉर्ड



70 वर्षीय बीडी शर्मा कहते हैं कि रोजाना 10 किमी दौड़ना मेरे जीवन का प्रमुख हिस्सा रहा है। यदि किसी दिन मैं दौड़ नहीं पाता तो दिन भर एक खालीपन लगता है। इसलिए ईश्वर से कहता हूं कि मेरे जीवन के इस अहम हिस्से को कभी दूर न करे। उन्होंने कहा कि जहां दौड़ मेरे जीवन का फिटनेस मंत्र है, तो योग और जिमिंग भी मेरे रुटीन में शामिल है, जिसमें मैं वेट लिफ्टिंग से आपकी मसल्स स्ट्रॉन्ग करता हूं क्योंकि 50 के बाद से ही आपकी मसल्स ढीली होने लगती है, ऐसे में वेट ट्रेनिंग करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं प्लैंक में मेरा 6 मिनट का रिकॉर्ड है, तो वही हॉफ प्लैंक में 5 मिनट का रिकॉर्ड है।



### योग की वजह से बिना सर्जरी दोबारा खड़ी हो पाई

64 वर्षीय बीनू धीर कहती हैं मैं उस जमाने से योग करती आ रही हूं जब ना तो टीवी थी, न चैनल थे। मैंने अपने बचपन में आचार्य जी से योग सीखा और उसके बाद उसको अपने जीवन का आधार बना लिया। बीनू कहती हैं कि 15 साल पहले मेरा एक भयंकर एक्सीडेंट भी हुआ था, जिस वजह से डॉक्टर ने पैर में रॉड डालने की सलाह दी थी, लेकिन मैंने कहा कि मैं प्राकृतिक तरीके से ही सही होंगी और तब मेरे पैर में 8 महीने तक प्लास्टर चढ़ा और करीब 2 साल तक मैंने बेड रेस्ट किया, लेकिन इसके बाद मैंने खुद को मोटिवेट किया, ताकि मैं जीवन को वैसा का वैसा बना पाऊं, अपनी फिटनेस को पुनः प्राप्त कर लूं और योग ने मुझे सहारा दिया। आज मैं योग, वॉकिंग के साथ साथ जिमिंग भी करती हूं और 10 किलो तक वेटलिफिटंग भी कर लेती हूं, तो यही मेरे जीवन का सबसे अच्छा आधार है।

माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विवि में आयोजित 'अभ्युदय' कार्यक्रम में आए कुमार विश्वास ने कहा...

# पत्रकारिता करने वाले बच्चों को अंगद और हनुमान से लेनी चाहिए तटस्थता और निर्भीकता की सीख



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आजकल पत्रकारिता करने वाले बच्चों को अंगद और हनुमान से तटस्थ रहने की प्रेरणा लेनी चाहिए, जिस प्रकार हनुमान ने अपने तटस्थता को साबित करते हुए लंका दहन के बाद श्री राम को रावण की हकीकत बताते हुए कहा कि वह प्रकांड ब्राह्मण, बड़े वेदों का ज्ञाता और सुंदर कद काठी का मालिक है तो वही अंगद ने भी रावण के दरबार में श्री राम का पक्ष रखते हुए कहा कि मैंने चांदी और सोना की चोरी करने वाले तो बहुत देखे हैं, लेकिन किसी की पत्नी को चुराने वाला पहली बार देखने आया हूं...

भावी पत्रकारों को तटस्थता की यह सीख दी प्रख्यात कवि डॉ. कुमार विश्वास ने। जो बुधवार को माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विवि में आयोजित 'अभ्युदय' कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दादा माखनलाल चतुर्वेदी की 12 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण भी किया।

### फूफा भी कुर्सी पर बैठकर गलती करे तो लिखो और दुनिया के सामने हकीकत लाओ....

ऑपरेशन सिंदूर के बारे में बात करते हुए कुमार विश्वास ने कहा कि हम अपने देश में पक्ष और विपक्ष हो सकते हैं लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हम एक हैं और हिंदुस्तान नंबर वन है। उन्होंने कहा कि देश की पत्रकारिता में पिछले 10-11 वर्षों में बहुत अंतर आया है। आज मीडिया में थोपे गए विषय नेपथ्य में जा रहे हैं और देश तथा समाज से जुड़े जो अहम विषय पहले नजरअंदाज कर दिये जाते थे आज वे पत्रकारिता में प्रमुखता से नजर आने लगे हैं। एक सच्चा पत्रकार बनने की सीख देते हुए उन्होंने कहा कि सच्चा पत्रकार वह है कि यदि उसका फूफा भी कुर्सी पर बैठा है और वह गलत कर रहा है तो उसकी गलती को लिखो और दुनिया के सामने लेकर आओ।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ ही कुमार विश्वास, विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी, राज्य शासन में मंत्री कृष्णा गौर, महापौर मालती राय, विधायक भगवान दास सबनानी, रामेश्वर शर्मा, उमाकांत शर्मा, जनसम्पर्क आयुक्त डॉ. सुदाम खाडे कविशेष रूप से उपस्थित रहे।





### आज हर क्षेत्र में सॉफ्ट स्किल्स एक आवश्यक गुण है....

वहीं वरिष्ठ संपादक और लेखक एन. रघुरामन ने कहा कि जीवन के हर क्षेत्र में सफल होने के लिए लोगों से व्यवहार करने का कौशल, पूर्वाग्रहों से मुक्त रहना, क्रोध को काबू में रखने के कौशल जैसे गुण बहुत जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि आज हर क्षेत्र में सॉफ्ट स्किल्स एक आवश्यक गुण है। इसके बाद एनिमेशन की दुनिया से जुड़े वरिष्ठ फिल्मकार तथा विशेषज्ञ श्री आशीष कुलकर्णी ने एआई के दौर में बदलती तकनीकों पर संवाद किया।

### कुमार विश्वास बोले

- देश में आज भी छपे और बोले गए शब्दों पर लोगों का भरोसा कायम है। इसलिए पत्रकारिता की विश्वसनीयता सबसे बड़ा सवाल है। इसके लिए जिंदगी लगा दें।
- यह कहना सबसे बड़ा झूठ है कि हम जनता की पसंद का कंटेंट देते हैं। लोकरूचि के नियामक हम हैं। अपने पाठकों की रुचि बनाना भी हमारा काम है।
- विचार और पत्रकारिता के बीच का अंतर नारद बताते हैं। वे नारायण भक्त हैं, किंतु उनके दरबार में भी सच बोल सकते हैं।

*पत्रकारिता के विद्यार्थी नैतिक मूल्यों और लोकतांत्रिक व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए सदैव सजग, सक्रिय और तत्पर रहें*

## मुख्यमंत्री ने कहा, गर्व का विषय है कि पं. माखनलाल चतुर्वेदी ने मध्यप्रदेश को अपनी कर्मभूमि बनाया

**मुख्यमंत्री ने कहा- पत्रकारिता, सम्प्रेषण का ही स्वरूप है और प्रत्येक युग में सम्प्रेषण कला का विशेष महत्व रहा है**

**कुमार विश्वास ने कहा कि इतिहास साक्षी है कि जब-जब देश को आवश्यकता हुई, युवाओं ने संघर्ष किया**

बुधवार को राजधानी स्थित माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय के सत्रारंभ पर अभ्युदय-2025 कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पंडित माखनलाल चतुर्वेदी की प्रतिमा का अनावरण किया। मुख्यमंत्री ने कहा है कि पत्रकारिता के क्षेत्र में अभ्युदय का अर्थ मात्र आरंभ नहीं, बल्कि निरंतर जागरूकता, सत्य की खोज और समाज को नई दिशा देने वाले उत्तरदायित्व की यात्रा है। नारदजी को पत्रकारिता का आद्य प्रवर्तक माना जाता है। पत्रकारिता के क्षेत्र में माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विवि की पूरे देश में विशिष्ट पहचान है। यह गौरव का विषय है कि दादा माखनलाल का जन्म मध्यप्रदेश के बबाई नगर में हुआ और उन्होंने खंडवा को अपनी कर्मभूमि बनाया। उन्होंने पत्रकारिता के माध्यम से समाज को अंग्रेजों के अत्याचारों के खिलाफ एकजुट करने के साथ सामाजिक कार्यों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

### हर युग में सम्प्रेषण कला का विशेष महत्व रहा



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पत्रकारिता, सम्प्रेषण का ही स्वरूप है और प्रत्येक युग में सम्प्रेषण कला का विशेष महत्व रहा है। रामायण काल में हुनमानजी के संवाद हों या महाभारत काल के यक्ष प्रश्न, दोनों में हुए सम्प्रेषण ने इतिहास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वर्तमान और आने वाले समय में पत्रकारिता विधा में दक्ष हो रहे विद्यार्थियों पर यह महत्वपूर्ण दायित्व है कि वे सूचना सम्प्रेषण के माध्यम से समाज के नैतिक मूल्यों और लोकतांत्रिक व्यवस्था का बेहतर स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए सदैव सजग, सक्रिय और तत्पर रहें।

**संवदेनशील है राज्य सरकार:** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने का माध्यम माना गया है। गुरु की इस गरिमा को स्थापित करने के उद्देश्य से ही प्रदेश के विश्वविद्यालयों में हमने कुलपति के स्थान पर कुलगुरु शब्द के प्रयोग की परंपरा शुरू की। यह हमारी शिक्षा परंपरा में गुरु को सर्वोच्च स्थान देने का प्रतीक है।

### प्रिंट मीडिया का अनुभव आवश्यक

प्रख्यात कवि कुमार विश्वास ने कहा कि इतिहास साक्षी है कि जब-जब देश को आवश्यकता हुई, युवा पीढ़ी ने देश की बेहतरी के लिए संघर्ष किया। उन्होंने चाणक्य की सम्प्रेषण कला का उल्लेख करते हुए कहा कि सामान्य नागरिक, सामान्य हितचिंतक और परस्पर संस्कृतियों का सम्मान करते हुए किया गया सम्प्रेषण सर्वाधिक प्रभावी और ग्राह्य होता है। उन्होंने हनुमानजी और अंगद को सम्प्रेषण कला का विशेषज्ञ बताया। उन्होंने सोशल मीडिया के दौर में विश्वसनीयता के संकट का जिक्र करते हुए कहा कि युवा पत्रकारों को अपनी भाषा, पत्रकारिता की समझ और समाचार लेखन में दक्षता प्राप्त करने के लिए कम से कम तीन साल प्रिंट मीडिया में अवश्य कार्य करना चाहिए। विवि के कुलगुरू विजय मनोहर तिवारी ने नवाचारों की जानकारी दी।

भारत भवन में रंगोत्सव के अंतर्गत 'हयवदन' का मंचन



## बुंदेली नौटंकी और लोकधुनों से समृद्ध रहा हयवदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश रंगोत्सव नाट्य समारोह के अंतर्गत बुधवार की शाम भारत भवन में बुंदेली नाट्य शैली नाटक 'हयवदन' का मंचन हुआ। यह नाटक गिरीश कर्नाड की सुप्रसिद्ध कृति पर आधारित है, जिसे बुंदेली रंग-रस में ढालने का दायित्व निर्देशक मधुसूदन पांडे और मयंक विश्वकर्मा ने निभाया। दोनों ने अपनी रचनात्मकता से न केवल मूल नाटक की आत्मा को जीवित रखा, बल्कि उसे बुंदेली नौटंकी और लोकधुनों से समृद्ध कर दर्शकों के सामने प्रस्तुत किया।

### क्या पूर्णता वास्तव में संभव है या यह एक मरीचिका है?

हयवदन की कहानी मनुष्य की अपूर्णता और उसकी पूर्णता की तलाश के इर्द-गिर्द घूमती है। इसमें एक ऐसे पात्र की दारुण पीड़ा को दिखाया गया है, जो आधा मनुष्य और आधा घोड़ा है। उसका अस्तित्व ही अपूर्णता का प्रतीक बन जाता है। नाटक यह सवाल उठाता है कि क्या पूर्णता वास्तव में संभव है या यह केवल एक मरीचिका है?

सृजन साधना कला प्रदर्शनी में कला गुरुओं का व्याख्यान



## आधुनिक कला का कोई घराना नहीं है...

**भोपाल।** सृजन साधना कला प्रदर्शनी के दूसरे दिन भोपाल के वरिष्ठ कला गुरुओं की पेंटिंग प्रदर्शनी के साथ कला गुरुओं का संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें अशोक भौमिक ने कहा कि आधुनिक कला का कोई घराना नहीं है। हम अपनी परंपरा का दावा करते हैं पर हमारी परंपरा चाहे सिंधु सभ्यता हो या अजंता हो हजारों साल तक अंधेरे में थी।

### हमारे गुरुजन बहुत सहज तरीके से सीखते थे

डॉ. सुषमा श्रीवास्तव, वरिष्ठ चित्रकार ने कहा कि हमारे गुरुजन जिनका काम आज यहां प्रदर्शित हैं बहुत सहज तरीके से सीखते थे और समूह में हम सब बातचीत करते थे। विनय उपाध्याय ने कहा कि मैने बहुत सारे कला गुरुओं का सानिध्य प्राप्त किया है और यह समझ बनती है कि उनके प्रयास का ही फल है कि हमने कलाओं पर समझ हासिल की है।

एमएलबी कॉलेज में ईको-फ्रेंडली गणेश मेंकिंग कार्यशाला का आयोजन

## पेपर मेशी क्ले एवं प्राकृतिक रंगों के प्रयोग से सुंदर गणेश मूर्तियां बनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गणेश उत्सव आने वाला है, ऐसे में राजधानी में अनेकों स्थानों पर इको-फ्रेंडली गणेश मेंकिंग कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में चित्रकला विभाग द्वारा एक दिवसीय इको फ्रेंडली गणेश मेकिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यशाला में वर्कशाप के संरक्षक एवं प्राचार्य डॉ. अजय अग्रवाल, संयोजक डॉ. अंजलि पांडेय, विषय विशेषज्ञ आनंद नंदेश्वर सहित अन्य विभागों के



प्राध्यापक गण एवं विभागीय सदस्य उपस्थित रहे। कार्यशाला में छात्राओं ने पेपर मेशी क्ले एवं प्राकृतिक रंगों के प्रयोग से सुंदर मनभावन गणेश मूर्ति बनाई। कार्यशाला में कॉलेज की प्रोफेसर रोली शुक्ला ने भी छात्राओं का मार्गदर्शन किया।

## गुजराती समाज भवन में मिट्टी के गणेश मेकिंग कार्यशाला



**भोपाल।** गुजराती समाज भवन में बुधवार को मोहन नागर (उपाध्यक्ष , म.प्र. जन अभियान परिषद ) की अध्यक्षता एवं विशिष्ट अतिथि संजय जे. पटेल प्रमुख, अखिल भारत गुजराती समाज की उपस्थिति में माटी गणेश, सिद्ध गणेश अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर बच्चों को एक शपथ भी दिलाई गई कि वह पर्यावरण बचाने के उद्देश्य से प्लास्टिक का उपयोग नहीं करेंगे और प्लास्टर ऑफ पेरिस के बने गणेश जी नहीं खरीदेंगे।

होटल कोर्टयार्ड बाय मेरियट में मंचित हुआ नाटक 'लोकमाता अहिल्याबाई जीवन...'

## पहली बार महाराष्ट्र की प्राचीन वीर-गायन शैली पोवाडा को किया शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती समारोह की श्रृंखला में बुधवार को होटल कोर्टयार्ड बाय मेरियट में ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक गरिमा से ओत-प्रोत नाटक 'लोकमाता अहिल्याबाई जीवन, अवदान और वैभव का गान' का मंचन हुआ। इस अद्वितीय प्रस्तुति ने न केवल दर्शकों को इतिहास के स्वर्णिम पन्नों से रूबरू कराया, बल्कि उन्हें साहस, सेवा और संकल्प की प्रेरणा भी दी।

*लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती समारोह में नाटक ने अहिल्याबाई के जीवन वृतांत को सजीव रूप में प्रस्तुत किया, नाटक में उनके शौर्य, पराक्रम, अटूट संकल्प, समाज निर्माण के आदर्शों को बताया।*






वरिष्ठ लेखिका रंजना चितले द्वारा लिखित, परिकल्पित और निर्देशित इस नाटक ने अहिल्याबाई के जीवन वृतांत को सजीव रूप में प्रस्तुत किया। नाटक में उनके शौर्य, पराक्रम, अटूट संकल्प, समाज निर्माण के आदर्शों और जनकल्याणकारी कार्यों को बड़े प्रभावी ढंग से मंच पर उतारा गया। मंच सज्जा, संवाद और भावभिव्यक्ति के साथ-साथ घटनाओं का क्रम दर्शकों को सीधे उस युग में ले गया, जब अहिल्याबाई ने अपनी नीतियों और कार्यों से मालवा के गौरव को शीर्ष पर पहुंचाया था। नाट्य प्रस्तुति का आयोजन मध्यप्रदेश आजीविका मिशन की ओर से आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय लेखन कार्यशाला के अंतर्गत हुई।

### 40 कलाकारों का दल मंच पर एकजुट

90 मिनट की इस ऐतिहासिक यात्रा में लगभग 40 कलाकारों का दल मंच पर एकजुट होकर अहिल्याबाई की गाथा सुनाता रहा। नाटक की विशेषता रही कि इसमें पहली बार महाराष्ट्र की प्राचीन वीर-गायन शैली पोवाडा को सम्मिलित किया गया। इसका लेखन, गायन और प्रस्तुति पुणे के कलाकार प्रसाद आदिनाथ विभूते ने किया। इस शैली को प्राचीन समय में युद्ध, पराक्रम और वीरता के प्रसंगों को गाने के लिए प्रयोग किया जाता था। इसने प्रस्तुति में एक अलग ही ऊर्जा और प्रभाव भर दिया। पोवाडा के लयबद्ध उच्चारण, ढोलक की थाप और स्वर-संगति ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। इस संगीतमय आयाम ने नाटक की प्रभावशीलता को कई गुना बढ़ा दिया। कलाकारों का अभिनय दमदार और संवाद सधे हुए थे।




गंगा नदी पर बना 1.86 किमी लंबा और 6-लेन का अंटा–सिमरिया पुल शामिल

# 18,000 करोड़ की परियोजनाओं का करेंगे शुभारंभ और शिलान्यास

## दो नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे और एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 अगस्त को बिहार और पश्चिम बंगाल का दौरा करेंगे। इस दौरान वे दोनों राज्यों में मिलाकर 18,000 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। पीएम शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे गया पहुंचेंगे, जहां वे 13,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

### एलिवेटेड कोना एक्सप्रेसवे का शिलान्यास करेंगे

इसके अलावा प्रधानमंत्री 7.2 किमी लंबे 6-लेन एलिवेटेड कोना एक्सप्रेसवे का शिलान्यास करेंगे जिसकी लागत लगभग 1,200 करोड़ रुपए है। यह प्रोजेक्ट हावड़ा, ग्रामीण इलाकों और कोलकाता को बेहतर कनेक्टिविटी देगा, जिससे व्यापार, पर्यटन और यातायात में बड़ा सुधार होगा।



### जनसभा को करेंगे संबोधित

इस दौरान वे दो नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे और एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। प्रमुख परियोजनाओं में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 31, गंगा नदी पर बना 1.86 किमी लंबा और 6-लेन का अंटा–सिमरिया पुल शामिल है। यह पुल पुराने राजेंद्र सेतु के समानांतर बना है और इसकी कुल लंबाई 8.15 किमी है। लगभग 1,870 करोड़ रुपए की लागत से बने इस पुल से उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी और भारी वाहनों को अब 100 किमी का अतिरिक्त चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा।

### कई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे

प्रधानमंत्री मुंगेर में 520 करोड़ रुपएकी लागत से बने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और सीवरेज नेटवर्क का उद्घाटन करेंगे। औरंगाबाद, बोधगया और जहानाबाद सहित अन्य शहरों में जल आपूर्ति और सीवरेज प्रोजेक्ट का शिलान्यास करेंगे। गया–दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस और वैशाली-कोडरमा बौद्ध सर्किट ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीण

### कोलकाता में नए मेट्रो नेटवर्क का करेंगे लोकार्पण

प्रधानमंत्री शुक्रवार को ही शाम करीब 4:15 बजे कोलकाता पहुंचेंगे, जहां वे करीब 5,200 करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। वे कोलकाता में 13.61 किमी लंबे नए मेट्रो नेटवर्क का उद्घाटन करेंगे, जिसमें नोआपारा-जय हिंद विमानबंदर, सियालदह-एस्प्लेनेड और बेलीघाटा-हेमंत मुखोपाध्याय रूट शामिल हैं। इससे समय में भारी कमी आएगी, सियालदह से एस्प्लेनेड तक का सफर मात्र 11 मिनट में पूरा होगा।

### हाईवे का करेंगे उद्घाटन अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल का करेंगे लोकार्पित

बिहार में प्रधानमंत्री लगभग 1,900 करोड़ रुपए की लागत से बने बख्तियारपुर से मोकामा के बीच चार लेन वाले हाईवे का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा हाइवे -120 के ग्रामीण सेक्शन को भी अपग्रेड किया जाएगा। इसी कार्यक्रम में 6,880 करोड़ रुपए की लागत से बने 660 मेगावाट के बक्सर थर्मल पावर प्लांट का उद्घाटन होगा, जिससे बिहार की बिजली आपूर्ति और मजबूत होगी। प्रधानमंत्री यहां होमी भाभा कैंसर अस्पताल, मुजफ्फरपुर का भी उद्घाटन करेंगे, जिसमें ओपीडी, ओटी और ब्लड बैंक और 24 आईसीयू व एचडीयू, ब्लड बैंक और आधुनिक लैब की सुविधाएं भी शामिल होंगी। इससे कैंसर मरीजों को इलाज के लिए बड़े शहरों में जाने की जरूरत कम होगी।

## खबर संक्षेप

### जमीन और नौकरी के बीच कोई संबंध नहीं

**नई दिल्ली।** जमीन के बदले नौकरी मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट में अहम सुनवाई हुई। यह मामला



आरजेडी सुप्रीमो और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव समेत कई आरोपियों से जुड़ा है। राबड़ी देवी की ओर से पेश वकील ने दलील देते हुए कहा कि इस पूरे मामले में जमीन और नौकरी के बीच कोई सीधा कनेक्शन नहीं है।

### फेसबुक से 3 अफसरों को किया सस्पेंड

**मलप्पुरम।** केरल के मलप्पुरम जिले में सड़क रखरखाव की लापरवाही ने बड़ा विवाद खड़ा कर



दिया है। हैरानी की बात यह रही कि लोक निर्माण विभाग मंत्री पीए.मुहम्मद रियास ने किसी नोटिस या आधिकारिक लेटर की बजाय फेसबुक पोस्ट के जरिए ही तीन अधिकारियों को सस्पेंड करने का ऐलान कर दिया।

### जर्जर मकान जमींदोज 3 मजदूरों की मौत

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में बड़ा हादसा हुआ है। दरियागंज इलाके में एक मकान



जमींदोज हो गया। हादसे में तीन लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि कई लोगों के दबे होने की आशंका जताई जा रही है। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और बचाव कार्य शुरू कर दिया है। बुधवार 12.14 बजे मकान जमींदोज हो गया।

### दिल्ली के 50 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के स्कूलों को बम की धमकी मिलने का सिलसिला थमने का नाम नहीं



ले रहा है। अब दिल्ली के करीब 50 स्कूलों को बुधवार को ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली, जिसके बाद पुलिस और अन्य आपातकालीन एजेंसियों ने तलाशी अभियान शुरू कर दिया।

## गृहमंत्री शाह ने लोकसभा में पेश किए तीन विधेयक

बुधवार को संविधान (130वां संशोधन) विधेयक-2025 पेश

# विपक्ष ने इसे जनविरोधी और देश में लोकतंत्र को खत्म करने वाला करार दिया

### प्रधानमंत्री, मंत्रियों व मुख्यमंत्रियों को गंभीर अपराध के आरोपों में गिरफ्तारी होगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में बुधवार को संविधान (130वां संशोधन) विधेयक-2025, संघ राज्य क्षेत्र शासन (संशोधन) विधेयक-2025 और जम्मू कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक-2025 पेश किए. इसमें प्रधानमंत्री, मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों को गंभीर अपराध के आरोपों में गिरफ्तार किए जाने पर पद से हटाने का प्रावधान है। सदन में हंगामे के चलते तीनों विधेयकों को संसद की संयुक्त समिति को भेजने का फैसला लिया गया है। इस हंगामा थमता नजर नहीं आ रहा है. विधेयक को लेकर विपक्ष सरकार पर हमलावर है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इसे जन विरोधी करार दिया है। बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने तो यहां तक कह डाला कि 130वां संविधान संशोधन विधेयक देश में लोकतंत्र को हमेशा के लिए खत्म कर देगा।



**माननीयों ने यह कहा**

### खरगे ने बोला हमला, देश विरोधी कहा



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने विधेयक का विरोध करते हुए सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि ये सरकार ताकत का इस्तेमाल करके जन विरोधी कानून लाने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी ने कहा कि रातोंरात यह विधेयक क्यों लाए? क्योंकि कांग्रेस सड़कों पर उतर आई है इसलिए. यह सिर्फ दिखावा है। बिल्कुल महिला विधेयक की तरह। यह सब सिर्फ नाटक है।

### यह लोकतंत्र और संघवाद के लिए खतरे की घंटीः ममता



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने एक्स पर एक पोस्ट में दावा किया कि ये विधेयक न्यायपालिका की स्वतंत्रता खत्म कर देगा। उन्होंने कहा, मैं इसे एक सुपर आपातकाल से भी बड़े, देश के लोकतांत्रिक युग को हमेशा के लिए खत्म करने की दिशा में उठाए गए कदम के तौर पर इसकी निंदी करती हूं। यह दमनकारी कदम लोकतंत्र और संघवाद के लिए खतरे की घंटी है। 'विधेयक का उद्देश्य 'एक व्यक्ति-एक पार्टी-एक सरकार' को मजबूत करना है। यह विधेयक संविधान के मूल ढांचे को रौंदता है। लोकतंत्र को बचाने के लिए इस विधेयक का हर कीमत पर विरोध किया जाना चाहिए।

**सत्तापक्ष ने कहा**

### विपक्ष सभ्य समाज को शर्मिंदा कर रहा

लोकसभा में हंगामे को लेकर भाजपा ने विपक्ष पर निशाना



साधा। सांसद कंगना रनौत ने कहा, आज संसद में हमने जो दृश्य देखे, वो एक सभ्य समाज को शर्मिंदा कर देंगे। विपक्ष के लोग उनका माइक छीनने की कोशिश कर रहे थे और उनके ऊपर कागज के टुकड़े फेंके जा रहे थे।

### इनको जनता ही सबक सिखाएगी

संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025 पर भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि देश



का हर व्यक्ति यह कह रहा था कि जिन लोगों पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं, वे कैसे अपने पदों पर बने रह सकते हैं? ऐसे में जब देश के गृह मंत्री अमित शाह एक विधेयक लेकर आते हैं, तो विपक्ष चाहता है कि ऐसे आपराधिक मामलों में फंसे लोग अपने पदों पर बने रहें। जो लोग चाहते हैं कि ऐसे लोग सत्ता में बने रहें, उन्हें जनता सबक सिखाएगी।

### शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत का उल्लंघनः ओवैसी

एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि मैं इसका विरोध करता हूं। यह शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत का उल्लंघन करता है और



सरकार चुनने के अधिकार को कमजोर करता है। यह कार्यकारी एजेंसियों को तुच्छ आरोपों और संदेह के आधार पर जज और जल्लाद बनने की खुली छूट देता है। यह सरकार पुलिस राज्य बनाने पर तुली हुई है। यह निर्वाचित सरकार के लिए मौत की कील होगी। विधेयक पर कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि सत्ता पक्ष की अपने बहुमत का इस्तेमाल करके इस विधेयक को पारित करने की मंशा ठीक नहीं है। इसका इस्तेमाल विपक्ष को निशाना बनाने के लिए एक हथियार के रूप में किया जाएगा। यह एक क्रूर कृत्य है. ऐसे समय में जब चुनाव आयोग पर सवाल उठ रहे हैं, सत्ता पक्ष में घबराहट है।

### मंत्रियों को हटाने का नया ढांचाः तिवारी

कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि मैं इन तीन विधेयकों का विरोध करता हू, जो प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्रियों और राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के



मंत्रियों को हटाने का कानूनी ढांचा प्रदान करते हैं। यह विधेयक संविधान के मूल ढांचे को पूरी तरह से नष्ट करने वाला है। जब तक दोष साबित न हो जाए, तब तक आप निर्दोष हैं. यह विधेयक न्यायशास्त्र के सिद्धांत के खिलाफ है. यह विधेयक जांच अधिकारी को देश के प्रधानमंत्री का बॉस बनाने वाला है। मनीष तिवारी ने कहा, यह विधेयक अनुच्छेद 21 का उल्लंघन करता है। इतना ही नहीं यह संसदीय लोकतंत्र, जो मूल ढांचे का हिस्सा है, उसको न्यायिक निर्णय से रहित मात्र हिरासत के माध्यम से जनता की इच्छा को विस्थापित करके विकृत करता है।

## लोकसभा में ऑनलाइन मनी गेम पर प्रतिबंध

# ऐसे परिवार हैं जो ऑनलाइन मनी गेम के आदी हुए और बर्बाद हो गएः अश्विनी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा ने बुधवार को पैसे से खेले जाने वाले ऑनलाइन गेम पर प्रतिबंध लगाने से जुड़ा विधेयक पारित कर दिया। इसका उद्देश्य इन गेम्स की लत, धन



शोधन और वित्तीय धोखाधड़ी की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाना है। ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और विनियमन विधेयक, 2025, ऑनलाइन मनी गेम्स से संबंधित विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगाने के साथ-साथ बैंकों और वित्तीय संस्थानों को ऐसे किसी भी गेम के लिए धन की सुविधा प्रदान करने या स्थानांतरित करने से रोकता है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि ऑनलाइन मनी गेम , जो समाज में चिंता का कारण है। ऐसे लोग हैं, ऐसे परिवार हैं जो ऑनलाइन मनी गेम के आदी हो गए हैं। वे अपनी मेहनत की कमाई खो देते हैं। एल्गोरिदम कभी-कभी ऐसे होते हैं कि यह जानना मुश्किल होता है कि आप किसके साथ खेल रहे हैं। एल्गोरिदम अपारदर्शी हैं। मंत्री ने कहा, कई परिवार तबाह हो गए हैं, कई लोगों ने आत्महत्या कर ली है।

सदन में विपक्षी सदस्यों के विरोध के बीच इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव की संक्षिप्त टिप्पणी के बाद विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। विधेयक पारित होने के बाद लोकसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। ऑनलाइन मनी गेम वह गेम है जिसे यूजर पैसा और अन्य फायदे जीतने की उम्मीद में पैसा जमा करके खेलता है।

यह विधेयक सभी ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुआ को गैरकानूनी घोषित करता है। ऑनलाइन फैंटेसी खेलों से लेकर ऑनलाइन जुआ और ऑनलाइन लॉटरी तक इस बिल के कानून बनने के बाद अवैध हो जाएंगे। दोनों सदनों की ओर से विधेयक पारित हो जाने के बाद, ऑनलाइन मनी गेमिंग की पेशकश या सुविधा प्रदान करने पर तीन वर्ष तक की कैद और/या 1 करोड़ रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।

### कई लोगों ने आत्महत्याएं की

विधेयक को ध्वनिमत से पारित किए जाने के दौरान विपक्षी सदस्य लगातार नारेबाजी करते रहे। वैष्णव ने आगे कहा कि ऑनलाइन गेमिंग के तीन खंड हैं। पहला ई-स्पोर्ट्स है जिसमें रणनीतिक सोच, टीम निर्माण और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने की आवश्यकता होती है... दूसरा खंड ऑनलाइन सोशल गेम्स है , चाहे वह सॉलिटेयर हो, शतरंज हो, सुडोकू हो। ये शिक्षाप्रद और मनोरंजक हैं। इन्हें व्यापक रूप से खेला जाता है। एक तीसरा वर्ग है, ऑनलाइन मनी गेम , जो समाज में चिंता का कारण है। ऐसे लोग हैं, ऐसे परिवार हैं जो ऑनलाइन मनी गेम के आदी हो गए हैं। वे अपनी मेहनत की कमाई खो देते हैं। एल्गोरिदम कभी-कभी ऐसे होते हैं कि यह जानना मुश्किल होता है कि आप किसके साथ खेल रहे हैं। एल्गोरिदम अपारदर्शी हैं। मंत्री ने कहा कि कई परिवार तबाह हो गए हैं, कई लोगों ने आत्महत्या कर ली है।

## रतन टाटा इनोवेशन हब का शुभारंभ

# 'रोबोडॉग' ने अनोखे अंदाज में किया नायडू का स्वागत



टाटा ग्रुप के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन भी कार्यक्रम में रहे मौजूद

एजेंसी ⏭ अमरावती

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने अमरावती में रतन टाटा इनोवेशन हब्स का उद्घाटन किया। उनके स्वागत में लगाए गए एक रोबोडॉग का वीडियो खूब वायरल हो रहा है। टाटा ग्रुप के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन और कई अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। सीएम के आते ही रोबोडॉग अपने दो पैरों पर खड़ा हो गया और दो पैरों को जोड़कर सीएम को नमस्कार किया। इस रोबोडॉग को एक ऑपरेटर द्वारा कंट्रोलर डिवाइस से कंट्रोल किया जा रहा था।

## मुस्लिम लड़की की शादी का मुद्दा

# ऐसे आदेश को चुनौती देने का कोई अधिकार नहीं, याचिका खारिज की

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अपील को खारिज दिया। जिसमें पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्च के उस फैसले को चुनौती दी गई थी। याचिका में कहा गया था कि 16 वर्षीय मुस्लिम लड़की वैध कर सकती है। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस मामले में आयोग का कोई अधिकार नहीं बनता।जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने कहा कि हम यह समझ नहीं पा रहे हैं कि एनसीपीसीआर इस



तरह के आदेश से कैसे असंतुष्ट हो सकता है। यदि हाई कोर्ट अनुच्छेद 226 के तहत अपनी शक्ति का प्रयोग करते हुए दो व्यक्तियों को संरक्षण प्रदान करना चाहता है, तो एनसीपीसीआर के पास ऐसे आदेश को चुनौती देने का कोई अधिकार नहीं है। इस याचिका का खारिज किया जाता है।

## छत्तीसगढ़ मंत्रिमंडल विस्तारः 3 मंत्रियों ने ली शपथ

मंत्रिमंडल में मंत्रियों की संख्या बढ़कर 14 हो गई

# सीएम साय ने बधाई दी और सुशासन के नए आयाम गढ़ने की अपेक्षा की

एजेंसी ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में बुधवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंत्रिमंडल का विस्तार किया। प्रदेश की राजधानी रायपुर स्थित राजभवन में तीन विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली.राजभवन में राज्यपाल रमेन डेका ने भाजपा के 3 विधायकों राजेश अग्रवाल, गुरु खुशवंत साहेब और गजेंद्र यादव को मंत्री पद की शपथ दिलाई। अब साय के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल में मंत्रियों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है। सीएम साय ने शपथ ग्रहण करने वाले कैबिनेट सदस्यों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। ये राज्य को विकास और सुशासन की दिशा में नए आयाम प्रदान करेंगे।



### किसे मिला कौन सा विभाग?

- गजेंद्र यादव- स्कूल शिक्षा, ग्राम उद्योग, विधि एवं विधायी कार्य
- खुशवंत साहेब- कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, अनुसूचित जाति विकास
- राजेश अग्रवाल -पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं घर्मस्व

### डिप्टी सीएम को खेल युवा कल्याण की भी जिम्मेदारी

डिप्टी सीएम अरुण साव को अपने विभाग के साथ खेल युवा कल्याण विभाग भी मिला। राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा से खेल युवा कल्याण विभाग को हटाकर उच्च शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। मंत्री लखन लाल देवांगन को आबकारी विभाग की जिम्मेदारी मिली है।

## सरकार ने दो शहरों का नाम बदला

गृह मंत्रालय ने जारी किया आदेश

# जलालाबाद अब होगा परशुरामपुरी तो देवीग्राम से जाना जाएगा 'खूनी गांव'

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले के जलालाबाद का नाम बदल दिया गया है। अब इस जगह को परशुरामपुरी कहा जाएगा। गृह मंत्रालय ने इसका आदेश जारी कर दिया है और कहा है कि अब जलालाबाद को परशुरामपुरी के नाम से जाना जाएगा। इस पर केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने गृह मंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त किया है। केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा, उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर स्थित जलालाबाद का नाम परिवर्तित कर 'परशुरामपुरी' करने की अनुमति देने पर गृह मंत्री अमित शाह का हार्दिक धन्यवाद एवं आभार।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने गृह मंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त किया

### उत्तराखंड की सरकार ने बनाया 'देवीग्राम'



पिथौरागढ़ का ही एक गांव है जिसे 'खूनी गांव'कहा जाता है। लेकिन इस खूनी गांव का अब नाम बदल गया है और उत्तराखंड की सरकार ने अब उसका नाम बदलकर 'देवीग्राम' कर दिया है। लंबे समय से इस गांव के लोग अपने गांव का नाम बदलने की मांग कर रहे थे क्योंकि, इस खौफनाक नाम की वजह से इस गांव के बड़े, बच्चे और बूढ़े सभी मानसिक रूप से परेशान कर रखा था। अब लोगों को इस नाम से छुटकारा मिल गया है और गांव का नया नाम भी मिल गया है।

## गेंद अब केंद्र के पाले में, संसदीय स्थायी समिति ने की अनुशंसा

# निजी संस्थानों में लागू हो विद्यार्थियों के लिए आरक्षण

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस पार्टी ने निजी उच्च शिक्षण संस्थानों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण की सिफारिश कर बिहार विधानसभा चुनाव से ठीक पहले आरक्षण के कानूनी प्रावधानों पर एक गंभीर सियासी पासा फेंका है। मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री राज्यसभा के वरिष्ठ सांसद और शिक्षा संबंधी संसदीय स्थायी समिति के सदस्य दिग्विजय सिंह ने आज, बुधवार को राज्यसभा में इस संबंध में एक विस्तृत रिपोर्ट पेश की। है। संसदीय पटल पर रखी गई रिपोर्ट में इस बात को जोर देकर कहा गया है कि निजी उच्च शिक्षण संस्थानों में अनुसूचित जाति, जनजाति और ओबीसी छात्रों के लिए आरक्षण अनिवार्य करने की अनुमति दी जानी चाहिए। रिपोर्ट में भारतीय संविधान का अनुच्छेद 15(5) का उल्लेख करते हुए इस बात खास जिक्र किया गया है कि इस संबंध में तत्कालीन मनमोहन सिंह सरकार ने 2006 में 93वें संशोधन के माध्यम से संवैधानिक प्रावधान कर मसले को जरूरी मानते हुए जोड़ा था, अब केंद्र की मोदी सरकार को इस पर कार्यवाही करनी चाहिए।

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले का भी दिया हवाला

संसदीय स्थायी समिति की रिपोर्ट में इस बात का उदाहरण भी दिया गया है कि मई 2014 में, प्रमति एजुकेशनल एंड कल्चरल ट्रस्ट बनाम भारत संघ मामले में, भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने अनुच्छेद 15(5) की वैधता को बरकरार रखा और यह स्पष्ट किया कि निजी उच्च शिक्षण संस्थानों में भी आरक्षण की अनुमति है। हालांकि, वर्तमान में संसद ने ऐसा कोई कानून पारित नहीं किया है जो अनुच्छेद 15(5) को लागू करे और निजी उच्च शिक्षण संस्थानों में अनुसूचित जाति और जनजाति और ओबीसी समुदाय के छात्रों के लिए आरक्षण अनिवार्य बनाए।



आंकडों के हवाले से स्थायी समिति की रिपोर्ट में कहा गया है कि निजी शैक्षणिक संस्थानों में अनुसूचित जाति, जनजाति और ओबीसी समुदायों के विद्यार्थियों का वर्तमान प्रतिनिधित्व बेहद कम है। समिति ने केंद्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त तीन निजी उत्कृष्ट संस्थानों के छात्र संरचना का अध्ययन किया। कुल छात्रों का महज 0.89 फीसदी छात्र अनुसूचित जाति के हैं, जब कि 0.53% छात्र जनजाति से हैं, ओबीसी छात्रों की संख्या 11.16 फीसदी दर्ज की गई। समिति ने इसे नाकाफी बताया है। समिति ने इसलिए सर्वसम्मति से सिफारिश की है कि संसद एक कानून पारित करे, जिसके तहत अनुसूचित समुदायों के लिए 15 फीसदी आरक्षण, जनजाति समुदायों के लिए 7.5 फीसदी आरक्षण और अन्य पिछडा वर्ग यानी ओबीसी समुदायों के लिए 27 फीसदी, तय प्रावधानों के हिसाब से आरक्षण लागू किया जाए। कांग्रेस के संचार विभाग के अध्यक्ष और कांग्रेस संसदीय दल के मुख्य सचेतक जयराम रमेश ने कहा कि अब निजी उच्च शिक्षण संस्थानों में अनुसूचित जाति, जनजाति और ओबीसी समुदायों की आरक्षण की वैध मांग को नजरअंदाज करना संभव नहीं है।

## भारत-रूस संबंधों की मजबूती, अमेरिका को देगी तनाव

# मॉस्को में जयशंकर ने की प्रमुख रूसी थिंक टैंक से मुलाकात

### भारत-रूस संबंधों, समकालीन वैश्विक भू-राजनीति और भारत के दृष्टिकोण पर हुई चर्चा

**जबसे अमेरिका ने रूस से तेल खरीदने पर भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगा दिया है। ऐसे में भारत और रूस मिलकर अमेरिकी टैरिफ का समाधान खोजने के लिए नई रणनीति पर काम कर रहे हैं**

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

अमेरिका से छिड़े टैरिफ वार के बीच भारत और रूस अपने संबंधों को नई स्फूर्ति देने में लगे हैं। भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर मंगलवार से रूस की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं। जयशंकर ऐसे वक्त में मॉस्को गए हैं, जब अमेरिका ने रूस से तेल खरीदने पर भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगा दिया है। ऐसे में भारत और रूस मिलकर अमेरिकी टैरिफ का समाधान खोजने के लिए नई रणनीति पर काम कर रहे हैं। यह अमेरिका के लिए चिंता का सबब हो सकता है।

अपनी यात्रा के दौरान विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने मॉस्को में रूस के प्रमुख विद्वानों और थिंक टैंक प्रतिनिधियों से बातचीत की। इस दौरान भारत-रूस संबंधों, समकालीन वैश्विक भू-राजनीति और भारत के दृष्टिकोण पर चर्चा हुई। उन्होंने एक्स पर लिखा कि रूस के प्रमुख विद्वानों और थिंक टैंक प्रतिनिधियों के साथ बातचीत करके खुशी हुई। भारत-रूस संबंधों, समकालीन वैश्विक भू-राजनीति और भारत के दृष्टिकोण पर चर्चा हुई।



### मोदी ने पुतिन को दिया भारत आने का निमंत्रण

*पीएम मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन को इस वर्ष के अंत में भारत में होने वाले 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए आमंत्रित भी किया है। उन्होंने कहा था कि मेरे मित्र राष्ट्रपति पुतिन से बहुत ही अच्छी और विस्तृत बातचीत हुई। हमने द्विपक्षीय एजेंडे की प्रगति की समीक्षा की और भारत-रूस की विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और सुदृढ़ करने की प्रतिबद्धता दोहराई। इस वर्ष के अंत में भारत में राष्ट्रपति पुतिन की मेजबानी की प्रतीक्षा है। गौरतलब है कि राष्ट्रपति पुतिन की आखिरी भारत यात्रा दिसंबर 2021 में हुई थी, जब उन्होंने नई दिल्ली में 21वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लिया था। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले वर्ष रूस के दो अहम दौरे, जुलाई में 22वें भारत-रूस शिखर सम्मेलन और अक्टूबर में कजान में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन, किए थे।*

### भारत-रूस पुराने मित्र देश

भारत और रूस पारंपरिक सहयोगी और गहरे मित्र रहे हैं। ऐसे में दोनों देश मिलकर अपने संबंधों को अब नई ऊंचाई पर ले जाने के प्रयास में हैं। ऐसे में जयशंकर की प्रमुख रूसी थिंक टैंक से मुलाकात के कई मायने निकाले जा रहे हैं। भारत और रूस ऊर्जा व सुरक्षा डील के साथ अमेरिकी प्रतिबंध से निपटने का भी रास्ता खोज सकते हैं।

**मोदी-पुतिन संबंधों को गहरा कर रहे**

*पीएम मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन लगातार एक दूसरे के संपर्क में बने हुए हैं और दोनों देशों के बीच संबंधों को गहरा करने में जुटे हुए हैं। बीते रविवार को ही पुतिन ने पीएम मोदी से टेलीफोन पर बात कर हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ अलास्का में हुई अपनी बैठक के बारे में जानकारी दी। इससे पहले, 8 अगस्त को भी पीएम मोदी और राष्ट्रपति पुतिन के बीच टेलीफोन पर बातचीत हुई थी। उस दौरान राष्ट्रपति पुतिन ने यूक्रेन से जुड़े हालिया घटनाक्रमों की जानकारी दी थी। पीएम मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत हमेशा से यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान और संवाद-कूटनीति के माध्यम से विवाद सुलझाने का पक्षधर रहा है।*



### रूसी विदेश मंत्री से होगी मुलाकात

*मॉस्को में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर की अपने रूस के समकक्ष विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक होगी। जिसमें द्विपक्षीय एजेंडे की समीक्षा के साथ ही क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मामलों पर विचारों का आदान-प्रदान किया जाएगा। यूक्रेन विवाद का मामला भी चर्चा में शामिल किया जा सकता है।*

### आईआरआईजीसी-टेक की हुई बैठक

विदेश मंत्री ने बुधवार को व्यापार, आर्थिक, वैज्ञानिक, तकनीकी और सांस्कृतिक सहयोग (आईआरआईजीसी-टेक) पर गठित किए गए भारत-रूस अंतर सरकारी आयोग के 26वें सत्र में रूस के प्रथम डिप्टी पीएम डेनिस मंटूरोव के साथ सह-अध्यक्षता की।

---

## खबर संक्षेप

### बस में आग, 70 से ज्यादा अफगानियों की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान में एक भीषण बस दुर्घटना में 79 अफगानियों की मौत हो गई।



अफगानिस्तान के गृह मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल मतीन कानी ने बताया हादसा तब हुआ जब बस ईरान से लौट रही थी। उन्होंने बताया कि मृतकों में 19 बच्चे भी शामिल हैं। दुर्घटना में दो लोग घायल भी हुए हैं। यह दुर्घटना मंगलवार रात लगभग 8:30 बजे स्थानीय समयानुसार हेरात प्रांत में हुई। बस की टक्कर एक ट्रक और एक मोटरसाइकिल से हो गई।

### निजता उल्लंघन: 3 करोड़ डॉलर हर्जाना देगा गूगल

**न्यूयॉर्क।** गूगल उस मुकदमे का निपटारा करने के लिए तीन करोड़ डॉलर का हर्जाना देगा, जिसमें दावा किया गया है कि उसने यूट्यूब इस्तेमाल करने वाले बच्चों की निजता का उल्लंघन किया गया है। यह मामला 34 बच्चों के माता-पिता की तरफ से दायर किया गया है, जिसमें कहा गया है कि माता-पिता की सहमति के बिना बच्चों की व्यक्तिगत जानकारी एकत्र करके उसका उपयोग लक्षित विज्ञापन भेजने के लिए किया गया।



---

## ट्रंप टैरिफ विवाद के बीच रूस ने किया बड़ा ऐलान

**ये भी कहा अमेरिका नहीं तो हम खरीदेंगे भारत से सामान**

# कच्चा तेल खरीदने पर भारत को जारी रहेगी 5% की छूट

*पश्चिमी देशों के बारे में कहा, वे औपनिवेशिक शक्तियों की तरह व्यवहार करते, अपने लाभ के बारे में सोचते*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक तरफ जहां रूस से तेल खरीदने को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप लगातार भारत को धमकियां दे रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर रूस ने कहा है कि वो भारत को 5 प्रतिशत डिस्काउंट पर कच्चे तेल बेचता रहेगा। भारत में रूस के उप-व्यापार प्रतिनिधि, एवगेनी ग्रिवा ने कहा कि भारत को रूसी कच्चे तेल की खरीद पर 5 प्रतिशत की छूट जारी रहेगी। एवगेनी ग्रिवा ने कहा कि अमेरिकी धमकियों और मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों के बीच भारत लगातार रूस से कच्चे तेल को खरीदता रहेगा।

वहीं, दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए रूसी मिशन के उप प्रमुख रोमन बाबुश्किन ने कहा कि दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए रूसी मिशन के उप प्रमुख रोमन बाबुश्किन ने कहा कि रूसी कच्चे तेल की खरीद को लेकर भारत पर अमेरिका का दबाव अनुचित और एकतरफा है। उन्होंने कहा कि अगर भारतीय सामानों को अमेरिकी बाजार में प्रवेश करने में मुश्किलें आ रही हैं, तो रूसी बाजार भारतीय निर्यात का स्वागत कर रहा है। उन्होंने कहा कि वॉशिंगटन भारत को मित्र देश कहता है, पर दोस्त ऐसा व्यवहार नहीं करते।



रूस के विरुद्ध पश्चिमी देशों के दंडात्मक उपायों पर बाबुश्किन ने कहा कि प्रतिबंध उन लोगों पर ही प्रहार कर रहे हैं जो इन्हें लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा वैश्विक उथल-पुथल के बीच स्थिरता लाने वाली ताकत के रूप में ब्रिक्स की भूमिका बढ़ेगी।

**यूएस के बारे में कहा, वॉशिंगटन भारत को मित्र देश कहता है, पर दोस्त ऐसा व्यवहार नहीं करते**



फाइल फोटो

### भारत के साथ सच्ची रणनीतिक साझेदारी

*बाबुश्किन ने कहा कि अगर पश्चिम आपकी आलोचना करता है, तो इसका मतलब है कि आप सब कुछ सही कर रहे हैं। हमें उम्मीद नहीं है कि ऐसा होगा (भारत तेल खरीदना बंद कर देगा)। हम भारत के लिए चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बारे में जानते हैं। यही सच्ची रणनीतिक साझेदारी है जिसका हम आनंद ले रहे हैं। चाहे कुछ भी हो जाए, चुनौतियों के दौरान भी, हम किसी भी समस्या को दूर करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।*

### भारत तेल का सबसे बड़ा उपभोक्ता

रोमन बाबुश्किन ने कहा कि रूस तेल का सबसे बड़ा उत्पादक है और भारत सबसे बड़ा उपभोक्ता है। किसी भी प्रकार की एकतरफा कार्रवाई से आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान, मूल्य निर्धारण नीतियों में असंतुलन और वैश्विक बाजारों में अस्थिरता पैदा होती है। इससे विकासशील देशों की ऊर्जा सुरक्षा खतरे में पड़ जाती है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी देश नए औपनिवेशिक शक्तियों की तरह व्यवहार करते हैं।

### रूसी राजनयिक बोले 'श्रीगणेश करते हैं'

*रोमन बबुश्किन ने अपनी प्रेस वार्ता शुरू होने से पहले हिंदी में बोलकर भारत-रूस के मजबूत और गहरे संबंधों को दर्शाया। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि 'शुरुआत करेंगे, श्रीगणेश करेंगे'। उनकी ये हिंदी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई और गहरा संदेश दे गई। बबुश्किन से जब पूछा गया कि भारत इजराइल की आयरन डोम प्रणाली के तर्ज पर एयर डिफेंस सिस्टम बनाने जा रहा है, तो उन्होंने मुस्कुराते हुए पूछा– 'आपका मतलब सुदर्शन चक्र से है?'। बता दें, सुदर्शन चक्र रक्षा प्रणाली रूसी एस-400 प्लेटफॉर्म पर आधारित है, जो 400 किमी तक की दूरी से दुश्मन के एयरक्राफ्ट, क्रूज मिसाइल, ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइलों को मार गिरा सकता है। बाबुश्किन ने कहा कि राष्ट्रपति पुतिन की ओर से हाल ही में पीएम मोदी जी को यूक्रेन के हालिया घटनाक्रम के बारे में जानकारी देने और साझा करने के लिए फोन कॉल किया गया, इसका मतलब है कि भारत रूस के लिए बहुत मायने रखता है। हम आपसी संतुष्टि के लिए कोई भी समाधान निकालने में सक्षम हैं। हमारी साझेदारी को गहरा करने से हमें साथ मिलकर आगे बढ़ने में मदद मिलेगी।*

---

## इजराइल की गाजा पर कब्जे की तैयारी



# 1.30 लाख सैनिक होंगे तैनात, 60 हजार रिजर्व फोर्स ड्यूटी पर बुलाए

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

इजराइल ने गाजा सिटी पर कब्जे की तैयारी शुरू कर दी है। इसके चलते उसने रिजर्व सैनिकों को ड्यूटी पर बुलाने का फैसला किया है। इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने गाजा सिटी पर कब्जा करने की योजना को मंजूरी दी है। इसके लिए उन्होंने करीब 60 हजार एक्स्ट्रा सैनिकों (रिजर्व फोर्स) को ड्यूटी पर बुलाने का आदेश दिया है। इजराइल के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। इजराइल ने गाजा सिटी पर कब्जे के लिए 1.30 लाख सैनिकों को मोर्चे पर तैनात करने का फैसला किया है। सैनिकों को ड्यूटी जॉइन करने से कम से कम 2 हफ्ते पहले नोटिस दिया जाएगा।

### अभियान का नाम गिदोनस चेरीअट्स-बी

*गाजा सिटी पर कब्जे के अभियान को गिदोनस चेरीअट्स-बी नाम दिया गया है। इस दौरान पहले से ड्यूटी कर रहे हजारों रिजर्व सैनिकों की सेवा 30-40 दिन और बढ़ा दी जाएगी। इस कार्रवाई में 5 आर्मी डिवीजन शामिल रहेंगी। इसमें 12 ब्रिगेड-लेवल टीमें होंगी, जिनमें पैदल सेना, टैंक, तोपखाना, इंजीनियरिंग और सपोर्ट यूनिट शामिल होंगी। इसके अलावा गाजा डिवीजन की नॉर्थ और साउथ ब्रिगेड भी हिस्सा लेंगी।*

### 7 अक्टूबर तक खाली करनी होगी गाजा सिटी

*इजराइली सेना ने बताया है कि गाजा सिटी पर कब्जे की तैयारी शुरू हो चुकी है। अभी गाजा सिटी के बाहरी इलाकों में ऑपरेशन चल रहा है। जैतून इलाके में नहल और 7वीं आर्मर्ड ब्रिगेड ऑपरेशन चला रही है। वहीं एक दूसरे इलाके, जबालिया में गिवाती ब्रिगेड कफ्र ऑपरेशन को अंजाम दे रही है। यह अभियान कई स्टेप में चलेगा। सबसे नागरिकों को गाजा सिटी खाली करने का नोटिस मिलेगा। इसके लिए अंतिम तारीख 7 अक्टूबर 2025 तय की गई है। इसके बाद सेना शहर को चारों तरफ से घेरकर अंदर बढ़ेगी।*

---

## भारत की सैन्य क्षमता में इजाफा

# मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-5 का किया सफल परीक्षण

**इसकी मारक क्षमता लगभग 7 हजार किलोमीटर**



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के बाद से पश्चिमी सीमा पर पाकिस्तान के साथ बने हुए तनावपूर्ण हालात के बीच आत्मनिर्भरता के साथ भारत की रणनीतिक क्षमता में लगातार इजाफा देखने को मिल रहा है। जिसकी ताजा मिसाल बुधवार को उसके द्वारा किए गए मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि-5' के सफल परीक्षण से भी देखने को मिलती है।

रक्षा मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। जिसमें बताया कि यह परीक्षण सामरिक बल कमांड यानी एसएफसी के तत्वाधान में ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) से 20 अगस्त 2025 को किया गया।

### आईसीबीएम मिसाइल है अग्नि-5

गौरतलब है कि ओडिशा से जिस मिसाइल का परीक्षण किया गया है। वह अग्नि-5 का ही एक संस्करण है। जिसे भारत की अंतरमहाद्वीपीय मिसाइल (आईसीबीएम) के रूप में भी जाना जाता है और उसकी मारक क्षमता लगभग 7 हजार किलोमीटर तक की है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने अग्नि मिसाइल को स्वदेशी रूप से विकसित किया है। यह आधुनिक नेविगेशन, मार्गदर्शन और पुनः प्रवेश प्रणाली से लैस है। साथ ही यह परमाणु और पारंपरिक दोनों प्रकार के वारहेड ले जाने में सक्षम है। यह सड़क-गतिशील (रोड-मोबाइल) लॉन्चर से भी दागी जा सकती है। यह क्षमता भारत की रक्षा तैयारियों को और मजबूत बनाती है।

### अग्नि श्रृंखला भारत की परमाणु सक्षम मिसाइलों का आधार

परीक्षण के दौरान समुद्र में तैनात जहाजों, राडार और टेलीमेट्री स्टेशनों ने मिसाइल की उड़ान पर लगातार नजर रखी और सभी तकनीकी आंकड़ों का गहन विश्लेषण किया गया। अग्नि श्रृंखला भारत की परमाणु-सक्षम मिसाइलों का मुख्य आधार है। सबसे पहली अग्नि-1 की मारक क्षमता 700 किमी थी। इसके बाद अग्नि-2 (2,000 किमी), अग्नि-3 (3,500 किमी) और अग्नि-4 (4,000 किमी) विकसित की गईं।

---

## बांग्लादेश को भारत सरकार की दो टूक...

# हम अपने यहां से अन्य के खिलाफ गतिविधियों की अनुमति नहीं देते

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने मोहम्मद यूनुस की अगुवाई वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को साफ शब्दों में ये स्पष्ट कर दिया है कि उसकी धरती से किसी दूसरे देश के खिलाफ राजनीतिक गतिविधियों की भारत की सरकार द्वारा अनुमत नहीं दी जाती है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक बयान जारी कर कहा कि भारत सरकार को देश में अवामी लीग के सदस्यों द्वारा आयोजित की गई किसी भी बांग्लादेश विरोधी गतिविधि के बारे में कोई जानकारी नहीं है। ऐसे में बांग्लादेश की सरकार द्वारा इस संबंध में को जारी किए गया बयान अनुपयुक्त है। उन्होंने कहा कि भारत जल्द से जल्द बांग्लादेश में एक स्वतंत्र, निष्पक्ष और समावेशी चुनाव कराने की अपनी अपेक्षाओं को दोहराता है। जो कि पड़ोसी देश की आम जनता की इच्छा और अधिकार से जुड़ा हुआ है।

बांग्लादेश ने दावा किया था कि प्रतिबंधित अवामी लीग ने भारत की राजधानी नई दिल्ली और कोलकाता में अपने दफ्तर खोल रखे हैं। भारत सरकार इस संबंध में तत्काल कदम उठाते हुए इन्हें बंद करे।

---

# ट्रंप ने वेनेजुएला के पास 3 वॉरशिप भेजे

**वॉशिंगटन।** ट्रंप प्रशासन ने वेनेजुएला के पास तीन वॉरशिप तैनाती के लिए भेजे हैं। ट्ये तैनाती ड्रग कार्टेल्स (ड्रग्स की तस्करी करने वाले ग्रुप्स) और इससे जुड़ी हिंसा को रोकने के लिए की गई है। ट्रंप प्रशासन का मानना है कि वेनेजुएला की सरकार ड्रग तस्करी को बढ़ावा दे रही है। वहीं, वेनेजुएला ने अमेरिका के इन आरोपों को खारिज किया है। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने सोमवार को वॉरशिप तैनाती के खिलाफ 45 लाख सैनिकों को तैनात करने का ऐलान किया है। वेनेजुएला के विदेश मंत्री यवान गिल ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि अमेरिका का वेनेजुएला पर ड्रग तस्करी का आरोप उसकी विश्वसनीयता की कमी को दिखाता है। हम शांति और संप्रभुता के साथ आगे बढ़ रहे हैं।



---

**वायुसेना की ताकत बढ़ेगी**

# भारत सरकार ने 97 और तेजस विमानों की खरीद को दी मंजूरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के साथ बने हुए सीमाई तनाव के बीच भारत की सरकार ने वायुसेना के लिए स्वदेशी 97 और स्वदेशी तेजस मार्क-1ए लड़ाकू विमानों और 6 एडवांस एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल एयरक्राफ्ट (अवाक्स) की खरीद को मंजूरी दे दी है। जिसपर कुल करीब 85 हजार 500 करोड़ रुपए की लागत आएगी। रक्षा सूत्रों ने बताया कि बीते मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति यानी सीसीएस की एक महत्वपूर्ण बैठक में लिया गया है। जिसके बाद हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) द्वारा विमानों का उत्पादन शुरू किया जाएगा।



### वायुसेना के पास हैं 32 स्क्वाड्रन

*बता दें, वायुसेना के पास लड़ाकू विमानों की कुल अधिकृत 42 स्क्वाड्रन होनी चाहिए। जो दुश्मन से दो-दो हाथ करने के लिए पर्याप्त हैं। लेकिन अभी बल के पास करीब 32 स्क्वाड्रन ही मौजूद हैं। वहीं, वायुसेनप्रमुख एयरचीफ मार्शल ए.पी. सिंह ने भी बीते वक्त में एचएएल द्वारा विमानों की बल को की जाने वाली विमानों की डिलीवरी में हो रही देरी को लेकर चिंता जताई थी।*

---

## 5,000 मीटर गहराई में भारतीय वैज्ञानिकों ने दिखाया कमाल

# समुद्रयान मिशन के तहत उत्तरी अटलांटिक महासागर में ट्रेनिंग पूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस डीप ओशन मिशन का जिक्र किया था, उसी का अगला बड़ा कदम अब सामने आया है। भारत के वैज्ञानिकों ने फ्रांस में 5,000 मीटर गहराई तक अंतरराष्ट्रीय स्तर की ट्रेनिंग पूरी कर ली है। यह ट्रेनिंग अटलांटिक महासागर में फ्रेंच इंस्टीट्यूट आईएफआरईएमईआर (फ्रेंच रिसर्च इंस्टीट्यूट फॉर एक्सप्लाइटेशन ऑफ द सी) के विकसित सबमर्सिबल 'नॉटाइल' में हुई। इससे भारतीय वैज्ञानिकों ने न सिर्फ गहराई में जाने का अनुभव हासिल किया, बल्कि यह भी समझ कि ऐसे मिशनों के दौरान किन तकनीकों और प्रोटोकॉल की जरूरत होती है। बता दें, आईएफआरईएमईआर एक फ्रांसीसी महासागर विज्ञान संस्थान है। यह महासागरों और समुद्री पर्यावरण के बारे में अनुसंधान, निगरानी और विशेषज्ञता प्रदान करता है। 'नॉटाइल' संस्थान के महासागरीय बेड़े का हिस्सा है।

**समुद्र की गहराई में मौजूद जीव-जंतुओं और खनिजों का अध्ययन किया जा सकेगा**




### 5 और 6 अगस्त को लगाया था गोता

*भारत ने इस माह की शुरुआत में अपनी तरह के पहले अभियान में एक गोताखोर को समुद्र में 5,000 मीटर की गहराई तक भेजा। भारत के महत्वाकांक्षी 'डीप ओशन मिशन' की तैयारी के तहत, फ्रांस के साथ साझेदारी में दो भारतीयों ने पांच और छह अगस्त को फ्रांसीसी पनडुब्बी 'नॉटाइल' में उत्तरी अटलांटिक महासागर में एक-एक गहरा गोता सफलतापूर्वक लगाया। राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान के वैज्ञानिक राजू रमेश पांच अगस्त को सागर में 4,025 मीटर नीचे गए, जिसके बाद छह अगस्त को भारतीय नौसेना कमांडर (सेवानिवृत्त) जतिंदर पाल सिंह ने 5,002 मीटर की गहराई तक गोता लगाया।*

### 'मत्स्य-6000': भारत का समुद्री ब्रह्मास्त्र

भारत ने अपना स्वदेशी मानव-सबमर्सिबल मत्स्य-6000 तैयार किया है, जो तीन वैज्ञानिकों को लेकर 6,000 मीटर गहराई तक जा सकेगा। यह डीप ओशन मिशन का सबसे अहम हिस्सा है। इसमें वैज्ञानिक पेलोड्स लगाए जाएंगे, ताकि समुद्र की गहराई में मौजूद जीव-जंतुओं और खनिजों का अध्ययन किया जा सके। इस साल जनवरी-फरवरी में मत्स्य-6000 के वेट हार्बर ट्रायल्स सफलतापूर्वक तमिलनाडु के कटुपल्ली स्थित एलएंडटी शिपबिल्डिंग फैसिलिटी में पूरे हुए।



# ओथेलो सिंड्रोम जब बेवजह साथी पर होने लगे संदेह

जब कोई पुरुष या स्त्री बिना किसी ठोस कारण या प्रमाण के अपने साथी पर विश्वासघात करने का संदेह करने लगे तो ऐसा ओथेलो सिंड्रोम नामक मनोरोग के कारण हो सकता है। इसकी होने की कई वजहें हैं। लेकिन इसके लक्षण सामने आने पर ट्रीटमेंट करवाने में देर नहीं करनी चाहिए। इस रोग के बारे में विस्तार से जानिए।



मेंटल हेल्थ
डॉ. गौरव गुप्ता
वरिष्ठ मनोचिकित्सक
तुलसी हेल्थकेयर, नई दिल्ली-गुरुग्राम



ओथेलो सिंड्रोम एक ऐसा मनोविकार है, जिसके कारण व्यक्ति भ्रमित होकर इस गलत धारणा का शिकार हो जाता है कि उसका जीवनसाथी या साथी बेवफा है, भले ही उस बेवफाई का कोई सुबूत मौजूद न हो। इससे ग्रस्त होकर कई बार व्यक्ति असामान्य या आपराधिक घटनाओं को भी अंजाम दे सकता है। इस मनोरोग को ओथेलो सिंड्रोम का नाम अंग्रेजी भाषा के महान साहित्यकार शेक्सपियर के एक नाटक के पात्र ओथेलो के नाम पर रखा गया है, जो ईर्ष्या से ग्रस्त था। ओथेलो सिंड्रोम के बारे में यहां जानकारी देने का उद्देश्य लोगों को इस मनोरोग के प्रति जागरूक करना है। इसकी आड़ में किसी भी तरह के अपराध को कदापि उचित नहीं ठहराया जा सकता।

**इन लक्षणों पर दें ध्यान :** ओथेलो सिंड्रोम से ग्रस्त व्यक्ति में अपने साथी के प्रति ईर्ष्या और संदेह का भाव बहुत प्रबल होता है। सबूतों के अभाव के बावजूद यह भ्रामक यकीन कि उसका साथी विश्वासघाती है, अत्यधिक ईर्ष्या और संदेह को जन्म देता है। एक-दूसरे के विवाहेतर संबंधों के संदर्भ में किसी प्रमाण के बगैर शक करना। मरीज अपने साथी की बेवफाई की जांच-पड़ताल करने या उसे रोकने के लिए आक्रामक या जुनूनी व्यवहार कर सकता है। मरीज अपने साथी के प्रति आक्रामक हो सकता है और वह हत्या या आत्महत्या भी कर सकता है। व्यक्ति अपने साथी या खुद को नुकसान पहुंचा सकता है। छोटी सी बात पर भयंकर क्रोध करना और अपने साथी पर बिल्कुल भरोसा न करना। ऐसा व्यक्ति सामाजिक मेल-मिलाप से दूर हो सकता है। इस सिंड्रोम से ग्रस्त मरीज अपने साथी पर अत्यधिक निगरानी करने लगता है और उस पर धोखा देने का आरोप लगाने लगता है। साथी की गतिविधियों पर लगातार पैनी नजर रखना, उसके फोन कॉल और सोशल मीडिया की जांच करना जैसे कार्यों को अंजाम दे सकते हैं।



**संभव हैं अनेक कारण:** ओथेलो सिंड्रोम रोग होने के कई कारण हो सकते हैं। इलाज से पूर्व इसके कारणों के बारे में जानना जरूरी होता है।

**अन्य मनोरोग:** ओथेलो सिंड्रोम अन्य मनोरोगों जैसे सिजोफ्रेनिया, बाइपोलर डिसऑर्डर या एंग्जाइटी आदि के कारण हो सकता है। ओथेलो सिंड्रोम न्यूरोलॉजिकल स्थितियों जैसे मनोभ्रंश या डिमेंशिया और मस्तिष्क या ब्रेन ट्यूमर के कारण भी हो सकता है। ब्रेन ट्यूमर के दुष्प्रभाव के कारण व्यक्ति की सोच एब्नॉर्मल हो सकती है।

**मस्तिष्क में असामान्यता:** मस्तिष्क के किसी भाग में संरचनात्मक खराबी या एब्नॉर्मेलिटी के कारण भी ओथेलो सिंड्रोम की समस्या हो सकती है।

**मादक पदार्थों का इस्तेमाल:** शराब और अन्य मादक पदार्थों की लत एक अरसे बाद इस सिंड्रोम के खतरे को बढ़ा सकती है।

**मस्तिष्क की चोटें या अन्य कारण:** मस्तिष्क पर लगी गहरी चोटें या कुछ मस्तिष्क रसायनों यानी न्यूरोकेमिकल्स) में असंतुलन की स्थितियां भी ओथेलो सिंड्रोम का कारण ट्रिगर कर सकती हैं।

**न्यूरोडीजेनेरेटिव डिजीज:** अल्जाइमर या पार्किंसंस जैसी न्यूरोडीजेनेरेटिव बीमारियां, ओथेलो सिंड्रोम की समस्या को ट्रिगर कर सकती हैं।

**ऐसे करते हैं ट्रीटमेंट:** मनोचिकित्सक ओथेलो सिंड्रोम के मरीज की स्थिति और उसके लक्षणों के आधार पर इस मनोरोग का इलाज करते हैं। इस समस्या का कोई विशिष्ट उपचार नहीं है। हां, समुचित उपचार से इस रोग को नियंत्रित और प्रबंधित किया जा सकता है। जैसे-


**मनोचिकित्सा:** संज्ञानात्मक-व्यवहार थेरेपी (कॉग्निटिव बिहेवियरल थेरेपी संक्षेप में-सीबीटी) या अन्य प्रकार की मनोचिकित्सा व्यक्ति को ईर्ष्या से संबंधित विचारों, उसके असामान्य विचारों और व्यवहारों से निपटने में मदद करती है।

**दवाएं:** एंटीसाइकोटिक्स आदि दवाएं लक्षणों को कम करने में सहायक हैं। ऐसी दवाएं न्यूरो केमिकल्स को संतुलित करने में मदद करती हैं।

**नशा मुक्ति उपचार:** यदि नशीले पदार्थ के दुरुपयोग के कारण यह सिंड्रोम ट्रिगर होता है, तब इन लतों का उपचार आवश्यक है।

**अन्य मानसिक समस्याओं का उपचार:** यदि रोगी को ओथेलो सिंड्रोम के साथ-साथ अन्य मानसिक स्वास्थ्य विकार भी हैं, तो उनका भी इलाज किया जाता है। *

**प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला**



डॉक्टर्स एडवाइस
डॉ. मोहसिन वली
सीनियर फिजीशियन
सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली

# बहुत पेनफुल डिजीज है क्रॉनिक वेनस इनसफिशिएंसी

जब पैरों में मौजूद नसों से ब्लड फ्लो सही तरीके से हार्ट तक नहीं हो पाता है उसे क्रॉनिक वेनस इनसफिशिएंसी कहते हैं। इससे नसों में सूजन आ जाती है, जो बहुत पेनफुल होता है। इससे बचने के लिए अपनी लाइफस्टाइल और डाइट में किन बातों का ध्यान रखें, यहां बता रहे हैं।



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इन दिनों पैरों की नसों से जुड़ी गंभीर बीमारी क्रॉनिक वेनस इनसफिशिएंसी (सीवीआई) से ग्रसित हैं। यह एक ऐसी बीमारी है, जिसका असर पेशेंट के रूटीन वर्क पर भी पड़ता है।

**क्या है यह बीमारी:** क्रॉनिक वेनस इनसफिशिएंसी एक ऐसी बीमारी है, जिसमें पैरों की नसें सही तरीके से खून को वापस हार्ट तक नहीं पहुंचा पाती हैं। असल में ब्लड हार्ट से पंप होने के बाद वेंस के माध्यम पूरे शरीर में सर्कुलेट होता है। हमारे शरीर में वेंस के दो चैनल होते हैं- डीप और सुपरफिशियल। डीप वेंस हमारे शरीर की मसल्स के अंदर गहराई में होती हैं, जो ब्लड का फ्लो हार्ट से पैरो तक बनाने में मदद करती हैं। दूसरी सुपरफिशियल वेंस स्किन के नीचे होती हैं, जो दूषित ब्लड को पैरों से हार्ट तक वापस ले जाती हैं। ताकि वहां ब्लड फिल्टर होकर साफ हो जाए और साफ ब्लड शरीर के अन्य अंगों तक जा सके। सामान्य रूप से नसों में छोटे-छोटे वाल्व होते हैं, जो खून को हार्ट की तरफ फ्लो में मदद करते हैं। लेकिन कभी-कभी कई कारणों से ब्लड वेंस के वॉल्व खराब या कमजोर पड़ जाते हैं। इससे वेंस में रुकावट आ जाती है और ब्लड सर्कुलेशन ठीक तरह से नहीं हो पाता है। यानी ब्लड हार्ट की तरफ नहीं जाता है और धीरे-धीरे पैरों के अंदर इकट्ठा होने लगता है। जिसकी वजह से नसों में दबाव बढ़ जाता है। पैरों में सूजन और दर्द रहता है। कई मामलों में नसों में ब्लीडिंग भी हो सकती है, जो घाव या अल्सर का रूप ले लेती है। व्यक्ति को चलने या रोजमर्रा के काम करने में दिक्कत होने लगती है।

**क्या हैं कारण:** पैरों की नसों में होने वाली वेरिकोस वेंस समस्या, क्रोनिक वेनस इनसफिशिएंसी का बड़ा कारण है। ये वेंस स्किन के नीचे नीले रंग के गुच्छे के रूप में दिखाई देती हैं। नजरअंदाज करने पर ये धीरे-धीरे मोटी होती जाती हैं और हार्ट तक ब्लड ले जाने वाली वेंस पर दबाव डालती हैं। दबाव पड़ने से वेंस में रुकावट आ जाती है और ब्लड सर्कुलेशन बाधित हो जाता है। इस स्थिति के लिए कई और कारण भी जिम्मेदार हो सकते हैं-

- 60 साल की उम्र के बाद ब्लड वेसल्स में कमजोरी आना।
- फैमिली हिस्ट्री या आनुवांशिक रक्त विकार होना।
- गर्भावस्था में बच्चे के विकास के कारण पेट की नसों में प्रेशर रहने से पैरों से दिल की तरफ वापस रक्त प्रवाह में बाधा आना।
- आरामपरस्त जीवनशैली की वजह से मोटापे का शिकार होना। मोटापे से पैरों की नसों पर दवाब पड़ना।
- ऐसे प्रोफेशंस, जिसमें लंबे समय तक खड़े रहने का काम होता है। जैसे पुलिस, टीचर या बस कंडक्टर्स, आर्मी पर्सनल्स जैसे प्रोफेशन के लोग जिन्हें लंबे समय तक खड़ा रहना पडता है। देर तक खड़े होकर काम करने से वेंस की वॉल्व पर प्रेशर पड़ना।
- काम के वक्त देर तक बैठे रहना या लंबी यात्रा पर कार या एयरोप्लेन से जाते हुए देर तक एक पोजिशन में बैठे रहना।
- दुर्घटना या ट्रामा होने पर पैरों की नसों में चोट लगना।
- किसी बीमारी या सर्जरी की वजह से मरीज का लंबे समय तक बेड रेस्ट पर होना।
- धूमपान करने से ब्लड वेंस की वॉल्व का कमजोर होना।



**रोग के प्रमुख लक्षण:** इसके प्रमुख लक्षणों में शामिल हैं-

- पैरों में नीले रंग की पतली-पतली नसों का गुच्छा या छोटे-छोटे घाव दिखना।
- पैर की पिंडलियों में वेरिकोस वेंस होना यानी नसों का फूलना या सूजन आना। सूजन सुबह न होना, दिन के साथ-साथ यानी शाम तक बढ़ जाना।
- पैर और पिंडलियों की मसल्स में असहनीय दर्द होना। ज्यादा खड़े होने या चलने में मुश्किल आना, जबकि लेटने या सोने पर तकलीफ न होना।
- पैर का रंग बदलना यानी लाल या नीला होना।
- पैर में बहुत खुजली होना।
- पैरों की त्वचा अधिक गर्म होना।

**कैसे होता है डायगनोज:** कलर वेंस डॉप्लर अल्ट्रासाउंड किया जाता है, जो पैरों की वेंस और इनके वॉल्व की जांच करता है। इससे वेंस में ब्लड सर्कुलेशन की स्थिति का भी पता चल जाता है।

**न करें इग्नोर:** वैसे तो क्रॉनिक वेनस इनसफिशिएंसी बीमारी जानलेवा नहीं है, लेकिन काफी दर्दनाक होती है। अगर समय रहते इसका इलाज नहीं किया जाए तो स्थिति गंभीर हो सकती है। ब्लड थ्रंबोसिस ऑर्गेनाइजेशन के अनुसार दुनिया की तकरीबन 10 प्रतिशत आबादी वेरीकोस वेंस की समस्या का सामना कर रही है। भारत में हर चौथी महिला और हर सातवें पुरुष को वेरीकोस वेंस की समस्या है। आमतौर पर यह बीमारी उम्रदराज लोगों को ज्यादा होती है, लेकिन आधुनिक आरामपरस्त जीवनशैली और स्टेंडिंग जॉब करने वाले युवाओं में भी देखने को मिलती है। समय पर उपचार न करवाने पर कई बार पैरों की नसों में सूजन आ जाती है और छोटी-छोटी नसें घाव का रूप ले लेती हैं।

**कैसे किया जाता है उपचार:** क्रॉनिक वेनस इनसफिशिएंसी का कोई डायरेक्ट ट्रीटमेंट नहीं है। नसों की वॉल्व में खराबी आने, वेरिकोस वेंस होने या ब्लड फ्लो सुचारू न होने पर मिनिमल इंवेसिव तकनीक यानी छोटी-सी लेजर सर्जरी की जाती है। प्रभावित जगह पर बाहर से पिन होल करके लेजर ग्लू आरएफए द्वारा नस बंद कर दी जाती है या निकाल दी जाती है।

मरीज को पैरों में कंप्रेशन स्टॉकिंस पहनने के लिए दी जाती हैं। खून पतला करने के लिए ब्लड थिनर मेडिसिन दी जाती हैं या इंजेक्शन लगाए जाते हैं। जो ब्लड सर्कुलेशन को ठीक करने में मदद करते हैं। पेनकिलर मेडिसिन भी दी जाती हैं।

**ऐसे करें बचाव:** सीवीआई की समस्या को लाइफस्टाइल में बदलाव करके कंट्रोल किया जा सकता है।

- स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली अपनाएं।
- एक जगह ज्यादा देर तक बैठे या खड़े न रहें। बीच-बीच में पैर ऊपर करके बैठें। हर एक घंटे बाद अपनी सीट से उठकर 5-10 मिनट टहलें। व्यायाम या छोटे-मोटे काम करें।
- यथासंभव लेट जाएं और लेटते वक्त पैरों के नीचे तकिया रखें, पैरों को हिलाते रहें या एक्सरसाइज करें।
- रेगुलर एक्सरसाइज करें। मोटापा नियंत्रित करें।
- खान-पान का ध्यान रखें। पौष्टिक और संतुलित आहार लें। प्रिजर्वेटिव, डीप फ्राइड, जंक फूड, अधिक चीनी-नमक वाली चीजों से परहेज करें। रोजाना तीन लीटर तक पानी या लिक्विड डाइट लें ताकि शरीर में रक्त प्रवाह सुचारू रहे।
- सोने-जागने का शेड्यूल ठीक रखें।
- धूमपान, एल्कोहल या किसी तरह के नशीले पदार्थ के सेवन से परहेज करें। *

**प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा**







डाइट सजेशन / बुशरा फातमा

# मिलेट्स को बनाएं डेली डाइट का हिस्सा

अपना देश जिस तेजी से डायबिटीज कैपिटल बनने की कगार पर है वह चिंता का विषय है। हमारे खान-पान की गलत आदतें, इस तरह पश्चिमी देशों से प्रभावित होती दिखाई दे रही हैं कि यहां मोटापा, हाई ब्लड प्रेशर, शुगर जैसी बीमारियां लगभग हर दूसरे घर में मिलनी शुरू हो गई हैं। बढ़ते हार्ट अटैक ने लोगों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। ऐसे में हेल्थ को लेकर लापरवाही अब भारी पड़ सकती है। खान-पान की आदतें हमें समय रहते बदलनी जरूरी है। ऐसे में मिलेट्स को आज के दौर में खान-पान का जरूरी हिस्सा बनाना चाहिए। मिलेट्स बहुत सी खूबियों से भरा है, जिससे ये हमें बहुत सी बीमारियों से भी बचाने में मदद करता है।



**पाचनतंत्र को मजबूत बनता है:** मिलेट्स जैसे रागी, ज्वार, बाजरा आदि में फाइबर की प्रचुर मात्रा पाई जाती है, जिससे डाइजेशन अच्छा होता है। साथ ही ग्लूटेन फ्री होने की वजह से इसे पचाना आसान है।

**हृदय को रखे स्वस्थ:** मिलेट्स में मौजूद मैगनीशियम और पोटेशियम, ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने में मदद करता है। इसलिए मिलेट्स से बनी कोई भी डिश दिन भर में एक समय की डाइट में जरूर शामिल करनी चाहिए। ज्वार या बाजरे की रोटी, चावल या गेहूं की रोटी की जगह इस्तेमाल कर सकते हैं।

**डायबिटीज को कंट्रोल करता है:** जिनका शुगर लेवल बॉर्डर पर हो या जिन्हें डायबिटीज की समस्या है, उन्हें मिलेट्स को अपनी डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए। चूंकि इसका ग्लायसेमिक इंडेक्स कम होता है, जो ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में बहुत मदद करता है। ऐसे में ब्रेकफास्ट में रागी, इडली, डोसा या मिलेट्स फ्लेक्स से बना उपमा एक अच्छा ऑप्शन है।

**ब्रेन फूड है मिलेट्स:** चूंकि आजकल बच्चों के खान-पान में जंक फूड ने इस तरह जगह बना ली है कि उन्हें सही न्यूट्रिशन नहीं मिल पाता। अच्छे दिमागी विकास के लिए बच्चों के डाइट में मिलेट्स का होना बहुत जरूरी है। इनमें आयरन और विटामिन बी कॉम्प्लेक्स भरपूर मात्रा में होते हैं, जो बच्चों के मानसिक विकास और एकाग्रता बढ़ाने में मदद करते हैं।

**बरतें सावधानी:** मिलेट्स खाने के फायदे तो बहुत हैं लेकिन इसे खाने में थोड़ी सावधानी भी बरतनी चाहिए। चूंकि इसमें फाइबर की प्रचुर मात्रा होती है इसलिए जिन लोगों को डाइजेस्टिव ब्लॉटिंग जैसी समस्या है, उन्हें मिलेट्स को पकाने से पहले पानी में सोक यानी भिगोने के बाद इस्तेमाल करना चाहिए। * **(होम्योपैथ डॉ. अश्वनी कानेटकर से बातचीत पर आधारित)**



# सिंकफील्ड कप में गुकेश की जीत, अब्दुसत्तोरोव को हराकर की शानदार वापसी

एजेंसी ▶▶| सेंट लुई

विश्व चैंपियन डी.गुकेश ने शुरुआती दौर की असफलता को पीछे छोड़ते हुए सिंकफील्ड कप शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में उज्बेकिस्तान के पूर्व विश्व रैपिड चैंपियन नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव पर शानदार जीत दर्ज की।

पहले दौर में अपने साथी भारतीय खिलाड़ी गुकेश को हराने वाले आर. प्रज्ञानंद ने दूसरे दौर में अमेरिका के फैबियानो कारुआना के साथ अंक बांटे। एक अन्य मैच में फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने पोलैंड के डूडा जान-क्रिज़्सटॉफ़ को हराया।

## प्रज्ञानंद ने दूसरे दौर में अमेरिका के फैबियानो कारुआना के साथ बांटे अंक



## अरोनियन ने सेवियन के साथ खेला ड्रॉ

अमेरिका के लेवोन अरोनियन ने हमवतन सैमुअल सेवियन के साथ ड्रॉ खेला और संयुक्त बढ़त बनाए रखी। एक अन्य अमेरिकी वेस्ली सो ने 10 खिलाड़ियों के 3,75,000 डॉलर इनामी टूर्नामेंट में फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव के साथ ड्रॉ खेला। अब जबकि सात दौर का खेल होना बाकी है तब प्रज्ञानंद, अरोनियन और फिरोजा 1.5 अंकों के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं। गुकेश, कारुआना, वेस्ली सो, सेवियन और वाचियर-लाग्रेव संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। डूडा आधे अंक के साथ नौवें स्थान पर हैं, जबकि अब्दुसत्तोरोव लगातार दूसरी बाजी हारने के बाद अभी तक अपना खाता नहीं खोल पाए हैं।

## क्लच शतरंज : 2021 के बाद आनंद और कास्पोरोव एक बार फिर होंगे आमने-समाने

**नई दिल्ली।** विश्वनाथन आनंद अमेरिका के सेंट लुईस में अक्टूबर में होने वाले क्लच शतरंज नुमाइशी मैच में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी रहे रूस के गैरी कास्पोरोव से खेलेंगे जबकि विश्व चैंपियन डी. गुकेश की टक्कर मैग्नस कार्लसन से होगी। कास्पोरोव और आनंद की टक्कर आखिरी बार 2021 में क्रोएशिया रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट में जगरेब में हुई थी, जिसमें भारतीय खिलाड़ी ने जीत दर्ज की। दोनों के बीच 82 मुकाबले हो चुके हैं, जिनमें से 30 ड्रॉ रहे और जीत के मामले में कास्पोरोव का दबदबा रहा।




### मैच सेंट लुईस में 7 से 11 अक्टूबर तक

सेंट लुईस शतरंज क्लब ने एक विज्ञप्ति में कहा,' दो पूर्व विश्व चैंपियन गैरी कास्पोरोव और विश्वनाथन आनंद विशेष क्लच शतरंज (लीजैंड्स) नुमाइशी मैच (7 से 11 अक्टूबर) में आमने सामने होंगे।' इसमें कहा गया,' यह नुमाइशी मैच क्लब की नई सुविधा में आयोजित होने वाला पहला मैच होगा।' इसमें 144000 डॉलर ईनामी राशि होगी, जो दोनों दिग्गजों के बीच 12 मुकाबलों के शतरंज 960 मैचों (फिशर रैंडम) में दी जाएगी। मुकाबले रैपिड और ब्लिट्ज टाइम कंट्रोल में खेले जाएंगे। इसके बाद 412000 डॉलर ईनामी राशि का क्लच शतरंज चैंपियंस शोडाउन 27 से 29 अक्टूबर तक होगा, जिसमें दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी कार्लसन, दुनिया के नंबर दो खिलाड़ी हिकारू नकामूरा, तीसरे नंबर के फेबियानो कारुआना और गुकेश भाग लेंगे।

## खबर संक्षेप



### स्पेनिश फुटबॉल लीग : रियाल मैड्रिड ने ओसासुना को हराया

**मैड्रिड।** काइलियन एमबाप्पे ने रियाल मैड्रिड के साथ अपने दूसरे सत्र की शानदार शुरुआत करते हुए पेनल्टी को गोल में बदला, जिससे उनकी टीम ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा के अपने पहले मैच में ओसासुना पर 1-0 से जीत दर्ज की। पिछले सत्र में रियाल मैड्रिड से जुड़ने वाले एमबाप्पे ने 51वें मिनट में पेनल्टी किक को गोल में बदलकर मेजबान टीम को जीत दिलाई। एमबाप्पे ने इस तरह से रियाल मैड्रिड के साथ अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने पिछले सत्र में क्लब की तरफ से सर्वाधिक गोल किए थे। रियाल मैड्रिड ने इस तरह से अपने चिर प्रतिद्वंदी बार्सिलोना की तरह नए सत्र की जीत से शुरुआत की। बार्सिलोना ने शनिवार को मालोर्का पर 3-0 की आसान जीत दर्ज की थी। पिछले सत्र में रियाल मैड्रिड स्पेनिश लीग में बार्सिलोना के बाद दूसरे स्थान पर रहा था। ओसासुना नौवें स्थान पर रहा था।

### मेघालय के खिलाड़ियों ने जीते 41 पदक




**शिलांग।** मेघालय के खिलाड़ियों ने अपनी ख्याति के अनुरुप शानदार प्रदर्शन करते हुए हाल में नई दिल्ली में आयोजित की गई 19वीं अखिल भारतीय स्वतंत्रता कप कराटे चैंपियनशिप से 41 पदक जीते। मेघालय ने कुमिते (मुक्केबाजी) और काटा (नृत्यबद्ध गतिविधि) दोनों में 10 स्वर्ण, 16 रजत और 15 कांस्य पदक हासिल किए। अधिकारियों ने बताया कि राज्य के कुल मिलाकर 35 खिलाड़ी पदक हासिल करने में सफल रहे। इनमें से छह खिलाड़ियों ने दो-दो तथा 29 खिलाड़ियों ने एक-एक पदक जीता।

### इंग्लिश फुटबॉल में सालाह और कैल्डेंटी चुने गए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी



**लंदन।** लिवरपूल के फॉरवर्ड मोहम्मद सालाह और आर्सेनल की मिडफील्डर मैरियोना कैल्डेंटी को प्रोफेशनल फुटबॉलर्स एसोसिएशन पुरस्कारों में पिछले सत्र के लिए इंग्लिश फुटबॉल में वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला खिलाड़ी चुना गया। इस पुरस्कार के लिए इंग्लैंड में खेलने वाले साथी पेशेवर खिलाड़ी मतदान करते हैं। सालाह ने रिकॉर्ड तीसरी बार यह पुरस्कार जीता है। मिस्र के इस 33 वर्षीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने प्रीमियर लीग में 29 गोल किए, जिसकी बदौलत लिवरपूल ने रिकॉर्ड 20वीं बार चैंपियनशिप जीती। सालाह ने इस वर्ष के शुरू में तीसरी बार फुटबॉल राइटर्स एसोसिएशन का फुटबॉलर ऑफ द ईयर पुरस्कार भी जीता था। महिला वर्ग में 29 वर्षीय कैल्डेन्टी ने आर्सेनल के साथ अपने पहले सत्र में शानदार प्रदर्शन किया।

### 185 रन के लक्ष्य के जवाब में महाराष्ट्र टीम दूसरी पारी में 149 रन पर आउट

# बुची बाबू टूर्नामेंट: छत्तीसगढ़ ने महाराष्ट्र को 35 रन से हराया, शॉ-ऋतुराज फेल

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

बुची बाबू टूर्नामेंट 2025 के पहले राउंड में बुधवार (20 अगस्त) को छत्तीसगढ़ ने महाराष्ट्र को 35 रन से हरा दिया। 185 रन के लक्ष्य के जवाब में कप्तान अंकित बवाने के अर्धशतक के बाद भी महाराष्ट्र की टीम दूसरी पारी में 149 रन पर आउट हो गई। ऋतुराज गायकवाड़ दूसरी पारी में भी फेल रहे। पहली पारी में शतक लगाने वाले पृथ्वी शॉ 1 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। महाराष्ट्र की दूसरी पारी में पृथ्वी शॉ 1, सिद्धेश वीर 31, अंकित बवाने ने 66 और राजवर्धन हंगरगेकर ने 8 रन बनाए। सिद्धार्थ म्हात्रे ने 9, ऋतुराज गायकवाड़ ने 11 रन बनाए। सौरभ नवले खाता नहीं खोल पाए। सचिन धास ने 14 रन बनाए। रामकृष्ण घोष खाता नहीं खोल पाए और विक्की ओस्टवाल ने 1 रन बनाए। हितेष वलुंज बगैर खाता खोले नाबाद रहे।

### छत्तीसगढ़ ने पहले पारी में 252 और दूसरी पारी में 149 रन बनाए




### शुभमन अग्रवाल ने लिए 6 विकेट

छत्तीसगढ़ के लिए शुभमन अग्रवाल ने 6 विकेट लिए। शुभमन अग्रवाल ने अंकित बवाने, राजवर्धन हंगरगेकर, सिद्धार्थ म्हात्रे, सौरभ नवले और सचिन धास का विकेट लिया। इसके अलावा वरुण सिंह भुई ने 2 विकेट लिए। उन्होंने ऋतुराज गायकवाड़ और विक्की ओस्टवाल को आउट किया।

### शशांक तिवारी ने पृथ्वी को किया आउट

शशांक तिवारी और ऋषि शर्मा ने 1-1 विकेट लिए। छत्तीसगढ़ ने पहले पारी में 252 और दूसरी पारी में 149 रन बनाए थे। महाराष्ट्र ने पहली पारी में 217 और दूसरी पारी में 149 रन बनाए। पृथ्वी शॉ का विकेट शशांक और सिद्धेश वीर का विकेट ऋषि शर्मा को मिला।

### शॉ ने पहली पारी में लगाया था शतक



मुंबई से महाराष्ट्र स्विच करने के बाद पृथ्वी शॉ का यह पहला मैच था। शॉ ने पहली पारी में 141 गेंद पर 111 रन बनाए। ऋतुराज गायकवाड़ दोनों पारी में फेल रहे। पहली पारी में उन्होंने 1 रन बनाए। दूसरी पारी में वह छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए, लेकिन छाप नहीं छोड़ पाए। गायकवाड़ ने 11 रन बनाए।

### जेवलिन थ्रो

# डायमंड लीग फाइनल्स में जगह पक्की ब्रसेल्स में हिस्सा नहीं लेंगे चोपड़ा



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

डायमंड लीग फाइनल्स में जगह पक्की करने के बाद भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा इस प्रतिष्ठित सीरीज के शुक्रवार को बेल्जियम के ब्रसेल्स में होने वाले अंतिम चरण में हिस्सा नहीं लेंगे। डायमंड लीग की 14 प्रतियोगिताओं में से चार में पुरुष भाला फेंक को जगह मिली है।

### पार किया 90 मीटर का जादुई आंकड़ा

नीरज ने सिर्फ दो प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया लेकिन स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख में 28 अगस्त को होने वाले डायमंड लीग फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने में सफल रहे। इस भारतीय खिलाड़ी ने 16 अगस्त को सिलेसिया चरण में भी हिस्सा नहीं लिया था। भारत के 27 वर्षीय गत विश्व चैंपियन नीरज ने मई में दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर के प्रयास के साथ 90 मीटर का जादुई आंकड़ा पार किया था लेकिन जर्मनी के जूलियन वेबर के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे। उन्होंने इसके बाद जूनर में 88.16 मीटर के प्रयास से पेरिस डायमंड लीग का खिताब जीता। ब्रसेल्स चरण के बाद शीर्ष छह खिलाड़ी ज्यूरिख में होने वाले डायमंड लीग फाइनल्स में जगह बनाएंगे।

### एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप

# सौरभ-सुरुचि की जोड़ी ने एयर पिस्टल में जीता कांस्य पदक

एजेंसी ▶▶| सेंट लुई

सौरभ चौधरी और सुरुचि इंदर सिंह की जोड़ी ने एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में चीनी ताइपै को हराकर 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम वर्ग का कांस्य पदक जीता। दोनों ने लियू हेंग यू और सियेह सियांग चेन को 17-9 से हराया। इससे पहले मनु भाकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में व्यक्तिगत वर्ग में कांस्य पदक जीता था।

- चीनी ताइपै को 10 मीटर एयर पिस्टल में हराया



### क्वालीफाइंग दौर में किया पांचवां स्थान हासिल

भारतीय जोड़ी ने क्वालीफाइंग दौर में पांचवां स्थान हासिल किया जब सुरुचि ने 292 और सौरभ ने 286 स्कोर किया। दोनों का कुल स्कोर 578 रहा और आठ टीमों के पदक दौड़ में प्रवेश के समय वे पांचवें स्थान पर थे। इस साल चार विश्व कप पदक जीत चुकी सुरुचि ने क्वालिफिकेशन दौर में परफेक्ट 100 के साथ शुरुआत की। दूसरे में 94 और तीसरे में 98 स्कोर किया। चौधरी का स्कोर 95, 96 और 95 रहा।

### सऊदी क्रिकेट महासंघ और अमेरिकी लीग में करार

# 128 वर्ष बाद ओलंपिक में वापसी करेगा क्रिकेट

एजेंसी ▶▶| ह्यूस्टन




सऊदी अरब क्रिकेट महासंघ (एसएसीएफ) और डलास स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट लीग (एनसीएल) ने 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों को ध्यान में रखते हुए जमीनी स्तर पर क्रिकेट को मजबूत करने और खिलाड़ियों के लिए सुगम राह तैयार करने के लिए साझेदारी की घोषणा की है। लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलों से क्रिकेट 128 वर्ष बाद इस खेल महाकुंभ में वापसी करेगा।

### अगली पीढ़ी के पेशेवर खिलाड़ियों को तैयार करना

यह साझेदारी स्कूल और सामुदायिक कार्यक्रमों, कोचिंग और अंपायरिंग प्रमाणन, तकनीकी विशेषज्ञता के आदान-प्रदान और उत्तरी अमेरिका में एनसीएल कार्यक्रमों के माध्यम से सऊदी अरब के खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर केंद्रित होगा। इनमें कॉलेजिएट क्रिकेट लीग और पाथ टू क्रिकेट प्रो टैलेंट हंट शामिल हैं, जिनका उद्देश्य अगली पीढ़ी के पेशेवर खिलाड़ियों को तैयार करना है।

### दो देशों को जोड़ने वाला सेतु

एनसीएल के अध्यक्ष अरुण अग्रवाल ने कहा, 'यह क्रिकेट के प्रति साझा जुनून और इसके भविष्य के लिए एक दृष्टिकोण वाले दो देशों को जोड़ने वाला सेतु है। हम युवा खिलाड़ियों के लिए स्थानीय स्तर से लेकर विश्व मंच तक पहुंचने के वास्तविक अवसर पैदा कर रहे हैं।' सऊदी अरब में हाल के वर्षों में क्रिकेट में लोगों की दिलचस्पी काफी बढ़ी है। एसएसीएफ ने कहा कि एनसीएल के साथ साझेदारी से विकास कार्यक्रमों में तेजी आएगी, जिससे उभरती प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचने में मदद मिलेगी।






## खबर संक्षेप



### नारी शक्ति ने शिव मंदिर में की रामसत्ता

**औबेदुल्लागंज**। भोजपुर नारी शक्ति प्रभात फेरी की अध्यक्ष आरती यादव और संध्या दुबे द्वारा अर्जुन नगर शिव मंदिर में रामसत्ता समापन हुआ। इस कार्यक्रम में मंडल और अर्जुन नगर की बहनों ने सहयोग किया। रामसत्ता गुरुवार को 2 बजे से मंडी शिव मंदिर पर शुरू होगी। शनिवार को गणेश चौराहा रोड अर्जुन नगर डेरी के पास पूजा लोधी एवं मंडल की ओर से एक और रामसत्ता प्रारंभ होगी। इसमें बड़ी संख्या में बहनें पहुंच कर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

### सुरजीत एवं चौरसिया का मनाया जन्मदिन



**औबेदुल्लागंज**। भाजपा नेता सुरजीत सिंह बिल्ले, चौरसिया समाज के अध्यक्ष एवं भाजपा नेता धर्मेंद्र चौरसिया का बुधवार को जन्मदिन काली मंदिर रेहटी रोड पर मनाया गया। इस अवसर पर पौधरोपण भी किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा नेता नरेंद्र शर्मा, बचन सिंह लोधी, राजकुमार लोधी, मोहन योगी, भवानी सिंह, सूरज धर्मेंद्र चौरसिया, इंग्लिश यादव, पंडित अरुण भावसार, विक्रम यादव आदि उपस्थित थे।

### नवनियुक्त कांग्रेस जिला अध्यक्ष का किया स्वागत



**औबेदुल्लागंज**। पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष महेश जैन के नेतृत्व में नव नियुक्त कांग्रेस के जिला अध्यक्ष देवेंद्र पटेल का बुधवार को भव्य स्वागत किया। भोजपुर क्षेत्र के सभी कांग्रेसियों को उनसे मिलाया। संजय सिंह चौहान, दुर्गेश यादव, आशीष गौड़, महेंद्र धाकड़, कमलेश लोधी, संजय मदान सहित कई कांग्रेसियों ने मुलाकात की।

### कांग्रेस के युवा नेता नीरज का मनाया जन्मदिन



**औबेदुल्लागंज**। कांग्रेस के युवा नेता और समाजसेवी नीरज वासवानी का बुधवा को जन्मदिन पूर्व शिक्षा मंत्री राजकुमार पटेल ने उनके प्रतिष्ठान पर पहुंचकर केक कटवा कर मनाया। इस मौके पर संजय सिंह चौहान, पंकज नागरानी, व्यापारी महासंघ अध्यक्ष जगदीश चंदानी, सिंधी समाज के अध्यक्ष रमेश वासवानी आदि मौजूद रहे।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 2738 | | |
| दिनः | 399 | 14 | 770 |
| रातः | 245 | 15 | 168 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 448 | 60 | 127 |
| रातः | 248 | 48 | 260 |

## लुटेरा गिरफ्तार, चोरी और लूट की पांच वारदात का खुलासा

चूनाभट्टी, हबीबगंज से चुराए थे दो वाहन, चोरी की बाइक से की थी लूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हबीबगंज पुलिस ने शातिर लुटेरे को गिरफ्तार कर उससे चोरी और झपटमारी की पांच वारदातों का खुलासा किया है। आरोपी ने चूनाभट्टी से एक स्कूटर चुराया था। इसके अलावा हबीबगंज से बाइक चुराई थी। चोरी की बाइक से आरोपी ने सलैया में झपटमारी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी ने हबीबगंज में झपटमारी की एक घटना और गोविंदपुरा में लगातार दो घटनाओं को अंजाम देने की बात स्वीकारी है। आरोपी से अपराध के संबंध में पूछताछ की जा रही है। आरोपी से स्कूटर, बाइक सहित साढ़े चार लाख रुपए का माल बरामद किया गया है।

थाना प्रभारी संजीव चौकसे ने बताया कि इलाके में हुई झपटमारी की घटना के बाद संदिग्धों



की धरपकड़ की जा रही है। इसी दौरान चैकिंग के समय मेट्रो वॉक की तरफ से एक युवक पैदल आते हुए नजर आया। पुलिस की नजर पड़ते ही आरोपी ने भागने का प्रयास किया। वह भाग पाता इससे पहले ही पुलिस ने दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम महेन्द्र उर्फ मोनू माहौर (40) प्रिंयका नगर कोलार रोड बताया। संदेह के आधार पर आरोपी से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि 15 दिन पहले उसने सेंट जोसफ स्कूल को-एड के पास से रेड मी 14 प्रो मोबाइल फोन झपटा था। उसने बताया कि हबीबगंज इलाके से उसने एक बाइक चोरी की थी।

इसी चोरी की बाइक से एक्टिवा सवार सीआईएसएफ जवान की पत्नी के हाथ बैग झपटा था। बैग में चार से पांच हजार रुपए की नगदी और महत्वपूर्ण दस्तावेज थे। थाने लाकर अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ की गई तो उसने चूनाभट्टी से स्कूटर चुराने की बात कही। इसके अलावा गोविंदपुरा में दो मोबाइल झपटने की बात स्वीकारी। आरोपी से अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ की जा रही है।

### नगदी, जेवरात सहित एक लाख दस हजार का माल चोरी

## त्रिशताब्दी एक्स. में महिला का पर्स चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी से गुजरने वाली ट्रेनों में चोरी की वारदात थमने का नाम नहीं ले रही है। त्रिशताब्दी एक्सप्रेस में नागपुर से इंदौर की यात्रा कर रही महिला का लेडिज पर्स किसी चोर ने चुरा लिया। पर्स में दस हजार रुपए की नगदी और करीब एक लाख रुपए के जेवर थे। जीआरपी भोपाल ने प्रकरण दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

जीआरपी ने बताया कि मनीषा चौहान पति मानसिंह चौहान (51) ग्राम कठोरा तहसील कसरावद जिला खरगोन में रहती हैं। वह त्रिशताब्दी एक्सप्रेस में नागपुर से इंदौर की यात्रा कर रही थी। यात्रा के दौरान खाना खाने के बाद वह सो गई। 2 बजे के आसपास उनकी नींद खुली तो सीट पर रखा उनका लेडिज पर्स चोरी हो चुका था। कोच में तलाश करने पर भी पर्स नहीं मिला। पर्स में एक सोने का मंगलसूत्र, जिसमें पैंडल व 18 मोती थे, जिसकी कीमत करीब 25 हजार रुपए थी। इसके अलावा छोटा मंगलसूत्र जिसमें पैंडल 8 मोती थी, जिसकी कीमत 18 हजार रुपए और एक जोड़ कान की सोने की झुमकी करीब 35 हजार रुपए की साथ ही एक जोड़ चांदी की पायल करीब दस हजार रुपए की और नगदी 10 हजार रुपए अज्ञात चोर पर्स सहित चुराकर ले गया।

### इंदौर नागपुर एक्सप्रेस में महिला का पर्स चोरी

भंडारा, महाराष्ट्र निवासी अर्शलन शेख (33) ने जीआरपी में शिकायत करते हुए बातया कि वह इंदौर नागपुर एक्स. अपनी मां अंजुम अकील शेख के साथ इंदौर से नगापुर की यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान मां ने लेडिज पर्स सिरहराने रख लिया। भोपाल आने के 10 मिनट पहले नींद खुली तो मां का पर्स नहीं था। पर्स में दो मोबाइल और सोने के जेवर सहित पचास हजार रुपए का सामान था, जो कोई अज्ञात चोर चुराकर ले गया।

### रज्जाक खान सहित आउटसोर्स कर्मचारियों पर प्रकरण दर्ज

## एमडी ड्रग्स फैक्ट्री का बिना निरीक्षण व निर्धारित शुल्क लिए लगाया मीटर

धोखाधड़ी और अमानत में खयानत का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

डायरेक्टोरेट रेवेन्यु इंटेलीजेंस (डीआरआई) की एमडी ड्रग्स बनाने वाले मकान पर कार्रवाई के बाद अब ईंटखेड़ी पुलिस ने विद्युत वितरण कंपनी के दो आउटसोर्स कर्मचारियों पर अमानत में खयानत और धोखाधड़ी की कार्रवाई की है। उक्त कार्रवाई मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी के ईंटखेड़ी वितरण केंद्र के सहायक प्रबंधक की शिकायत पर की गई। प्रकरण में रज्जाक खान को भी आरोपी बनाया गया है। दरअसल, ड्रग्स फैक्ट्री को आउटसोर्स कर्मचारियों की मिलीभगत से रोशन किया गया था। फैक्ट्री का निरीक्षण किए बिना निर्धारित शुल्क अपनी जेब में रखकर बिजली का मीटर मुहैया करा दिया गया था।



### रहवासी क्षेत्र में खोल ली थी फैक्ट्री

विदिशा निवासी रज्जाक ने जुलाई की दूसरे सप्ताह में एग्रीमेंट कराने के बाद मकान खरीदा था। महज 590 वर्गफीट का मकान था। इसमें दो कमरे में आरोपी अब्दुल फैजल के साथ मिलकर मशीनरी और कच्चा माल इकट्ठा कर रहे थे। इस कच्चे माल से एमडी ड्रग्स बनाने का प्लान था। देहात एसपी प्रमोद सिन्हा ने बताया कि नशे से दूरी अभियान के तहत हमारे द्वारा देहात इलाके में आने वाले औद्योगिक क्षेत्र की फैक्ट्री और गोदामों की जांच की थी। अभी हाल ही में मकान लेकर आरोपियों ने नशे का कारोबार शुरू कर दिया था। आरोपियों ने रहवासी इलाके में अवैध कारोबार शुरू कर दिया था।

### 4 अगस्त को लगाया था मीटर

ईंटखेड़ी पुलिस ने बताया कि ईंटखेड़ी वितरण केंद्र में नीरज भारती सब-स्टेशन ऑपरेटर है और मनीष मीणा लाइन हेल्पर है। दोनों ही आउटसोर्स कर्मचारी हैं। अब्दुल रज्जाक द्वार ईंटखेड़ी वितरण कंपनी में नए विद्युत कनेक्शन के लिए आवेदन दिया था। कर्मचारियों द्वारा 4 अगस्त को एचपीएल कंपनी का मीटर लगाकर बिजली की सप्लाई शुरू कर दी। नवीन विद्युत कनेक्शन देने से पहले निरीक्षण नहीं किया गया। साथ ही निर्धारित शुल्क 6 हजार 21 रुपए भी कंपनी में जमा नहीं कराया गया। कंपनी के नियमानुसार कनेक्शन से पहले फैक्ट्री का निरीक्षण किया जाना था और शुल्क कंपनी में जमा करना था। शुल्क कंपनी में जमा नहीं करते हुए लाइन हेल्पर मनीष मीना के साथ मिलकर सब स्टेशन ऑपरेटर नीरज भारती ने कंपनी को आर्थिक नुकसान पहुंचाया है। यह सब आवेदक रज्जाक खान निवासी जगदीशपुर की मिलीभगत से हो सका। बिना शुल्क जमा किए बिजली की सप्लाई करने पर आवेदक रज्जाक खान द्वारा बिजली की चोरी की गई है। लिहाजा उसे भी आरोपी बनाया गया है।

### डीआरआई कर रही जांच

उल्लेखनीय है कि डीआरआई ने जगदीशपुर स्थित एक फैक्ट्री से 92 करोड़ की मेफेड्रोन पकड़ी गई है। शनिवार देर रात टीम ने जगदीशपुरा (इस्लामनगर) में छापा मारा था। यहां से 61.20 किलो लिक्विड मेफेड्रोन और 541 किलो से ज्यादा कच्चा माल जब्त किया गया। मौके से ड्रग्स के साथ रज्जाक खान को डीआरआई की टीम ने पकड़ा था। कार्रवाई में जो 541 किलो कच्चा माल मिला है, उसमें मेथिलीन डाइक्लोराइड, एसीटोन, हाइड्रोक्लोरिक एसिड, मोनोमेथिलमाइन और 2-ब्रोमो शामिल थे। ये वही रसायन हैं, जिनसे एमडी ड्रग्स बनता है। रिमांड के दौरान आरोपियों से उनके अन्य शहरों में नेटवर्क का भी पता लगाया जा रहा है।

### कटारा हिल्स थाना पुलिस ने छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया

## आवारा कुत्तों के भौंकने पर प्रोफेसर ने महिला का हाथ पकड़कर घर बाहर निकाला, की बदसलूकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आवारा कुत्तों के भौंकने पर पॉश कॉलोनी में रहने वाले प्रोफेसर ने कॉलोनी की महिला से बदसलूकी कर दी। पुलिस ने उक्त मामले में महिला की शिकायत पर प्रोफेसर के खिलाफ छेड़छाड़ की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।



दरअसल, महिला आवारा कुत्तों को खाना खिलाती है। उनके घर के सामने प्रोफेसर को कुत्तों ने भोंक दिया। इससे नाराज प्रोफेसर महिला के घर के बाउंड्री के गेट पार करते हुए मुख्य गेट तक पहुंच गए। गेट खटखटाने पर महिला ने गेट खोला तो उन्होंने हाथ पकड़कर बदसलूकी कर दी।

पुलिस के अनुसार इलाके की एक पॉश कॉलोनी में रहने वाली महिला निजी स्कूल में टीचर थी। इन दिनों वह घर पर ही रहती हैं और ट्यूशन पढ़ाती है। मंगलवार शाम वह घर पर थी। इसी बीच मोहल्ले में रहने वाले नारायण गुप्ता का उनके घर के सामने से निकलना हुआ। नारायण गुप्ता बाइक पर थे और महिला के घर सामने कुत्तों ने उन्हें भोंका। इससे वह नाराज हो गए और महिला के घर की बाउंड्री का गेट खोलकर वह अंदर मुख्य गेट पर पहुंचे। उन्होंने गेट खटखटाया। गेट खटखटाने पर महिला ने गेट खोला तो नारायण गुप्ता भड़क गए और उनका हाथ पकड़कर बाहर खींचकर लाए। वह कहने लगे कि इन कुत्तों को तुम खाना खिलाती हो यह काटने के लिए दौड़ रहे हैं। इसी बात को लेकर महिला से उनका विवाद बढ़ गया। महिला ने घटना की सूचना तत्काल कटारा हिल्स थाने पहुंचकर की। पुलिस ने प्रोफेसर नारायण गुप्ता पर छेड़छाड़ की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## पुलिस ने 11 पेटी देशी शराब सहित वाहन किया जब्त

### कुल 10 लाख 55 हजार का माल पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नजीराबाद

भोपाल देहात अंतर्गत थाना नजीराबाद पुलिस ने मंगलवार को 11 पेटी देशी शराब से भरे हुए लोडिंग वाहन को पकड़ा। थाना प्रभारी अरुण शर्मा ने बताया कि मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की एक लोडिंग वाहन अवैध शराब परिवहन करते हुए बैरसिया की ओर से नजीराबाद की ओर आ रहा है, जिसके बाद थाना प्रभारी ने उच्च अधिकारियों को अवगत कराया।

उच्च अधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारी ने टीम गठित कर खजुरिया जोड़ पर घेराबंदी कर संदिग्ध वाहन को रोक कर तलाशी ली, जिसमें 11 पेटी देशी मदिरा



मिली, जिसकी कुल कीमत 55,000 है। पूछताछ पर आरोपी ने अपना नाम जितेंद्र कुशवाहा पुत्र सुंदरलाल (37) निवासी वार्ड 12 अदालत के पास बैरसिया बताया। पुलिस ने देशी शराब और लोडिंग एलपीडी वाहन वाहन क्र - एमपी 04 वाएएल 2430 कीमत 10 लाख रुपए को जब्त कर प्रकरण दर्ज किया। कुल कीमत 10 लाख 55 हजार का माल जब्त किया।

## होने वाली नई नियुक्ति को लेकर चर्चा गर्म

**औबेदुल्लागंज**। नगर परिषद के गलियारों में पार्षदों एवं भाजपा नेताओं में हो रही चर्चा कि वर्तमान भाजपा जिला महामंत्री फिर से महामंत्री बन सकते हैं। जन भागीदारी अध्यक्ष के लिए लोकेश परमार एवं एल्डरमैन के लिए दीपक परमार का नाम आने से लोगों ने खुशी जाहिर की। वहीं लोकेश परमार का नाम आने से सनोटी एवं नगर परिषद दफ्तर में मिठाई भी बाट गई है।

बुधवार को पूरे दिन नव नियुक्तियों को लेकर चर्चा गर्म रही। फोन पर महामंत्री और जन भागीदारी अध्यक्ष के नाम आने पर लोकेश परमार एवं एल्डरमैन में नाम आने से दीपक परमार को फोन पर बधाई देने वालों का ताता लगा रहा।



### आदिल सिद्दीकी एवं सेंकी मदान का किया सम्मान

**औबेदुल्लागंज**। आदिल सिद्दीकी जिला अल्पसंख्यक अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता सेंकी मदान का सम्मान खंडवा में कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रतिभा रघुवंशी ने एवं ग्रामीण अध्यक्ष उत्तम पाल ने किया।

## संचार क्रांति के जनक पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी का मनाया जन्मदिन



**संतनगर**। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में बुधवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य रूप ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पार्षद अशोक मारण, उप ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम लालवानी, प्रवक्ता महेश गुरबानी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राज मनवानी, रामभरोसे भगवानिया, विशणु मारण, सुरेश सिंगरोली, प्रकाश विधानी, जगदीश सांवले, अशोक गोकलानी, नरेंद्र केवलानी, लक्ष्मदास वासवानी, राजकुमार धानुक, आत्माराम सूर्यवंशी, राजू अहिरवार्र, राजू जोशी, बद्री प्रसाद पटेल, रामचरण सिंह, राजेश रधुवंशी सहित कांग्रेस जन उपस्थित थे। इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष एवं पार्षद अशोक मारण ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी संचार क्रांति के जनक थे। उन्होंने अपने कार्यकाल में वोट देने का अधिकार 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष किया था। उनकी कुर्बानी को भुलाया नहीं जा सकता।

## नवविवाहिता की आत्महत्या के दोषी पति व सास को 3 वर्ष का कारावास

**भोपाल**। नवविवाहिता को दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित कर उसे फांसी लगाकर आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने वाले आरोपी पति धर्मेंद्र चौहान और सास प्रेमबाई चौहान को विशेष न्यायाधीश नीलू संजीव श्रृंगी ऋषि ने भादसं की धारा-498 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 3 वर्ष के सश्रम कारावास और 10,000 रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया है।

मृतिका के जेठ मनोज और जेठानी को न्यायाधीश ने साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया। अपर जिला लोक अभियोजक प्रीति श्रीवास्तव द्वारा प्रकरण में अभियोजन की ओर से पैरवी की गई थी। 6 मई 2022 को शिवनगर कमला नगर मोहल्ला में नवविवाहिता स्नेहा चौहान ने पति, सास और जेठ व जेठानी की दहेज की मांग को लेकर दी जा रही प्रताड़ना से प्रताड़ित होकर फांसी लगाकर कर आत्महत्या कर ली थी।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाई स्व. राजीव गांधी की जयंती

**औबेदुल्लागंज**। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती मनाई। कार्यक्रम में कांग्रेस पार्षद राजेश खटीक, संजय सिंह चौहान, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष परेश नागर, विनोद इरपाचे, राजू मेहरा, हरजीत सिंह मंगू, अनिल प्रजापति, कमलेश लोधी आदि लोग उपस्थित रहे।






हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930